www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-10, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 09.03.2020 से 15.03.2020

जय किसान फसल ऋण माफी योजना

मध्यप्रदेश में कृषि के क्षेत्र में जल्द ही लाएंगे क्रांति - मुख्यमंत्री

आगर-मालवा जिले के 9 हजार 448 किसानों के 135 करोड़ रुपये के फसल ऋण माफ

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ आगर-मालवा जिले में जय किसान फसल ऋण माफी योजना के तहत कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुये।

आगर-मालवा, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने आगर-मालवा जिला मुख्यालय पर आयोजित जय किसान फसल ऋण माफी कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में पिछले 14 महीनों में कृषि के क्षेत्र में भारी परिवर्तन आया है। राज्य सरकार ने जय किसान फसल ऋण माफी योजना लागू कर पहले चरण में ही 21 लाख से अधिक पात्र किसानों के ऋण माफ कर अपनी नेकनीयती का सशक्त प्रमाण दिया है। श्री कमल नाथ ने बताया कि इस योजना के तृतीय चरण में आगर-मालवा जिले के 9448 किसानों के करीब 135 करोड़ रुपये के फसल ऋण माफ किये गये हैं।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि नौजवान और किसान राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा काम चाहता है। युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिये हम प्रदेश में निवेश लाने में काफी हद तक सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में भी राज्य सरकार ने कारगर पहल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में जल्द ही क्रांति लाएंगे। श्री कमल नाथ ने कहा कि आगर-मालवा में विकास का नया इतिहास लिखा जायेगा।

आगर-मालवा में जल्द स्थापित होगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट

श्री कमल नाथ ने विधायक श्री राणा विक्रम सिंह की मांग पर घोषणा की कि आगर-मालवा जिले में शीघ्र ही फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति लोगों को जोड़कर एक साथ रखने की है। अनेकता में एकता हमारे देश की पहचान है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा दुनिया में कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां विभिन्न धर्म, भाषा और त्योहार हों। श्री कमल नाथ ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और इतिहास को सुरक्षित रखना है।

हर घर-नल जल योजना

मुख्यमंत्री ने आगर-मालवा जिले के ग्रामीण इलाकों में हर घर-नल जल योजना से पेय जल पहुंचाने के लिये 604 करोड़ रुपये की योजना का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने आगर-मालवा जिले में कुल 865 करोड़ रुपये लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 686 करोड़ रुपये लागत के कार्यों का भूमि-पूजन और 180 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसमें जिले के ग्रामीण अंचलों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिये 604 करोड़ रुपये की योजना भी शामिल है। आगर-मालवा जिला प्रदेश का पहला जिला है, जहां इतने बड़े पैमाने पर नल-जल योजना के लिये धनराशि स्वीकृति की गई है।

अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को 150 करोड़ रुपये मुआवजा राशि वितरित

जिले के प्रभारी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश में पिछले 14 महीनों में जनकल्याण के जितने काम हुए हैं, उतने पिछले 15 वर्षों में नहीं हुए। उन्होंने बताया कि आगर-मालवा जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को नुकसान की भरपाई के लिये 150 करोड़ रुपये मुआवजा राशि का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में 30 आधुनिक गौ-शालाएं स्थापित की गई हैं और 50 नई गौ-शालाएं भी स्थापित की जाएंगी।

कुण्डलिया डैम से मिलेगा आगर-मालवा के 480 गांवों को पानी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने कहा कि कुण्डलिया डैम से पानी लाकर उसे शुद्ध किया जायेगा और आगर-मालवा जिले के 480 गांवों के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।

राम पथ वन गमन निर्माण योजना को पूरा करेगी सरकार

जबलपुर, राम पथ वन गमन निर्माण योजना को सरकार पूरा करेगी। इस कार्य में साधु-संतों से सहयोग देने की अपील की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने जबलपुर में मां नर्मदा गौ कुंभ के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही हमने आध्यात्म विभाग का गठन किया। जिसके जरिए हम प्रदेश के प्राचीन मंदिरों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि गौ वंश का संरक्षण करेंगे। पिछले 14 माह में मध्यप्रदेश के हर जिले में गौ-शालाओं का निर्माण हो रहा है। हमारा प्रदेश पूरे देश में एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां इतनी बड़ी संख्या में शासकीय गौ-शालाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में हमारी पहचान और ताकत हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक शक्ति के कारण है। यही वह आधार है जिसके कारण हम अनेकता के साथ एक झंडे के नीचे खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि हम अपनी इस संस्कृति, मूल्यों, सभ्यता और आध्यात्मिक शक्ति से युवा पीढ़ी को कैसे जोड़ें। साधु-संतों ने सदैव देश को दिशा दी है और मार्गदर्शन दिया है। मैं सभी साधु संत समाज से अपील करता हूँ कि वे देश की भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और उसकी महानता को अपनाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा गौ-कुंभ के द्वारा प्रदेश की जनता को सर्वांगीण विकास का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने अपेक्षा की है कि अगले साल होने वाला मां नर्मदा गौ-कुंभ और अधिक विशाल होगा।

वित्त मंत्री श्री तरुण भनोत ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया कि उनके कार्यकाल में राम वन गमन पथ के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, गौ-शालाओं में दिये जाने वाले चारे का दाम 3 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये किया गया। नर्मदा रिवरफ्रंट बनाने के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान और ग्वारीघाट गुरुद्वारा सर्वांगीण विकास के लिए 20 करोड़ रुपये एवं शासकीय भूमि प्रदान की गई।

जगद्गुरु श्यामदेवाचार्य महाराज ने कहा कि मां नर्मदा गौ कुंभ का इतना विशाल और भव्य आयोजन सरकार के सहयोग के कारण ही संभव हुआ। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ को धन्यवाद दिया।

जय किसान फसल ऋण माफी योजना

आवेदक को सी.एम. हेल्पलाइन/ऋण माफी पोर्टल पर मिलेगी स्टेटस रिपोर्ट

भोपाल, राज्य शासन ने जय किसान फसल ऋण माफी योजना में आवेदकों को उनके आवेदन की वर्तमान स्थिति की जानकारी सी.एम. हेल्पलाइन/ऋण माफी पोर्टल www.cmlws.mp.online.gov.in के माध्यम से दिये जाने का निर्णय लिया है। प्रमुख सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री अजीत केसरी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एम.पी. ऑनलाइन को इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

दिशा-निर्देशों के अनुसार एम.पी. ऑनलाइन संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास तथा सी.एम. हेल्पलाइन के अधिकारियों से समन्वय कर तकनीकी बिन्दुओं के संबंध में जानकारी भेजने और प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। इस व्यवस्था में आवेदक द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन पर फोन करके अपना ऋण माफी सीरियल नंबर/मोबाइल नंबर बताये जाने पर उसे प्रकरण की वर्तमान स्थिति बताई जाएगी। आवेदक से प्राप्त जानकारी से संतुष्ट नहीं होने पर उसका आवेदन एल-1 श्रेणी अर्थात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पास दर्ज किया जाएगा। वहां भी 15 दिन में निराकरण नहीं होता है, तो आवेदन उप संचालक के पास भेजा जाएगा।

उप संचालक द्वारा 15 दिन में निराकरण नहीं किये जाने पर जिला कलेक्टर के पास आवेदन भेजा जाएगा। यदि कलेक्टर द्वारा 15 दिन की समय-सीमा में भी आवेदन का निराकरण नहीं होता है, तो आवेदन संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास के पास भेजा जाएगा।

सी.एम. हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों की अद्यतन सूचना जय किसान फसल ऋण माफी योजना के तहत वर्गीकृत की जाएगी। इस योजना की मॉनीटरिंग अलग से की जाएगी।

आदिवासी क्षेत्रों में 7 हजार से अधिक लोगों को मिला रोज़गार

भोपाल, मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में खादी-ग्रामोद्योग, रेशम, हस्त-शिल्प और हाथकरघा की गतिविधियों से जोड़कर 7 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोज़गार के अवसर मिले हैं। आदिवासी उप-योजना मद में कुटीर एवं ग्रामोद्योग की गतिविधियों में 13 करोड़ 11 लाख रुपये की राशि खर्च की गई, जिससे 127 हितग्राहियों को स्व-रोज़गार से जुड़ी विधाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आदिवासी वर्ग के करीब 600 कारीगरों और शिल्पियों को स्वयं का रोज़गार स्थापित करने के लिये बैंक से ऋण दिलाये गये।

आदिवासी उप-योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को मार्जिन मनी की राशि 4 करोड़ 61 लाख रुपये राज्य सरकार के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। हस्त शिल्प विकास निगम द्वारा 16 आदिवासी जिलों में 825 शिल्पियों और बुनकरों को प्रशिक्षण दिलवाया गया।

इसी दौरान आदिवासी क्षेत्र में टसर रेशम विकास और विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत 4 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि खर्च कर 4 हजार 228 हितग्राहियों को प्रशिक्षण देकर रेशम पालन की गतिविधियों से जोड़ा गया है।

राष्ट्रीय उद्यानों में आने वाले विदेशी पर्यटकों के स्वास्थ्य की जांच की जाए

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा कि नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और पूर्व से ही सभी जिलों में इसकी तैयारियां पुख्ता करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में जितने भी राष्ट्रीय उद्यान हैं उनके प्रवेश द्वार पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो और विदेशी पर्यटक विशेषकर अलर्ट वाले देशों से आने वाले पर्यटकों के स्वास्थ्य की पूरी जांच की जाए। मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस का अभी तक कोई भी पॉजिटिव प्रकरण नहीं पाया गया है।

श्री कमल नाथ ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही आवश्यकता होने पर अतिरिक्त सावधानी भी बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को लेकर जनता में जागरुकता लायी जाए। साथ ही जनता को यह भी बताया जाए कि मध्यप्रदेश में इसका कोई प्रकोप नहीं है, ताकि लोग अनावश्यक चिंतित न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा जाए कि वे अपने क्षेत्र में पर्याप्त व्यवस्थाएं रखें और इस बीमारी से ग्रसित मरीज पाए जाने पर सभी आवश्यक सावधानी बरतें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों के साथ ही विशेषकर राष्ट्रीय उद्यानों में इस बीमारी को लेकर विशेष सावधानी बरती जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

29 फरवरी

एचएएल ने इसरो को सौंपा पचासवां एल-40 चरण

● हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को जीएसएलवी-एमकेआईआई का 50वां एल-40 चरण सौंपा है। एल-40 चरण को अगस्त 2020 में होने वाली जीएसएलवी एमकेआईआई एफ-12 उड़ान के लिये विकसित किया गया है। एचएएल के एयरो स्पेस डिवीजन ने अभी तक एकीकृत और जीएसएलवी एमकेआईआई की 12 उड़ानों के लिये एल-40 चरणों की आपूर्ति की है। एचएएल एकीकृत एल-40 चरण के अलावा इसरो के लिये विभिन्न उपग्रहों को ले जाने वाले रॉकेटों की संरचनाओं का निर्माण कर रहा है।

● लीबिया के तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव डूब गई। हालांकि इस हादसे में कोई भी प्रवासी हताहत नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की माइग्रेशन एजेंसी के अनुसार, इस नाव में 35 प्रवासी सवार थे। ये प्रवासी लीबिया से तुर्की के रास्ते यूरोपीय देशों में जाने की कोशिश कर रहे थे। लीबिया के तटरक्षकों ने प्रवासियों के इलाज के बाद उन्हें वापस त्रिपोली भेज दिया है।

1 मार्च

श्रीलंका में जल्द कराए जा सकते हैं चुनाव

● श्रीलंका में एक बार फिर संसद भंग किये जाने के कयास लगाये जा रहे हैं। इससे

श्रीलंका में जल्द चुनाव किये जा सकते हैं। यह जानकारी श्रीलंका के एक शीर्ष मंत्री दिनेश गुणावर्धन ने दी। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटवाया राजपक्षे ने दिसंबर 2019 में अपने बड़े भाई महिंदा राजपक्षे को अगस्त 2020 में आम चुनाव होने तक कार्यवाहक मंत्रिमंडल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। अब राष्ट्रपति गोटवाया कानूनी रूप से संसद भंग कर सकते हैं।

● तुर्की और रूस के बीच बढ़ते तनाव के बाद तुर्की ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के नेतृत्व वाले शासन के ठिकानों पर हमला किया है। तुर्की ने सीरिया में रासायनिक हथियारों के एक ठिकाने को उड़ाने के साथ-साथ 48 सीरियाई सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। तुर्की का यह कदम उसके सैनिकों की मौत के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीरिया के इदलिब प्रांत में रूसी सेना के हमले में 33 तुर्की सैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

2 मार्च

अपाचे जैसा हेलीकॉप्टर बनायेगा एचएएल

● हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय सेना के लिये अपाचे जैसे लड़ाकू हेलीकॉप्टर बनायेगा। ये हेलीकॉप्टर 10 से 12 टन वजनी के होंगे और बेहद आधुनिक तथा शक्तिशाली होंगे। एचएएल के प्रमुख आर. माधवन ने बताया कि हेलीकॉप्टर निर्माण के लिये जमीनी स्तर पर काम शुरू हो गया है। इन हेलीकॉप्टरों का निर्माण वर्ष 2027 तक हो जायेगा।

● उत्तर कोरिया की सेना ने गुप्त स्थान पर सैन्याभ्यास किया है। इस अभ्यास के दौरान कई रॉकेट और मिसाइलें दागी गयीं। इस अभ्यास के दौरान उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन भी उपस्थित थे। उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी ने इस सैन्याभ्यास की फोटो जारी की है। एजेंसी के अनुसार, सैन्याभ्यास के दौरान स्थानीय आइलैंड को टारगेट बनाकर सफल हमले किये गये।

3 मार्च

हवाई यात्रा के दौरान यात्री कर सकेंगे वाई-फाई का इस्तेमाल

● यात्री अब हवाई यात्रा के दौरान वाई-फाई के जरिये इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय

ने हवाई यात्रा के दौरान वाई-फाई इंटरनेट पर लगी पाबंदी हटाने का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार, भारत में चल रही एयरलाइंस अपने यात्रियों को इंटरनेट चलाने की सुविधा दे सकती हैं। हवाई यात्री फ्लाइट में लैपटॉप, स्मार्टफोन, टैबलेट, स्मार्ट वॉच और ई-रीडर जैसी डिवाइस का उपयोग फ्लाइट मोड पर रखकर ही कर सकेंगे। विदेशों में विमानन कंपनियां अपने यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं।

● रूसी सेना ने सीरिया में विद्रोहियों को निशाना बनाकर एक बार फिर हवाई हमले किये हैं। इन हमलों में 11 नागरिकों की मौत हो गई है। रूस की इस कार्रवाई से सीरियाई सेना ने सरायकेब पर कब्जा जमा लिया है। इस हमले के बाद रूसी सेना ने कहा कि उसने दो प्रमुख राजमार्गों पर परिवहन और नागरिकों की सुरक्षा के लिये सरायकेब के अंदर सैन्य इकाइयों को तैनात किया है।

4 मार्च

ईरान में कोरोना वायरस के कारण 54 हजार से अधिक कैदी हुए रिहा

● कोरोना वायरस का कहर विश्व के अन्य देशों में बढ़ने लगा है। चीन के बाद ईरान में कोरोना वायरस के कई मामले सामने आ रहे हैं। कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिये ईरान में 54 हजार से ज्यादा कैदियों को अस्थाई तौर पर रिहा किया गया है। ईरान के न्यायपालिका प्रवक्ता घोलम हुसैन इस्माइली ने कहा कि इन कैदियों की जांच की गई है और इनके सैम्पल नेगेटिव पाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान के जेलों में कैदियों की संख्या बहुत अधिक है। जिन कैदियों को पांच वर्ष से अधिक सजा सुनाई गई है, उन्हें रिहा नहीं किया गया है।

● वायु प्रदूषण का प्रतिकूल असर अब मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। वायु प्रदूषण के कारण मनुष्य की उम्र औसतन 3 वर्ष तक घटी है। एक रिसर्च के अनुसार, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की 75 प्रतिशत मौत के लिये वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। रिसर्च के अनुसार, तंबाकू के सेवन से मनुष्य की उम्र 2.2 वर्ष तक घटती है, वहीं बीमारियों के कारण 6 से 7 माह तक उम्र कम होती है।

● अमेरिका में भीषण बर्फबारी से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अमेरिका के हैम्बर्ग में वर्ष 1970 के बाद 3 फीट बर्फबारी दर्ज की गई है। इस भीषण बर्फबारी के कारण हैम्बर्ग में पेड़-पौधे, मकान और सड़कें जम गई हैं। लगातार बर्फबारी से नॉर्थ मिशिगन से कनाडा तक 800 किलोमीटर क्षेत्र प्रभावित है। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने इस ठंड को मॉन्स्टर नाम दिया है।

5 मार्च

कनाडा ने ईरान से आने वाले यात्रियों के लिये जारी की एडवाइजरी

● कनाडा ने ईरान से आने वाले यात्रियों को 14 दिन के लिये खुद को घरों में सीमित रखने की एडवाइजरी जारी की है। कनाडा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कोरोना वायरस का प्रकोप ईरान में लगातार बढ़ रहा है। एडवाइजरी में कनाडाई नागरिकों को ईरान और इटली के उत्तरी क्षेत्र की अनावश्यक यात्रा करने से बचने का परामर्श दिया है। इन दोनों देशों में कोरोना संक्रमण के सैकड़ों मामले सामने आये हैं। ईरान में कोरोना वायरस के कारण 66 लोगों की मौत हो गई है, और डेढ़ हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हो गये हैं। वहीं कनाडा में भी 27 लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है।

● रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिये रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है। रेलवे ने पहियों के ब्रेक वाइंडिंग से पटरी चटकने की जानकारी को एकत्र करने के लिये ट्रेनों को व्हील इंपैक्ट लोड डिटेक्टर मशीनों से लैस किया है। रेलवे के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब रेलवे ऑस्ट्रेलियाई तकनीक पर काम कर रहा है। इस तकनीक की विशेषता है कि सफर के दौरान तेज गति से दौड़ रही ट्रेनों के पहियों का दबाव पटरियों के चटकने पर कंट्रोल रूम को अलर्ट कर देता है। यह तकनीक गतिमान, राजधानी और शताब्दी जैसी ट्रेनों के पहियों में लगाई जा चुकी है।

● उत्तराखंड सरकार ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की घोषणा की है। उत्तराखंड में अब ग्रीष्मकाल में राज्य सरकार का सारा कामकाज देहरादून की जगह गैरसैंण से संचालित होगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में उत्तरप्रदेश से पृथक हुये उत्तराखंड में देहरादून अस्थाई राजधानी बनाई गई थी। राज्य में गैरसैंण को काफी समय से राजधानी बनाये जाने की मांग थी।

6 मार्च

अमेरिका में सर्विलांस सिस्टम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा गया

● अमेरिका के उटाह राज्य में सभी सर्विलांस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ा गया है। एआई के जरिए बच्चों के अपहरण, एक्सीडेंट, शूटिंग और यातायात के नियमों के उल्लंघन जैसी घटनाओं की रियल टाइम जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। यह तकनीक उटाह की खुफिया एजेंसी बेंजो ने ईजाद की है। एजेंसी के अनुसार, लाइव टाइम इंटेलिजेंस नामक इस तकनीक से रियल टाइम में अपराधों की पहचान हो सकेगी तथा उन्हें रोकने या कम करने में पुलिस को भी मदद मिलेगी। एजेंसी ने उटाह सरकार के साथ इस तकनीक को लेकर 5 साल के लिये 20.7 मिलियन डॉलर (लगभग 151 करोड़ रुपये) का अनुबंध किया है। इस तकनीक से एजेंसी उटाह के 13 बड़े शहरों और 10 सबसे व्यस्त इलाकों की निगरानी करेगी।

● विश्व की अग्रणी टेक कंपनी गूगल का आर्टिकल रीडिंग फीचर रीड आउट एंड्रॉयड फोन यूजर्स के लिये 42 भाषाओं में शुरू हो गया है। गूगल कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस फीचर के जरिये यूजर्स वेब आर्टिकल को अपनी भाषा में सुन सकेंगे। इस फीचर को इस्तेमाल करने के लिये यूजर्स ब्राउजर पर बोलकर निर्देश भी दे सकते हैं।

● अमेरिका ने वर्ष 2019 में एच-1 बी वीजा के लिये दाखिल हर पांचवें आवेदन को खारिज कर दिया है। इससे भारतीय आईटी कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। यह जानकारी नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी एनजीओ द्वारा जारी एक रिपोर्ट में दी गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

छिंदवाड़ा जिले में 3 माह में बनी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की हैट्रिक

छिंदवाड़ा जिले में बच्चों और युवाओं द्वारा चित्रकला, भजन गायन और सामूहिक विवाह के क्षेत्र में तीन विश्व कीर्तिमान निर्मित हुए। यह सफलता अपने जिले को विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल स्थान पर रखने की भावना की परिचायक है।

छिन्दवाड़ा में कॉर्न फेस्टिवल, जो 15-16 दिसम्बर, 2019 को हुआ था, से संबंधित विषयों पर केंद्रित चित्रकला प्रतियोगिता में 7 दिसम्बर को 2 लाख 75 हजार स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक मक्का उत्पादन की छिन्दवाड़ा जिले की उपलब्धि और कॉर्न फेस्टिवल को प्रतिभागी बच्चों ने तूलिकाओं से कागज पर उतारा और कल्पनाओं के रंग भरे। एक साथ इतनी संख्या में एक ही समय चित्र बनाने के लिये छिन्दवाड़ा का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया।

इसके पश्चात दूसरा विश्व कीर्तिमान 6 जनवरी 2020 को बना जब राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की छिन्दवाड़ा यात्रा के 99 वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन...' के गायन में उत्साह से हिस्सा लिया। कुल 25 हजार बच्चों और अन्य लोगों ने एक साथ यह भजन प्रस्तुत किया।

जिले में तीसरा विश्व कीर्तिमान मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की मौजूदगी में बना जब 21 फरवरी को 3 हजार 353 जोड़ों का विवाह एक साथ सम्पन्न हुआ।

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
English Medium PRE + MAINS New Batch : 17 March'20
MPSI New Batch 16 March'20
SSC | BANK NEW BATCH Coming Soon
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुआं, इंदौर
6-A इंदपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
R-43750/2020

PATEL GROUP OF INSTITUTIONS, INDORE
ISO 9001:2008 & "A" GRADE CERTIFIED
Requirement of Faculties under DAVV College Code - 28 For the post of -
PRINCIPAL | PROFESSOR | ASSOCIATE PROFESSOR | ASSISTANT PROFESSOR in Hindi, English, Communication, Commerce, Management, B.Com (Computer, Tax, Insurance, Plain), B.Sc (Maths, Biology, Seed Technology, Physics, Chemistry, Botany, Zoology), BBA & MBA (Marketing, Finance HR, IT and Operations) in Patel Group of Institution, Patel College of Management & Patel College of Science & Technology
We also have requirement for Faculty & Lab Technicians in Civil, Mech., EC, CS, IT Departments
Accounts- Accounts Officer & Accounts Executive | Transport- Bus In-charge, Driver, Cleaner | Administration- Training & Placement Officer, Computer Operator, Librarian, Receptionist | Other- Security Guard, Supervisor, Plumber, Sweeper, Gardener, Peon.
Qualification & Salary As Per Norms
Send your resume within 7 days with all testimonials to - director.indore@patelcollege.com
hrindore@patelcollege.com | Contact - 0731-2437100, 8225046721, 9826307711
R-43751/2020

Teachers Required
Times Public School
Affiliated to CBSE
In front of Vaishali Nagar Damoh, E-mail: timespublicschools@gmail.com
Mob. 9926683318, 9841619624, 9993793940
Dynamic, Passionate and Experience Teachers for the following Subjects are required.

Post	Subject
Vice Principal - 01	All Subjects
TGT/PGT Each Subject - 02	English, Maths, Science, Social Science
PRT 4 Post	Arts/Science
Sport Officer - 02	B P Ed/M P Ed

Note: English Fluency and Experience in reputed school is mandatory.
Interested candidates can send your Resume by post or by Email within 15 days.
Salary will be commensurable with qualification and experience. Accommodation available.
Principal
R-43752/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 10, 09.03.2020 से 15.03.2020

● प्रबंध संचालक - पी. नरहरि ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कोरोना वायरस बचाव ही उपचार

कोरोना वायरस से बचाव के लिये सुरक्षित रहना ही पहला उपाय है। कोरोना वायरस संक्रमण वायरस है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को लगता है। कोरोना वायरस से ग्रस्त व्यक्ति के संपर्क में आने पर यह वायरस फैलता है। इससे बचने के लिये संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनायें और सर्दी, खांसी एवं बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखायें। मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। शासन ने सभी ड्रग इंस्पेक्टर्स को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दवा संस्थान और दुकान, दवाइयों और मास्क का अतिरिक्त भंडारण न करे। साथ ही एमआरपी से अधिक कीमत पर दवाइयों का विक्रय न करें। प्रदेश के सभी सैनिक केंद्रों से भी संपर्क रखा जा रहा है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर समन्वय के साथ कार्य किया जा सके। कोरोना वायरस से बचाव के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसके संबंध में सूचनायें प्रदर्शित की गयी हैं। अस्पतालों में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों का अलग से परीक्षण शुरू किया गया है। यदि किसी मरीज की या उससे संबंधित संपर्क वाले व्यक्ति की ट्रेवल हिस्ट्री है तो उसे निगरानी में रखा जा रहा है। इन सभी मरीजों के साथ सभी लोगों को बताया जा रहा है कि भारतीय संस्कारों के साथ अभिवादन करें, हाथ न मिलायें। नमस्ते, आदाब की संस्कृति को अपनायें, खांसते-छींकते समय मुंह पर कपड़ा रखें और कोहनी से नाक मुंह ढंके। सर्दी खांसी से संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनायें। सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें और 30 सेकेंड तक साबुन से हाथ धोएं। प्रदेश में सभी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को इस संबंध में निर्देशित किया जा चुका है। सर्दी, खांसी और बुखार वाले मरीजों को विशेष निगरानी और सावधानी बरतने के लिये निर्देशित किया गया है। प्रदेश सरकार लगातार सजगता के साथ कार्य कर रही है। अभी तक प्रदेश में नोवल कोरोना वायरस का कोई भी मरीज नहीं पाया गया है। विशेष जानकारी के लिये टोल फ्री नंबर 104 पर डायल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं इसके संबंध में सूचना भी दी जा सकती है। कोरोना वायरस से बचने का सबसे बड़ा उपाय यह है कि अपने इम्युन सिस्टम को बढ़ायें। आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक दवाएं भी सुरक्षा के रूप में ली जा सकती हैं। गिलोय, विटामिन सी, च्वयनप्राश जैसी घरेलू दवाओं का उपयोग भी करें, जिससे शरीर का स्वरक्षा तंत्र मजबूत हो। अभी प्रदेश में मरीजों को 3 कैटेगरी में रखा जा रहा है। पहले ऐसे मरीज जिनको सर्दी-खांसी है, लेकिन कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। इनका सामान्य इलाज सभी अस्पतालों में किया जा रहा है। दूसरे ऐसे लोग जो विदेशों से आये हैं या उनके संपर्क में रहे हैं, उनका होम आइसोलेशन कर परीक्षण कराया जा रहा है। तीसरे वे मरीज जो कोरोना वायरस से संक्रमित पाये जायेंगे, उनको स्पेशल वार्ड में रखने के लिये कार्य योजना बनायी गयी है। नोवल कोरोना वायरस से बचाव और रोकथाम के लिये सभी जिलों में कलेक्टरों की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। प्रदेश और जिला स्तर पर प्रतिदिन मॉनीटरिंग सेल की बैठक हो रही है। राज्य स्तर पर पी.सी. सेठी अस्पताल, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज इंदौर, जेपी अस्पताल एवं हमीदिया अस्पताल भोपाल को चिन्हित किया गया है। मरीजों के सैम्पल कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट के लिये एम्स भोपाल, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर, राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान जबलपुर, श्यामशाह मेडिकल कॉलेज रीवा, गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर एवं एमजी मेडिकल कॉलेज इंदौर को चिन्हित किया गया है। सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जा चुकी है। कोरोना वायरस संक्रमण से फैलने वाला रोग है। संक्रमण से बचाव ही इसका बेहतर उपाय है।

ब्रह्मांड को जानें

सूर्य

गतांक से आगे - सूर्य के क्रोड में जहां तापनाभिकीय प्रतिक्रियाएं होती रहती हैं, वहां तापमान का स्तर डेढ़ करोड़ डिग्री केल्विन (के) है। इस क्रोड का घनत्व पानी के घनत्व से सौ गुना अधिक होता है। क्रोड के बाहरी भाग में संवहनी क्षेत्र है। केतली में खौलते पानी की तरह गैसों का भयंकर उबाल उत्पन्न ऊर्जा को दीप्तिमान स्तर की ओर पहुंचाता है। बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल रंगों का समुच्चय किरीट का दृश्यमान क्षेत्र प्रकाश बनाता है। इस समुच्चय के ऊपर सैकड़ों काली रेखायें फाउन होफर रेखायें खिंची हुई हैं। प्रत्येक रेखा सौर वायुमंडल में उपस्थित किसी न किसी तत्व को इंगित करती है। इस तत्व के घनत्व और तापमान को रेखाओं की तीव्रता चौड़ाई से जाना जाता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस 15 मार्च

उपभोक्ताओं के हित संरक्षण से ही बढ़ती है बाजार की विश्वसनीयता

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

अर्थशास्त्र में एक सूत्र वाक्य बेहद प्रचलित है कि 'उपभोक्ता बाजार का राजा होता है।' इस वाक्य का अन्तर्निहित अर्थ यही है कि बाजार की दशा और दिशा के निर्धारक तत्वों में उपभोक्ता की सर्वोच्चता निर्विवाद है मगर वक्त के साथ बाजार में ऐसी शक्तियां प्रबल होती चली गईं, जो उत्पादकों, व्यापारियों और बिचौलियों के हितसाधन के लिये मुनाफे की पक्षधरता के कारण उपभोक्ताओं के शोषण का कारण बनीं और उपभोक्ताओं को हाशिये पर धकेलती चली गईं और सिद्धांतों में राजा कहा जाने वाला उपभोक्ता व्यवहार में बाजार की शतरंज का प्यादा बनकर रह गया। भारत के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने अपने एक व्याख्यान में बाजारवाद की मीमांसा करते हुए यह कहा था कि बाजार यदि उपभोक्ताओं की अनदेखी करता है तो यह एक आत्मघाती कदम होगा, क्योंकि बाजार की प्रवृत्तियों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ताओं के हित संरक्षण से ही बाजार की विश्वसनीयता बढ़ती है और उपभोक्ताओं की उपेक्षा से दीर्घकाल में बाजार को ही क्षति उठानी पड़ती है। इस विश्लेषण से बाजार को समय रहते सचेत होने की जरूरत है। उपभोक्ताओं की इसी महत्ता के परिप्रेक्ष्य में विश्व में उपभोक्ता अधिकार संरक्षण दिवस मनाया जाता है।

विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस की कैसे हुई शुरुआत?

उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जाता है, वहीं हर साल भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस भी मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। बाजार में होने वाली जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी सामग्री का वितरण, अधिक दाम वसूलना, बिना मानक वस्तुओं की बिक्री करना, ठगी, नाप-तौल में अनियमितता, गारंटी के बाद सर्विस प्रदान नहीं करने के अलावा ग्राहकों के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए इस दिन 'उपभोक्ता जागरूकता अभियान' चलाए जाते हैं। दरअसल पहली बार अमेरिका में रल्प नाडेर द्वारा उपभोक्ता आंदोलन की शुरुआत की गई, जिसके फलस्वरूप 15 मार्च 1962 को अमेरिकी कांग्रेस में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण पर पेश किए गए विधेयक का अनुमोदन किया गया था।

इस विधेयक में चार विशेष प्रावधान थे जिसमें उपभोक्ता सुरक्षा के अधिकार, सूचना प्राप्त करने का अधिकार, उपभोक्ता को चुनाव करने का अधिकार और सुनवाई का अधिकार शामिल था। बाद में अमेरिकी कांग्रेस ने इन अधिकारों को व्यापकता प्रदान करने के लिए चार और अधिकार बाद में जोड़ दिए। यह अधिकार थे उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार, क्षति प्राप्त करने का अधिकार, स्वच्छ वातावरण का अधिकार और मूलभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, वस्त्र और आवास प्राप्त करने का अधिकार।

भारत में मुम्बई से शुरू हुआ था उपभोक्ता आंदोलन

अमेरिका के बाद भारत में उपभोक्ता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1966 में मुंबई से हुई थी। वर्ष 1974 में पुणे में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद अनेक राज्यों में उपभोक्ता कल्याण हेतु संस्थाओं का गठन किया गया और यह आंदोलन बढ़ता गया। भारतीय संसद में 09 दिसंबर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया और 24 दिसम्बर को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद देश भर में लागू हुआ। इसके बाद 24 दिसंबर को भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद इस अधिनियम में वर्ष 1991 तथा वर्ष 1993 में संशोधन किये गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कारगर और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसम्बर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से इसे लागू किया गया।

नतीजतन पहले से प्रचलित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1987 में भी संशोधन किया गया था और 5 मार्च 2004 को अधिसूचित किया गया था। इस शासकीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से पहले एक 'ग्राहक संरक्षण कानून' भी बनाया गया था। ग्राहक संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह था कि किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया था। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। 1979 में ग्राहक पंचायत के अंतर्गत एक कानून समिति का गठन हुआ। ग्राहक संरक्षण कानून समिति के अध्यक्ष गोविन्ददास और सचिव सुरेश बहिराट थे। शंकरराव पाध्ये एड. गोविंदराव आठवले, सौ. स्वाति शहाणे इस समिति के सदस्य थे।

ग्राहक पंचायत और ग्राहक कानून

ग्राहक पंचायत की स्थापना वर्ष 1947 में हुई थी। उसी समय से एक बात सामने आने लगी थी कि प्रत्येक क्षेत्र में ग्राहक को ठगा जा रहा है। उसका नुकसान हो रहा है फिर भी उसके पास न्याय मांगने के लिए कोई कानून नहीं था। ग्राहक अन्याय सहने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा था। सामान्य आर्थिक परिस्थितियों में ग्राहक व्यापारी के प्रबल आर्थिक प्रभाव से शोषित होता जा रहा था। उसकी आवाज शासन तक नहीं पहुंचती थी। ग्राहक ने अन्याय के विरुद्ध प्रतिकार किया तो विक्रेता ग्राहक पर लूटमार का आरोप लगाने लगते थे। इस परिस्थिति से उबरने के लिए ग्राहक पंचायत ने ग्राहक संरक्षण के लिए स्वतंत्र कानून की आवश्यकता प्रतिपादित की। वर्ष 1977 में लोणावाला में ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने बैठक में एक प्रस्ताव पारित करके ऐसे कानून की मांग की। वर्ष 1978 में ग्राहक पंचायत ने एक मांग पत्र प्रकाशित किया। ग्राहक संरक्षण कानून, ग्राहक मंत्रालय और ग्राहकालय में ये मांगें रखीं। पंचायत ने स्वयं इस पर कानून का प्रारूप तैयार करके वर्ष 1980 में कानून का मसौदा तैयार करना प्रारंभ किया। दिनांक 09 अप्रैल 1980 को कानून समिति की पहली बैठक में कानून का प्रारूप समिति के सामने रखा गया। समिति की चर्चा के बाद व्यवस्थित मसौदा अनेक कानून विशेषज्ञों के पास भेजा। राज्य सरकार के पदस्थ सचिव एवं उच्च न्यायालय के पदस्थ न्यायाधीश से चर्चा की। देश के अनेक कानून विशेषज्ञों ने अपनी प्रतिक्रिया प्रेषित कर समिति को अमूल्य योगदान दिया। वर्ष 1980 में महाराष्ट्र राज्य विधान परिषद् के सदस्य बाबूराव वैद्य ने विधेयक रखने का उत्तरदायित्व स्वीकारा। तब जाकर वर्तमान ग्राहक कानून अस्तित्व में आया था।

कौन होते हैं उपभोक्ता और क्या होते हैं उनके अधिकार?

उपभोक्ता की विधिक परिभाषा के अनुसार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान अथवा सेवायें खरीदता है वह उपभोक्ता है। विक्रेता की अनुमति से ऐसे सामान अथवा सेवाओं का प्रयोग करने वाला व्यक्ति भी उपभोक्ता है। अतः हम में से प्रत्येक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता ही हैं। उपभोक्ता के अधिकारों का जहां तक सवाल है उनमें पहला अधिकार उन उत्पादों तथा सेवाओं से सुरक्षा का अधिकार है जो जीवन तथा संपत्ति को हानि पहुंचा सकते हों दूसरा अधिकार उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, प्रभाव, शुद्धता, मानक तथा मूल्य के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे कि उपभोक्ता को अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके, तीसरा अधिकार पहुंच की आश्वस्ति से जुड़ा है। जहां तक भी संभव हो, वहां प्रतियोगात्मक मूल्यों पर विभिन्न उत्पादों तथा सेवाओं तक पहुंच के प्रति आश्वासित होने का अधिकार भी उपभोक्ता को होता है। चौथा अधिकार सुनवाई और इस आश्वासन का अधिकार है, जिसमें उचित मंचों पर उपभोक्ता के हितों को उपयुक्त विनियोग प्राप्त हो। पांचवां अधिकार अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार पद्धतियों या उपभोक्ताओं के अनैतिक शोषण के विरुद्ध सुनवाई का अधिकार है और छठवां अधिकार उपभोक्ता को शिक्षा का अधिकार है।

शिकायतें क्या-क्या हो सकती हैं? और शिकायत कहां करें?

उपभोक्ता को यदि किसी व्यापारी द्वारा अनुचित या प्रतिबंधात्मक पद्धति के प्रयोग करने से यदि आपको हानि या क्षति हुई है अथवा खरीदे गये सामान में यदि कोई खराबी है या फिर किराये पर ली गई या उपभोग की गई सेवाओं में कमी पाई गई है या फिर विक्रेता ने आप से प्रदर्शित मूल्य अथवा लागू कानून द्वारा अथवा इसके मूल्य से अधिक मूल्य लिया गया है। इसके अलावा यदि किसी कानून का उल्लंघन करते हुये जीवन तथा सुरक्षा के लिये जोखिम पैदा करने वाला सामान जनता को बेचा जा रहा है तो आप स्वयं उपभोक्ता या कोई स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन जो समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 अथवा कंपनी अधिनियम 1951 अथवा फिलहाल लागू किसी अन्य विधि के अधीन पंजीकृत है, शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत कहां की जाये, यह बात समान सेवाओं की लागत अथवा मांगी गई क्षतिपूर्ति पर निर्भर करती है। अगर यह राशि 20 लाख रुपये से कम है तो जिला फोरम में शिकायत करें। यदि यह राशि 20 लाख रुपये से अधिक लेकिन एक करोड़ रुपये से कम है तो राज्य आयोग के समक्ष और यदि एक करोड़ रुपये से अधिक है तो राष्ट्रीय आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करायें। वेबसाइट www.fcamin.nic.in पर सभी पते उपलब्ध हैं।

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में कॅरियर के अवसर - 2020

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य शृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग के प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज के सृजक हैं जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है।

गेल गेट (GATE)-2020 के स्कोर के माध्यम से समर्पित, उत्साही एवं कर्मठ युवा स्नातक इंजीनियरों को तालिका-I में दिए गए विवरणानुसार निम्नलिखित पदों के सामने दर्शायी गई श्रेणी के अनुसार रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :

तालिका-1

#	पद	ग्रेड	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	अ.जा.	अ.ज.जा.	ओबीसी (एनसीएल)	कुल	निम्नवर्णित श्रेणियों में पीडब्ल्यूडी द्वारा धारण योग्य चिह्नित पद
1	कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)	E-2	6	2	1	-	6	15	ओएच (ओए, ओएल)
2	कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)*	E-2	5	1	1	1	2	10	एचएच, ओएच (ओएल)
	कुल		11	3	2	1	8	25	

*** कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) का 01 पद पीडब्ल्यूडी (एच एच) श्रेणी के लिए आरक्षित रहेगा**

प्रयुक्त संक्षिप्तियां

पीडब्ल्यूबीडी : बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (Persons with Benchmark Disability)
एचएच : अल्प बधिर (Hearing Impaired)
ओएच : अस्थिदोष दिव्यांग (Orthopaedically Impaired)
ओए : एक हाथ (One Arm)
ओएल : एक पैर (One Leg)

चिह्नित पद (जैसा कि उपर्युक्त तालिका-1 में इंगित है) हेतु संबंधित श्रेणी(श्रेणियों) के बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं भले ही उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं हो। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य मेरिट मानदंड के आधार पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए विचार किया जाएगा।

पीडब्ल्यूबीडी की संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थी, जो विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित पद हेतु आवेदन करते हैं, को आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा, यदि उनकी संबंधित अक्षमता 40% से अधिक है।

1. **कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता का विवरण तालिका-2 में नीचे दिया गया है :**

तालिका-2

#	पद/क्षेत्र	अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता
1	कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)	केमिकल / पेट्रोकेमिकल / केमिकल टेक्नोलॉजी / पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी में न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंजीनीयरिंग में स्नातक।
2	कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)	इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंजीनीयरिंग में स्नातक।

2. **अनिवार्य योग्यता के संबंध में नियम और शर्तें [जैसा तालिका-2 के संबंधित कॉलम में उल्लेख किया गया है]**

2.1. प्रत्येक पद हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उपर्युक्त **तालिका-2** में उल्लेखित के अनुसार होगी।

2.2. **केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम पर ही विचार किया जाएगा।**

2.3. सभी योग्यताएं अनिवार्यत: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय डीम्ड विश्वविद्यालयों या एआईसीटीई अनुमोदित स्वायत्तशासी भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम/ संबंधित सांविधिक काउंसिल (जहां भी लागू हों) से प्राप्त होनी चाहिए।

2.4. निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/ विश्वविद्यालय के नियम/मानदंडों के अनुसार मान्य होगा।

2.5. जहां भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनायी गई पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाये जाने चाहिए। अभ्यर्थी को संस्थान/ विश्वविद्यालय से इससे संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा जिसकी समूह चर्चा/साक्षात्कार के समय आवश्यकता होगी।

2.6. बीई/बी टेक/बी एससी इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग डिग्री माना जा सकता है।

2.7. जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र की 05 वर्षीय बीई/बीटेक + एम.ई. /एम. टेक की इंजीनियरिंग में एकीकृत दोहरी डिग्री है उन पर भी विचार किया जाएगा।

2.8. जो अभ्यर्थी वर्ष 2019 में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पूरी कर ली है / जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम (2019-20) में अंतिम वर्ष में हैं, वे ई-2 ग्रेड में केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन, में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु **आवेदन करने के लिए योग्य हैं।**

2.9. जिन अभ्यर्थियों ने अपनी इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) वर्ष 2019 में पूर्ण कर ली है तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें न्यूनतम 65% अंक अवश्य प्राप्त हुए होने चाहिए तथा अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 60% अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिए।

2.10. जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम (2019-20) के अंतिम वर्ष में हैं तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम 65% अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिए तथा अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी को आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर /

वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम **60%** अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिए।

2.11. जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) में अंतिम वर्ष **(2019-20)** में हैं, उनका चयन, उनके सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के होने के मामले में इंजीनियरिंग डिग्री में न्यूनतम **65%** अंक तथा अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के होने के मामले में न्यूनतम **60%** अंक प्राप्त होने तथा **31 अगस्त, 2020** तक उपर्युक्त निर्दिष्ट अंकों के प्रतिशत के साथ संबंधित विषय / वर्ग में अर्हक इंजीनियरिंग डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण होने के दस्तावेजी प्रमाण के रूप में इंजीनियरिंग डिग्री प्रमाणपत्र (कम से कम अनंतिम प्रमाणपत्र) तथा सभी सेमेस्टर/वर्ष के अंक पत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगा।

2.12. **जिन अभ्यर्थियों ने संबंधित विषय / वर्ग में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) वर्ष 2018 में अथवा उससे पहले उत्तीर्ण कर ली है, वे ई-2 ग्रेड में केमिकल एवं इन्स्ट्रूमेंटेशन में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।**

3. **शैक्षिक योग्यता हेतु अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में प्रदत्त शिथिलता (छूट):**

अ.जा., अ.ज.जाति एवं **पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों** के लिए अनिवार्य योग्यता हेतु न्यूनतम प्रतिशत में निम्नानुसार छूट दी गई है-

जहां-कहीं भी अंकों का न्यूनतम अर्हता अंक प्रतिशत **65%** विनिर्दिष्ट है वहां **अनु. जाति, अनु.ज.जाति एवं पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का शिथिलीकृत प्रतिशत 60%** होगा।

यदि **अ.जा/अ.ज.जाति/पीडब्ल्यूबीडी** के आवेदक अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्यक मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम अर्हक प्रतिशत में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

4. **ऊपरी आयु सीमा एवं आयु में छूट:**

4.1. सभी क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षु हेतु अधिकतम आयु सीमा दिनांक **03.03.2020 के अनुसार 28 वर्ष होगी।**

4.2. आयु सीमा में अ.जाति/अनु.ज.जाति के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी–सामान्य अभ्यिर्थियों को 10 वर्ष की, पीडब्ल्यूबीडी-ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 13 वर्ष की एवं पीडब्ल्यूबीडी-अनु. जाति/अनु.ज.जाति हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। ऊपरी आयु सीमा में दी गई यह छूट केवल उन्हीं पदों के लिए लागू होगी जो अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित हैं। यदि अ.जा/अ.ज.जाति/ पीडब्ल्यूबीडी के अभ्यर्थी अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी चाहे पद आरक्षित है या नहीं बशर्ते पद पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों हेतु उपर्युक्त के रूप में चिन्हित किया गया हो। दिनांक 1.1.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए भी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

4.3. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सैन्य बलों में छः माह या उससे अधिक निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी-वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

4.4. **आयु में समस्त संभावित छूटों को मिला कर अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

उपरोक्त सभी लाभ कंपनी की लागू और समय-समय पर संशोधित नीति के अधीन होंगे।

5. **चयन प्रक्रिया एवं आवेदन कैसे करें**

5.1 वर्ष 2020 के दौरान गेल, केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन के क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षुओं की भर्ती हेतु **ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग-2020 के अंकों (GATE-2020-अंक)** का उपयोग करेगा।

5.2 केवल वे अभ्यर्थी ही गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने **गेट-2020** के लिए पहले ही पंजीकरण किया है तथा जो नीचे दी गई तालिका -3 में दिए गए विवरण के अनुसार निम्नलिखित प्रासंगिक गेट परीक्षा पत्रों में से एक में आयोजन संस्थान द्वारा अधिसूचित निर्देश और समयसीमा के अनुसार **गेट-2020 में उपस्थित होंगे :**

तालिका-3

क्र.सं.	**पद/क्षेत्र**	**गेट पेपर**	**कोड**
1	कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)	केमिकल इंजीनियरिंग	सीएच
2	कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)	इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग	आईएन

उपर्युक्त विज्ञापित प्रत्येक 02 क्षेत्रों/शाखाओं के समकक्ष क्षेत्र/शाखाओं की सूची **तालिका-4** में नीचे दी गई है:

तालिका-4

गेल क्षेत्र	**गेल क्षेत्र के समक्ष समकक्ष इंजीनियरिंग के क्षेत्र/ शाखाएं जिन पर विचार किया जाएगा**	**अभ्यर्थी द्वारा तदनुरूप गेट-2020 में उपस्थित होना**	**तदनुरूप गेट-2020 पेपर का कोड**
केमिकल	1. केमिकल	केमिकल इंजीनियरिंग	सीएच
	2. पेट्रोकेमिकल		
	3. केमिकल टेक्नोलॉजी		
	4. पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी		
इंस्ट्रूमेंटेशन	1. इंस्ट्रूमेंटेशन	इंट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग	आईएन
	2. इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल		
	3. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन		
	4. इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन		
	5. इलेक्ट्रॉनिक्स		
	6. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स		

कृपया ध्यान दें कि जिन अभ्यर्थियों के पास ऊपर विनिर्दिष्ट शाखा/क्षेत्र से अलग अन्य इंजीनियरिंग की डिग्री है जैसे इलेक्ट्रॉनिक और संचार शाखा में इंजिनियरिंग स्नातक कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) की स्थिति के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

5.3 गेट 2019 स्कोर तथा अपेक्षा के आधार पर उपर्युक्त विषयों में अभ्यर्थियों को कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु सामूहिक विचार विमर्श / अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। **कृपया नोट करें कि इस भर्ती कार्यक्रम के लिए केवल गेट-2020 स्कोर ही वैध हैं। वर्ष 2019 अथवा उससे पहले के गेट स्कोर वैध नहीं हैं।**

5.4 पंजीकरण संख्या के साथ गेट-2020 एडमिट कार्ड की प्राप्ति / डाउनलोडिंग पर अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट **www.gailonline.com** के **"कॅरियर"** खंड पर गेट-

2020 की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस प्रयोजन के लिए, संबंधित लिंक हमारी वेबसाइट **www.gailonline.com** के **"कॅरियर"** खंड में उपलब्ध कराया जाएगा। **कृपया ध्यान दें कि वैध गेट-2020 पंजीकरण संख्या के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

5.5 कृपया सुनिश्चित करें कि आपके गेट-2020 एडमिट कार्ड पर उल्लेखित गेट-2020 पंजीकरण संख्या ऑनलाइन आवेदन में सही ढंग से दर्ज की जाए। आपके गेट-2020 एडमिट कार्ड के अनुरूप ही नाम भरा जाए। अभ्यर्थी द्वारा एक बार आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किए गए किसी भी डेटा / विवरण में परिवर्तन करने के संबंध में कोई अनुरोध मान्य नहीं होगा।

5.6 अभ्यर्थियों **को गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के माध्यम से गेट-2020** की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। संबंधित लिंक **दिनांक 12.02.2020 को 1100 बजे से दिनांक 12.03.2020 को 1800 बजे** तक उपलब्ध कराया जाएगा।

5.7 अभ्यर्थी केवल **एक पद / क्षेत्र** के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद / क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.8 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, सिस्टम द्वारा एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या जनरेट की जाएगी और सिस्टम में एक संदेश प्रदर्शित किया जाएगा कि ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिया गया है और अभ्यर्थी के पास विशिष्ट पंजीकरण संख्या का एक ऑटो जनरेट किया गया ईमेल प्राप्त होगा जिसमें सूचित किया जाएगा कि उसका आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

5.9 ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी को विशिष्ट पंजीकरण संख्या सहित सिस्टम द्वारा जनरेट किया गय आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन में प्रदान की गई जगह में अपने हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ को लगाना होगा और निर्देशों के अनुसार अपना हस्ताक्षर करना होगा और इसे सुरक्षित रूप से अपने पास रखना होगा। सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के समय यही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5.10 अभ्यर्थी द्वारा प्रयुक्त पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ उसके द्वारा गेट - 2020 आवेदन फॉर्म में प्रयुक्त फोटोग्राफ के जैसा ही हो। यदि अभ्यर्थी को सामूहिक विचार-विमर्श और / अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो **उसे गेट-2020 का मूल परीक्षा प्रवेश पत्र, गेट-2020 आधिकारिक स्कोर कार्ड,** उपर्युक्तानुसार (बिन्दु सं. 5.9) ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंट-आउट तथा निम्नानुसार अन्य संबंधित दस्तावेज़ (मूल एवं **स्व-प्रमाणित** प्रति का एक सेट दोनों) प्रस्तुत करने होंगे:

(i) जन्म तिथि के साक्ष्य से संबंधित दस्तावेज।

(ii) परिवर्तन दस्तावेज सहित योग्यताओं के संबंध में सभी प्रमाणपत्र/प्रशंसा पत्र (मैट्रिक से प्रारंभ करते हुए सभी सेमेस्टरों/वर्षानुसार अंक पत्र, डिग्री एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र)।

(iii) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गए अनुभव के पक्ष में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पूर्ण एवं उचित प्रमाण पत्र / दस्तावेज।

(iv) (क) पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू आरक्षण / रियायतों के लाभ का दावा करने के लिए, अभ्यर्थियों को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित अधिसूचना सं.जी.एस.आर 2(ई) दिनांक 30.12.2009 के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ख) **अजा / अजजा** श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने दावे के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारुप में जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ग) ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को आरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार / केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अंतर्गत पदों में नियुक्ति हेतु, जैसा कि डीओपीटी ज्ञापन सं. 36036/2/2013-एस्ट. (आरईएस) दिनांक 30-05-2014 में निहित है, निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विज्ञापन के वर्ष में जारी किया गया अपना **नवीनतम** जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र में उल्लेखित जाति एवं समुदाय का नाम अनिवार्य रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी **नवीनतम** प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेते समय, यदि उन्हें बुलाया जाता है तो, एक स्व-वचनबद्ध पत्र देना होगा जिसमें उन्हें यह सूचित करना होगा कि वे ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थी हैं।

(घ) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण वाले अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र, प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञापन सं.36039/1/2019-एस्ट. (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर मान्य होना चाहिए (प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा)।

(ङ) एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस एवं पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **"कॅरियर"** खंड से डाउनलोड किया जा सकता है।

(च) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में)।

(v) अभ्यर्थी के केन्द्र /राज्य सरकार के विभाग, केंद्र / राज्य पीएसयू अथवा अर्धशासकीय संगठन में एक नियमित कर्मचारी के रूप में या फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट (एफटीई) के अंतर्गत नियोजित होने के मामले में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र/ अग्रेषण पत्र।

किसी अभ्यर्थी द्वारा सामूहिक विचार-विमर्श और/या साक्षात्कार के समय उपर्युक्त दस्तावेज़ प्रस्तुत ना करने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

6 महत्वपूर्ण तारीखें

गेट-2020 के माध्यम से गेल में आवेदन हेतु		
#	**गतिविधि**	**दिनांक**
1	गेट-2020 पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए गेल की वेबसाइट का ओपन होना	12.02.2020 को 1100 बजे
2	गेल में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	12.03.2020 को 1800 बजे

गेट (GATE)-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://gate.iitd.ac.in पर या आईआईएससी, बेंगलूरु और आईआईटी (मुम्बई, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की) की वेबसाइट देखें।

अभ्यर्थी गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड पर उपलब्ध "प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)" देख सकते हैं। एफएक्यू में किसी प्रश्न के सम्मिलित न होने की स्थिति में, अभ्यर्थी गेल के career@gail.co.in को लिख सकते हैं।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया दिनांक 12.02.2020 को 1100 बजे से लेकर 12.03.2020 को 1800 बजे तक गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड को देखें। इस विज्ञापन के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति अथवा किसी भी मुद्रण गलती के मामले में अंग्रेजी संस्करण को माना जायेगा।

उपर्युक्त विज्ञापन में किसी संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुशेष, शुद्धिपत्र, समय विस्तार आदि केवल गेल की वेबसाइट: www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड पर होस्ट किए जाएंगे तथा प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अपडेटेड रखने के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

पंजीकृत कार्यालय: 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066

[सीआईएन: L40200DL1984GOI018976A फोन: 011–26182955, फैक्स: 011–26185941

विज्ञापन सं.: गेल/ओपेन/ईटी/1 ए/2019

हर काम देश के नाम

सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीट्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोदपाना प्लेरा, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड

संख्याः सीएमपीडीआई/मुख्यालय/एसई/आर/19–20/ई–445469 दिनांकः 11.02.2020

रोजगार सूचना

मिनी रत्न कंपनी एवं देश के ऊर्जा क्षेत्र में लाभ कमाने वाली सीपीएसयू **सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीट्यूट लिमिटेड** निम्नलिखित पदों की रिक्ति को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन को आमंत्रित करता है, जिन्हें प्रबंधन के विवेक के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

1.0 रिक्तियों की संख्या :

क्र. स.	पद का नाम	ग्रेड	मूल वेतन	अनारक्षित (यूआर)	अ.जा. (एससी)	अनु.ज.जा (एसटी)	अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)	ईडब्ल्यूएस	कुल*	ईएसएम	उपयुक्त दिव्यांगता कोटि*	शारीरिक आवश्यकता
वर्तमान रिक्तियाँ												
1	उप सर्वेक्षक (खान)	तकनीकी एवं पर्यवेक्षकीय ग्रेड सी	₹31,852.56	7	2	1	4	0	14	2	ओएच (सिर्फ ओए)	एस.एसटी. डब्ल्यू.एल. एमएफ.एसई. आरडब्ल्यू.सी.
बैकलॉग रिक्तियाँ												
2	आशुलिपिक (अंग्रेजी)	तकनीकी एवं पर्यवेक्षकीय ग्रेड सी	₹31,852.56	0	1	2	0	0	3	0	ओए. ओएल. बीएल. ओएएल. बी. एलवी.	एस.एसटी.डब्ल्यू. एल.एमएफ. एसई.आरडब्ल्यू. एच.सी.
			कुल	7	3	3	4	0	17	2		

प्रयुक्त संक्षिप्त (शब्दांश) :

यूआर=अनारक्षित; एससी=अनुसूचित जाति; एसटी=अनुसूचित जनजाति; ओबीसी=अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रिमी लेयर); ईडब्ल्यूएस=आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग; ईएसएम=भूतपूर्व सैनिक; ओएच=अस्थि (हड्डी) विकलांगता; ओए=एक बाँह; ओएल=एक पैर; ओएएल=एक बाँह और एक पैर; बी=दृष्टिहीन; एलवी=कमज़ोर दृष्टि; एस=बैठना; एसटी=खड़ा रहना; डब्ल्यू=चलना; एल=उठाना; एमएफ=ऊँगली चलाना; एसई=देखना; आरडब्ल्यू=लेखन एवं पाठन; सी=संवाद; एच=श्रवन (सुनना)

टिप्पणी :

रिक्त पदों की संख्या को सीएमपीडीआई के प्रबंधन के विवेकाधिकार से घटाया या बढ़ाया जा सकता है। उपर्युक्त पद केवल पीडब्ल्यूडी के लिए चिह्नित किया है और ऊपर दिए गए केवल पीएच श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन के योग्य हैं। तथापि पीडब्ल्यूडी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है।

भारत सरकार के नियमानुसार एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस रिक्ति आरक्षण ऊर्ध्वाधर(वर्टिकली) रूप से लागू किया जाता है तथा ईएसएम रिक्ति आरक्षण क्षैतिज (होरिजोन्टल) रूप से लागू किया जाता है।

*रिक्तिओं की कुल संख्या में ईएसएम की रिक्ति की संख्या भी शामिल है।

किसी अभ्यर्थी की पात्रता/उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए अधिसूचना की तिथि अर्थात् 29.02.2020 मानी जाएगी।

उपर्युक्त पदों के लिए कुल परिलब्धि में मूल वेतन, चल महँगाई भत्ता (वीडीए), विशेष महँगाई, उपस्थिति बोनस, भत्ते जैसे विशेष भत्ता, यातायात सहायता/वाहन भत्ता प्रतिपूर्ति, ईंधन भत्ता, यदि कंपनी के नियमानुसार क्वार्टर आवंटित नहीं किया गया हो, तो आवास किराया भत्ता तथा अन्य लाभ, निःशुल्क चिकित्सा, आवास भत्ता, नगर एवं भारत भ्रमण, उपदान (ग्रेच्युटी), भविष्य निधि पेंशन इत्यादि सम्मिलित होगा। उपर्युक्त पदों पर मूल वेतन को 3% की दर से उत्तरोत्तर आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि मिलेगी।

2.0 योग्यता :

दिनांक : 29.02.2020 को आवेदक को निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता (क्वालिफिकेशन) धारित होना चाहिए :

क्र.सं.	पद का नाम	न्यूनतम योग्यता
1.	उप सर्वेक्षक (खान)	मैट्रिक के साथ–साथ डीजीएमएस द्वारा स्वीकृत/मंजूर सर्वे सर्टिफिकेट आफ कंपिटेंसी [डीजीएमएस द्वारा दी गई सर्टिफिकेट ऑफ कंपिटेंसी जारी करने की तारीख कट–ऑफ डेट 29.02.2020 या उससे पहले होनी चाहिए।]
2.	आशुलिपिक (अंग्रेजी)	1. मैट्रिक या समकक्ष योग्यता और 2. उनके पास आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा टंकण में 40 श.प्र.मि. की गति होनी चाहिए

3.0 आयु सीमा :

दिनांक : 29.02.2020 को आवेदक ने 18 वर्ष की न्यूनतम आयु पूरी कर ली हो तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम नहीं और निम्नलिखित से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- सामान्य वर्ग के लिए 30 वर्ष
- अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 33 वर्ष
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 35 वर्ष

टिप्पणी :

(i) विज्ञापन के लिए आवेदन देने वाले सीएमपीडीआई/कोल इंडिया लिमिटेड या कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य सहायक कंपनियों के कर्मचारियों के लिए उम्र के मामले में कंपनी का नियम लागू होगा यानि आयु की सीमा निर्धारित नहीं होगी। तथापि, उनका आवेदन उचित माध्यम (प्रोपर चैनेल) द्वारा अग्रसारित किया जाएगा तथा या दस्तावेज जाँच के समय उनके पास सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत **"अनापत्ति प्रमाण–पत्र"** उपलब्ध होना चाहिए।

(ii) उन भूतपूर्व सैनिक कोटि के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट लागू है, जिन्होंने संघ के सशस्त्र सेना बल में लगातार 6 माह की सेवा पूरी कर ली हो।

(iii) आयु में छूट का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थी एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईएसएम से संबंधित हैं या पीएच श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए विशेष सहायता के लिए संबंधित वैध/हाल के जाति प्रमाण पत्र/भूतपूर्व सैनिक (डिस्चार्ज प्रमाण पत्र या विकलांगता) निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जमा करना चाहिए, जिसके बिना उन्हें अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा। उक्त प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्रमाण पत्र प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी के लिए, परिशिष्ट II (सीएमपीडीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) को संदर्भित किया जा सकता है।

(iv) अनु.जाति/अनु.ज.जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण–पत्र निम्नलिखित में से किसी एक प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा निर्गत या विहित फार्मेट में प्रमाण–पत्र नहीं होने पर इसे निरस्त कर दिया जाएगा।

क) जिला दण्डाधिकारी/अपर जिला दण्डाधिकारी/समाहर्ता/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/प्रथम श्रेणी का वजीफा (स्टाइपेंडरी) दण्डाधिकारी/अनुमंडल दण्डाधिकारी/तालुका दण्डाधिकारी/कार्यपालक (एग्जिक्यूटिव) दण्डाधिकारी/अतिरिक्त सहायक आयुक्त।

ख) मुख्य प्रेजिडेंसी मजिस्टेट/अपर मुख्य प्रेजिडेंसी दण्डाधिकारी/प्रेजिडेंसी दण्डाधिकारी

ग) राजस्व पदाधिकारी, जो तहसीलदार स्तर से नीचे का न हो

घ) उस क्षेत्र का अनुमंडल दण्डाधिकारी जिस क्षेत्र में अभ्यर्थी और/या उसके परिवार सामान्यतः निवास करते हो।

(v) सिर्फ मैट्रिकुलेशन/एसएससी/हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा प्रमाण–पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकृत की जाएगी।

4.0 आरक्षण एवं छूट (रियायत) :

अनु.जाति/अनु.ज.जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)/ईएसएम के अभ्यर्थी को आरक्षण एवं छूट सिर्फ भारत सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार ही दी जाएगी।

5.0 आवेदन कैसे करें

5.1 सभी मानदण्ड पूरा करने वाले अभ्यर्थी/विभागीय अभ्यर्थी सहित 01.03.2020 को प्रातः 9.30 से 30.03.2020 के रात्रि 12 बजे तक सीएमपीडीआई की वेबसाइट **www.cmpdi.co.in> recruitment>online recruitment** बटन पर लॉग इन कर ऑनलाइन मोड के जरिये आवेदन कर सकते हैं। तथापि विज्ञापन के लिए आवेदन देने वाले सीएमपीडीआई/सीआईएल या सीआईएल की अन्य सहायक कम्पनियों के कर्मचारी को ऑन लाइन आवेदन करना होगा तथा अपना आवेदन (यानि हमारे वेबसाइट के जरिये तैयार (सृजित) ऑन लाइन आवेदन फार्म) **उचित माध्यम के द्वारा अग्रसारित** होना चाहिए।

5.2 विज्ञापन अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार दोनों में किसी भी माध्यम का चयन कर सकते हैं।

5.3 अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे योग्यता तथा अन्य मानक जैसे उम्र, जाति आदि के अनुसार अपनी योग्यता आदि का आकलन करने के लिए विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

5.4 अनु0 जाति/अनु0ज0जा0/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर क्रीमीलेयर)/भूतपूर्व सैनिक कोटि के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के साथ इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी। अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को विहित प्रपत्र (फार्मेट) में अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का नवीनतम सर्टिफिकेट प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है। विहित प्रपत्र (प्रोफार्म) के लिए सीएमपीडीआई की वेबसाइट पर दिए गए परिशिष्ट–II पर ध्यान दें।

5.5 अ0जा0/अ0ज0जा0/भूत पूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूडी एवं विभागीय कोटि के उम्मीदवारों को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों को **'एस बी कलेक्ट'** की ऑन लाइन सुविधा के जरिये **रु. 500/–(पाँच सौ रुपये मात्र)** का अदेय (नन् रिफंडेबुल) आवेदन–शुल्क जमा करना होगा।

5.6 यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन को सही ढंग से अध्ययन कर लिया हो और वे मानदंड पूरा करते हों तो उन्हें रिक्ति के लिए आवेदन देने हेतु निम्नलिखित कदमों/चरणों (स्टेप) का अनुसरण करना होगा :

कदम/चरण–1: पंजीकरण
कदम/चरण–2: शुल्क का भुगतान
कदक/चरण–3: ऑन लाइन आवेदन
कदम/चरण–4: अन्तिम चरण (हार्ड कॉपी का चयन और सीएमपीडीआई को भेजना)

5.7 कदम/चरण–1 पंजीकरण :

5.7.1 कृपया प्रथम नाम, ई–मेल आईडी, मोबाइल नम्बर तथा पंजीकरण के लिए आवेदित पद अंकित करें।

5.7.2 पंजीकरण के दौरान उपलब्ध कराए गए नाम, ई–मेल आईडी तथा मोबाइल नम्बर को बाद में बदला/शुद्ध नहीं किया जाएगा और यह आवेदन–पत्र पर दिखलाई देगा। कृपया अपना मैट्रिकुलेशन (दसवीं) प्रमाण–पत्र के अनुसार सही नाम भरना सुनिश्चित करें। ई–मेल तथा मोबाइल नम्बर वही उपलब्ध करायें जिसे आप प्रयोग में ला रहे हैं। मोबाइल नम्बर की जाँच ओटीपी के जरिये की जाएगी।

5.7.3 पासवर्ड नीति : यह कम–से–कम 6 लिपि (कैरेक्टर) का होना चाहिए जिसमें कम–से–कम एक अक्षर हो एवं अंक हो तथा निम्नलिखित में से कोई एक चिन्ह हो : @#$%^*-:{};=()+|?

5.7.4 पंजीकरण करने से पहले नियम एवं शर्त को पढ़कर स्वीकार कर लें।

5.7.5 एक बार यदि सफलतापूर्वक पंजीकरण (दर्ज) हो जाते है तो **'पंजीकरण संख्या'** को नोट कर लें। **पंजीकरण संख्या** एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी/'उम्मीदवारों के लिए निर्देश' पेज के क्रम संख्या 2 पर उपलब्ध हैं। यह शुल्क के भुगतान के समय प्रयोग में लाया जाएगा।

5.8 कदम/चरण (स्टेप) 2 : शुल्क का भुगतान :

5.8.1 कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि ब्राउजर सेटिंग में पॉप–अप्स को ब्लॉक नहीं किया गया हो, अगर यह ब्लॉक हो तो कृपया इस साइट के लिए पॉप–अप्स को अलाऊ करना सुनिश्चित करें।

5.8.2 अनु0 जाति/अ0ज0जा0/ईएसएम/पीडब्ल्यूडी विभागीय अभ्यर्थी सीधे ऑनलाइन आवेदन–पत्र भर सकते हैं, क्योंकि उन्हें आवेदन–शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

5.8.3 सफल पंजीकरण के बाद, लॉगिन 'बटन' पर क्लिक करें और ईमेल आईडी और पासवर्ड दर्ज करें जैसा कि पॉप विंडो बॉक्स में पंजीकरण के दौरान उपयोग किया गया है।

5.8.4 ऑनलाइन भर्ती पोर्टल में सफलतापूर्वक लॉग इन करने के बाद, साइट उस पद का नाम प्रदर्शित करेगी जिसके लिए आपने पंजीकरण के दौरान आवेदन किया / चुना है। 'अब लागू करें' बटन पर क्लिक करें। शुल्क भुगतान से पहले, सुनिश्चित करें कि पद के लिए पात्रता मानदंड पूरा हो गया है।

5.8.5 "अभ्यर्थियों के लिए दिशा–निर्देश" पेज दिखाई देगा। "अभ्यर्थियों के लिए दिशा–निर्देश पेज के क्रम संख्या–3 पर मौजूद शुल्क भुगतान के लिंक पर क्लिक करें। लिंक पर क्लिक करने से सीधे एसबी कलेक्ट विंडो खुलेगा। टर्म यूज्ड पेज पर, उस बॉक्स को टिक करें जहाँ, मैने उपर्युक्त सभी नियमों और शर्तों को पढ़ा है तथा उन्हें स्वीकार किया है, लिखा हो। (भुगतान के लिए चेक बॉक्स को क्लिक करें), राज्य और कारपोरेट/संस्थान शीर्षक एक नया पेज खुलेगा, कारपोरेट/संस्थान के राज्य वाले कॉलम में > ड्राप डाउन बॉक्स से झारखंड में चयन करें और कारपोरेट/संस्थान के प्रकार के कॉलम में > ड्राप डाउन बॉक्स से पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) का चयन करें, तत्पश्चात् गो बटन को दबाएँ, नया पेज खुलने पर > "पीएसयू पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग नामक" टैब के अंतर्गत ड्राप डाउन सूची से सीएमपीडीआई लिमिटेड का चयन करें। जमा टैब में दबाएँ, चयन > भुगतान श्रेणी ड्रॉप डाउन बाक्स से बहाली शुल्क (कृपया एसबी कलेक्ट के स्क्रीन पर दिखाई देने वाली प्रक्रियाओं का चरण–दर–चरण पालन करें)

5.8.6 अभ्यर्थियों को एसबी कलेक्ट पर दिए गए अनुदेश का पालन करना चाहिए तथा शुल्क–भुगतान की प्रक्रिया पूरा करने के बाद आवेदन–शुल्क की भुगतान पावती रसीद या डीयूसी से शुरू होने वाला 'एसबी कलेक्ट रेफरेंस नम्बर' वाला चालान बनेगा, (तैयार) होगा, जिसकी जरूरत कदम/चरण 3 में आवेदन फार्म भरते समय पड़ेगी।

5.8.7. आवेदन शुल्क की भुगतान स्वीकृति रसीद या एसबी कलेक्ट रेफरेंस नंबर वाला भुगातन की गई रकम (रिमिटेंस) फार्म की कापी प्रिंट कर ले। इसकी जरूरत सीएमपीडीआई के पास आवेदन–पत्र की हार्ड कापी के साथ भेजने के लिए पड़ेगी।

नोट :

- भुगतान का कोई अन्य तरीका (मोड) स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- शुल्क का भुगतान सिर्फ 01.03.2020 से 29.03.2020 के दौरान किया जाना अपेक्षित है।
- विहित शुल्क के बिना प्राप्त किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे तत्काल (फौरी तौर पर) अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इस प्रकार की अस्वीकृति के लिए किसी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी हालत में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन शुल्क भुगतान करने के पहले अपने पात्रता की जाँच कर लें।

5.9 कदम/चरण–3 ऑनलाइन आवेदन

5.9.1 ऑनलाइन आवेदन देने के पहले प्रत्येक आवेदक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि निम्नलिखित ब्यौरा/दस्तावेज उपलब्ध है :

क) आवेदन का भुगतान प्राप्ति रसीद या डीयुसी से आरंभ होने वाला "एसबी कलेक्ट रेफरेंस नंबर"

ख) सभी शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यावसायिक अंक–प्रपत्र तथा अंकों की प्रतिशतता

ग) स्कैन किया हुआ हाल ही का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर

विवरण	फार्मेट	आकार	टिप्पणी
सफेद, बैकग्राउण्ड वाला रंगीन पासपोर्ट फोटो (तीन माह से अधिक पुराना नहीं)	.JPG या .JPEG	50 KB तक	भावी संदर्भ के लिए समान पर्याप्त फोटोग्राफ रखें
सफेद पृष्ठभूमि (बैकग्राउण्ड) पर काली स्याही वाला हस्ताक्षर	.JPG या .JPEG	50 KB तक	

5.9.2 सफलतापूर्वक शुल्क के भुगतान के बाद उम्मीदवार ईमेल आईडी एवं पासवर्ड द्वारा "लॉग इन" करें और 'उम्मीदवारों के लिए निर्देश' पेज पर जाए।

5.9.3 मैंने विज्ञापन को पढ़ा है और अपेक्षित आवेदन शुल्क (यदि लागू हो) का भुगतान करें' को स्वीकार करें और 'मैं आवेदन करने के लिए तैयार हूं' बटन पर क्लिक करें।

5.9.4 नाम (मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र के अनुसार, पिता/पति का नाम, माता का नाम, कोटि, लिंग, धर्म, क्या भूतपूर्व सैनिक है (हाँ/ना), क्या शारीरिक रूप से विकलांग है (हाँ/ना), विकलांगता का प्रकार, विकलांगता का प्रतिशत, जन्म तिथि, वैवाहिक स्थिति से आवेदन–पत्र भरना शुरू करें, न्यूनतम आवश्यक योग्यता/सांविधिक प्रमाणपत्र/तकनीकी योग्यता (यदि कोई हो) का चयन करें तथा पूरा करने के लिए "हाँ" या "ना" का चयन करें, पता (पत्राचार का तथा स्थायी), मोबाइल नंबर नियोजन कार्यालय निबंधन विवरण (यदि आवश्यक हो) शुल्क भुगतान विवरण, आदि भरें, घोषणा बॉक्स को पढ़ें तथा क्लिक करें तथा (सेव एवं नेक्स्ट) पर क्लिक करें।

5.9.5 योग्यता ब्यौरा दर्ज करें– उतीर्ण परीक्षा, विषय (स्ट्रीम) उतीर्ण होने का वर्ष, विद्यालय/महाविद्यालय का नाम पाठ्यक्रम की अवधि, पाठ्यक्रम की प्रकृति तथा अंकों की प्रतिशतता/नयी योग्यता के विवरण के लिए नया कतार (रो) जोड़ लें। सभी संबंधी योग्यता ब्यौरे को भरने के बाद पढ़ लें तथा घोषणा (डिक्लरेशन) पर क्लिक करें फिर **अगला (नेक्स्ट)** पर क्लिक करें। **एनबीः** जहाँ कहीं भी सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए/डीजीपीए आदि से सम्मानित किया जाता है, बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष अंकों के प्रतिशत का संकेत दिया जाना चाहिए।

5.9.6 अभ्यर्थी द्वारा इस तरह ब्यौरा भरने पर यह अगला (नेक्स्ट) विंडो पर दिखलाई देगा। आगे बढ़ने से पहले दर्ज ब्यौरों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें। यदि इसमें परिवर्तन करना आवश्यक हो, तो **बैक** को क्लिक करें और आवश्यक सुधार कर लें। इसके बाद **कंफर्म** क्लिक करें और आगे बढ़े।

5.9.7 चरण:3 (5.9.1)(c) के अनुसार पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करना है। इस पर ध्यान दिया जाए कि इस तरह अपलोड किए गए फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्पष्ट/साफ तथा पहचान करने योग्य हो और **चरण:3 (5.9.1)(c)** के विनिर्देशन के अनुसार हों। **एक बार अपलोड कर दिए गए फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी,** पढ़ लें एवं स्पष्टीकरण (डिक्लेरेशन) पर क्लिक करें तथा **सबमिट** क्लिक कर आगे बढ़ें।

5.9.8 एक बार पूरा हो जाने पर पंजीकरण (रजिस्टर्ड) मोबाइल नंबर पर आवेदन संख्या के साथ एक एसएमएस भेजा जाएगा।

5.10 चरण–4 : अंतिम चरण

5.10.1 एक बार यदि आवेदन–प्रपत्र को सफलतापूर्वक सबमिट कर दिया जाता है, तो विशेष **पंजीकरण संख्या** एवं **आवेदन संख्या** वाला "ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र" निकलेगा (उत्पन्न होगा)। जिस फॉर्म को आपने भरा है उसे देखने के लिए 'व्यू एप्लीकेशन' बटन पर क्लिक करें।

5.10.2 इसके बाद एप्लीकेशन फॉर्म के पीडीएफ फॉर्मेट को जनरेट करने के लिए 'प्रिंट एप्लीकेशन' बटन पर क्लिक करें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ए4 साइज पेपर पर अन्य संलग्नकों के साथ सीएमपीडीआई को भेजने के लिए पीडीएफ एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंट लें।

5.10.3 प्रिंट किया हुआ "ऑनलाइन आवेदन–प्रपत्र साथ–साथ निम्नलिखित दस्तावेज की एक–एक प्रति **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट** द्वारा सीएमपीडीआई के पास निम्नलिखित पते पर भेजा जाना अपेक्षित है। कोई भी आवेदन हाथोंहाथ स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पत्राचार का पता	संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज (संदर्भ : परिशिष्ट–I पर दिया गया चेक लिस्ट
महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन), भर्ती अनुभाग, कार्मिक एवं प्रशासन विभाग, 6वीं तल सीएमपीडीआई, मुख्य भवन, सीएमपीडीआई(मु.), काँके रोड, राँची–8340031, झारखंड	1. ऑनलाइन आवेदन–प्रपत्र का प्रिंट 2. मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित पठनीय छाया प्रति (फोटो कॉपी)। (जन्म तिथि के समर्थन में) 3. ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र (मैट्रिकुलेशन एवं उसके बाद के अंक–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति) 4. उप सर्वेक्षक(खान) के लिए डीजीएमएस द्वारा स्वीकृत सर्वे सर्टिफिकेट आफ कंपीटेंसी की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि 5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्व–सत्यापित वैध/हाल ही में जाति प्रमाण पत्र। (यदि लागू हो) 6. विहित प्रपत्र में भूतपूर्व सैनिक प्रमाण–पत्र द्वारा विधिवत् गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्गत अपंगता प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो) की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि। 7. **एसबी कलेक्ट रेफरेंस नंबर** वाला एसबीआई प्राप्ति स्वीकृति रसीद/रेमिटेंस फार्म का प्रिंट 8. चार (04) पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ जिसके पृष्ठ भाग पर नाम एवं आवेदन संख्या लिखा हुआ हो (उसी तरह का फोटोग्राफ होना चाहिए जो आवेदन–प्रपत्र पर अपलोडेड है)। 9. सिर्फ पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए (यदि अपेक्षित हो) लिखित परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा हेतु अपेक्षित सहायतार्थ आवेदन 10. 27 से.मी. X 12 सें.मी. आकार का अच्छी गुणवत्ता वाला स्व पता लिखित बिना टिकट लगा लिफाफा। 11. संबंधित योग्यता के बाद वाला अनुभव प्रमाण–पत्र, यदि कोई हो, की स्व अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।

5.10.4 किसी भी परिस्थिति में कोई अन्य मोड में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

5.10.5 विशेष सहायता, यदि कोई हो, के लिए सभी संबंधित दस्तावेज/आवेदन के साथ आवेदन प्रपत्र हार्ड कापी प्राप्त करने की अंतिम तिथि **15.04.2020** है।

5.10.6 आवेदन–प्रपत्र वाले लिफाफे के ऊपर ऑनलाइन फार्म में दी गई जानकारी के अनुसार बड़े(स्पष्ट) अक्षरों में आवेदित पद का नाम तथा आवेदन संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए।

उदाहरणार्थ :

उप सर्वेक्षक (खान)– 38523

या

आशुलिपिक (अंग्रेजी)– 75632

5.10.7 सीएमपीडीआई/सीआईएल या कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य अनुषंगी (सहायक) कंपनियों में काम करने वाले आवेदक का ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के साथ–साथ आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम द्वारा अग्रसारित होनी चाहिए या दस्तावेज की जाँच (सत्यापन) के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी **"अनापत्ति प्रमाण–पत्र"** पेश करना चाहिए।

6.0 चिकित्सीय स्वस्थता (मेडिकल फिटनेस)

उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सीय स्वस्थता मानक के अनुरूप चिकित्सीय रूप से स्वस्थ पाए जाने पर की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा प्राधिकृत चिकित्सा (मेडिकल) बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य जाँच करानी होगी तथा अंतिम नियुक्ति/योगदान कंपनी द्वारा प्राधिकृत चिकित्सा बोर्ड द्वारा इस चिकित्सीय रूप से स्वस्थता प्रमाण जारी करने पर निर्भर करेगा।

7.0 महत्वपूर्ण तिथियाँ :

विवरण	तिथि
कंपनी के वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारंभ होने एवं ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि	01.03.2020 प्रातः 9:30 बजे से
एसबी कलेक्ट के जरिए भुगतान स्वीकार करने की तिथि	01.03.2020 से 29.03.2020
ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि	30.03.2020 रात्रि 12:00 बजे तक
सिर्फ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के जरिए सीएमपीडीआई में अन्य सभी संलग्नकों के साथ ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र की हार्ड कापी प्राप्त करने की तिथि	15.04.2020
ऑन लाइन एडमिट कार्ड (प्रवेश–पत्र) डाउन लोड करने की तिथि	सीएमपीडीआई के वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी

8.0 चयन की प्रक्रिया :

8.1 निर्धारित आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। आशुलिपि (अंग्रेजी) पद के लिए जिन अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें आशुलिपि जाँच (परीक्षा) के लिए बुलाया जाएगा। इसका चयन सिर्फ अभ्यर्थी की लिखित परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा में सापेक्ष (रिलेटिव) उपलब्धि के आधार पर किया जाएगा।

पद का नाम	चयन प्रक्रिया
उप सर्वेक्षक (खान)	लिखित परीक्षा > दस्तावेज की जाँच
आशुलिपिक (अंग्रेजी)	लिखित परीक्षा > आशुलिपि जाँच > दस्तावेज की जाँच

8.2 अभ्यर्थियों को सिर्फ उनके आवेदन प्रपत्र में घोषित/सुपुर्द उनकी योग्यता के बारे में की गई घोषणा के आधार पर ही लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा पेश किए गए आवेदन–प्रपत्र तथा दस्तावेज की संवीक्षा/सत्यापन लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित करने के बाद किया जाएगा और यह सिर्फ उन अभ्यर्थियों के लिए किया जाएगा, जिन्होंने लिखित परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा (सिर्फ आशुलिपिक अंग्रेजी के लिए) विहित निर्धारित अंक (कट–आफ) अंक प्राप्त किया है। विहित जाँच के बाद दस्तावेज की संवीक्षा/सत्यापन के दौरान आवेदन तथा उसके साथ संलग्न दस्तावेज में दिए गए विवरण यदि पारामीटर से मेल नहीं खाता हो, तो इस तरह के आवेदक की अभ्यर्थिता को तत्काल अयोग्य करार कर दिया जाएगा चाहे उसने लिखित परीक्षा में जितना भी अंक हासिल किया हो।

8.3 उप सर्वेक्षक (खान) के पद के लिए

8.3.1 लिखित परीक्षा ओएमआर के जरिए ली जाएगी और इसमें बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (एमसीक्यू) रहेंगे। इसमें दो पत्र होंगे। **द्विभाषी** प्रारूप में **(हिन्दी/अंग्रेजी)** होंगे ; एक तकनीकी पत्र है और दूसरा सामान्य जिसमें मानसिक दक्षता, संख्यात्मक (क्वान्टिटैटिव) दक्षता, तार्किक एवं तर्कबुद्धि लॉजिकल एंड रीजनिंग कौशल के प्रश्न होंगे। इनका ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क्र.सं.	पत्र	पूर्णांक	समय	प्रश्न	चयन में महत्व
1.	पत्र–I तकनीकी	100	2 घंटे	एक–एक अंक के 100 बहु विकल्पीय प्रश्न	लिखित परीक्षा 70 प्रतिशत महत्व
2.	पत्र–II सामान्य	50	2 घंटे	एक–एक अंक के 50 बहु विकल्पीय प्रश्न	लिखित परीक्षा 30 प्रतिशत महत्व

8.3.2 अर्हता प्राप्त करने (क्वालिफाई) के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रत्येक पत्र में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा। अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी के अभ्यर्थियों को प्रत्येक पत्र में कम–से–कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अपेक्षित।

8.4 आशुलिपिक (अंग्रेजी) के पद के लिए :

8.4.1 ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा ली जाएगी और इसमें बहुविकल्पीय प्रकार (एमसीक्यू) प्रकार के प्रश्न होंगे। इसमें प्रथम–पत्र की लिखित परीक्षा होगी उसके बाद आशुलिपि परीक्षा।

8.4.2 पेपर 1 की लिखित परीक्षा **द्विभाषी प्रपत्र (हिन्दी/अंग्रेजी)** में होगी। विस्तृत विवरण नीचे दिया जा रहा है :

क्र.सं.	विवरण	कुल अंक	समय	प्रश्न	अन्युक्ति
1.	पेपर 1	100	2 घंटे	एक–एक अंक का 100 बहुविकल्पीय प्रश्न	यह केवल क्वालिफाईंग प्रकार का होगा। और उम्मीदवारों को 1 : 20 अनुपात अर्थात् 20 एससी एवं 40 एसटी उम्मीदवार प्रत्येक के साइज में स्टेनोग्राफी परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

8.4.3 **स्टेनोग्राफी टेस्ट मोडालिटीज :** उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के अनुसार स्टेनोग्राफी टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा अर्थात् लिखित परीक्षा में अधिक/उच्च अंक प्राप्त उम्मीदवारों को कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से पहले बुलाया जाएगा।

8.4.4 स्टेनोग्राफी टेस्ट के लिए 400 शब्दों का अंग्रेजी अनुच्छेद होगा, जिसे 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट में डिक्टेशन (श्रुतिलेख) दिया जाएगा। 05 (पाँच) मिनट का समय अनुच्छेद (पैसेज) को पढ़ने के लिए दिया जाएगा तथा 30 मिनट का समय पीसी (पर्सनल कम्प्यूटर) पर अनुच्छेद के लिए लिप्यंतरण (ट्रांसक्रिप्सन) के लिए दिया जाएगा। स्टेनोग्राफी टेस्ट में परफार्मेंस के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी।

8.5 स्टेनोग्राफी टेस्ट के लिए उम्मीदवार को पीसी अनुकूल न हो तो वे अपने स्वयं के टाइपराइटर के साथ शामिल हो सकते हैं। लैपटॉप की अनुमति नहीं दी जाएगी। नेत्रहीन उम्मीदवारों को स्टेनोग्राफी टेस्ट के लिए पेपर रोल सहित ब्रेल शार्टहैंड मशीन के साथ आने की सलाह दी जाती है और उन्हें पैसेज (अनुच्छेद) के ट्रांसक्रिप्सन (लिप्यंतरण) के लिए अंग्रेजी टाइपराइटर उपलब्ध कराया जाएगा।

8.6 लिखित परीक्षा [डिप्टी सर्वेयर (खान)] एवं स्टेनोग्राफी टेस्ट [स्टिनोग्राफर (अंग्रेजी)] में परफॉर्मेंस के आधार पर मेधा सूची तैयार किया जाएगा। समान अंक के मामले में इसे बिंदु 8.9 के अनुसार रिजॉल्व (समाधान) किया जाएगा।

8.7 योग्य अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) में इंस्ट्रक्शन (निर्देश) दिया जाएगा और पाठ्यक्रम/तिथि/स्थान/समय आदि के बारे में सूचना सीएमपीडीआई के वेबसाइट पर दिया जाएगा।

8.8 लिखित परीक्षा के लिए मॉडल क्वेश्चन पेपर सीएमपीडीआई के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

8.9 स्टेनोग्राफी टेस्ट के लिखित परीक्षा/गलतियों में प्राप्त कुल अंक के एक समान होने के मामले में नीचे दिए गए निम्नलिखित मानदंड अपनाए जाएँगे :

क) पेपर–। के लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंक के द्वारा

ख) मूल योग्यता का पासिंग वर्ष के द्वारा

ग) न्यूनतम शैक्षिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशतता अंक के द्वारा

घ) जन्म की तिथि (जिसका पहले हो) के द्वारा

8.10 लिखित परीक्षा के परिणाम का सीएमपीडीआई की वेबसाइट **www.cmpdi.co.in** में दर्शाया जाएगा। सफल अभ्यर्थियों के नाम को उनके टेस्टिमोनियल की संवीक्षा/जाँच के लिए अधिसूचित किया जाएगा। अभ्यर्थी को इस विज्ञापन में अधिसूचित किए गए योग्यता मानदंड के अनुसार सभी मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के साथ संवीक्षा/सत्यापन के लिए शामिल होना होगा। संवीक्षा/सत्यापन के लिए तिथि और स्थान को सीएमपीडीआई के वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा और तदनुसार अभ्यर्थी को रिपोर्ट करना होगा।

8.11 औपबंधिक मेधा सूची को केवल सीएमपीडीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अस्थायी प्रस्ताव उनके संबंधित मैरिट पोजिशन के अनुसार जारी किया जाएगा और आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों और रिक्तियों के लिए आरक्षण पर विधिवत् विचार किया जाएगी।

8.12 लिखित परीक्षा **राँची के केवल** किसी एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित की जाएगी।

9.0 विशेष सहायता (यदि कोई हो) :

40 प्रतिशत (चालीस प्रतिशत) अथवा इससे अधिक की अपंगता के साथ इसके अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा में यदि कोई विशेष सहायता/लिखने वाले व्यक्ति की जरूरत को अभ्यर्थी द्वारा अग्रिम अनुरोध किया जाना चाहिए और अंतिम तिथि (30.03.2020) से पूर्व आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी सौंपा जाना चाहिए। पीडब्ल्यूडी के लिए सहायता/पूरक समय आदि जी ओ आई के निशा–निर्देश के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्न–पत्र और प्रश्नोत्तर पत्र ब्रेल में उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

10.0 सामान्य अनुदेश :

10.1 आवेदन पत्र की समय पर प्राप्ति की पूरी जिम्मेदारी/उत्तरदायित्व अभ्यर्थियों पर पूर्णतः होगी। फटे/डैमेज्ड आवेदन–पत्र अथवा डाक में देरी के कारण देर से प्राप्त आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10.2 अभ्यर्थियों को आवेदन करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे योग्यता के सभी मानदंड और आवेदन करने वाले पद के लिए निर्धारित अन्य जरूरतों को पूरा करते हों तथा उनके द्वारा दिए गए विवरण सभी मामले में सही हो। अभ्यर्थी द्वारा दी गई यदि कोई झूठी/गलत जानकारी अथवा एकरूपता नहीं पाई जाती है तो नियुक्ति प्रक्रिया अथवा नियुक्ति कार्य भार ग्रहण करने के बाद, किसी भी स्टेज में उनका/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

10.3 अभ्यर्थियों को पद के निर्धारित मानदंड को पूरा करने हेतु सुनिश्चित कर लें वे जिसके लिए आवेदन दिए हैं। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण अथवा अभ्यर्थी के नियुक्ति के बाद यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना झूठा अथवा गलत और कोई सूचना/महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाया जाता है अथवा योग्यता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी बिना सूचना दिए रद्द समाप्त कर दी जाएगी।

10.4 ऑन लाइन आवेदन पत्र की सुपुर्दगी के बाद किसी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। तथापि, आवेदन–पत्र सुपुर्दगी से पूर्व सभी अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह सभी योग्यता पूरा करते हों और विज्ञापन में वर्णित अन्य मानदंडों पूरा करते हों और अंतिम रूप से आनलाइन सुपुर्दगी से पूर्व आवेदन पूरी तरह से भरा हुआ होना चाहिए और जन्मतिथि जाति, सम्पर्क विवरण, योग्यता विवरण आदि सही हो यह दुबारा जाँच लेनी चाहिए।

10.5 योग्यता मानदंड, आवेदन की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति पद के लिए चयन के तरीके आदि से संबंधित सीएमपीडीआई प्रबंधन का निर्णय सभी अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा। न्यूनतम योग्यता और कार्य आवश्यकता, की पूर्तिमान होने से कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/दस्तावेज जाँच के लिए बुलाए जाने के लिए अभ्यर्थी का कोई अधिकार नहीं होगा। अयोग्य पाए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा और उन्हें लिखित परीक्षा/दस्तावेज जाँच के लिए नहीं बुलाया जाएगा।

10.6 दस्तावेज जाँच के समय दिए गए प्रमाण पत्रों/डाटा की फोटोकॉपी/मूल प्रति से आवेदन पत्र और सूचना में यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसका/उनकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

10.7 किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए बिंदु 2.0 में दिए गए स्वीकार्य शैक्षणिक योग्यता में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

10.8 जहाँ कहीं भी सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए/डीजीपीए आदि दिया गया हो वहाँ बोर्ड द्वारा अपनाए गए मानदंड के अनुसार आवेदन पत्र में अंकों का समतुल्य प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए।

10.9 आनलाइन आवेदन–पत्र की सुपुर्दगी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक भूतपूर्व सैनिक को उनको सेवा से विमुक्त होना चाहिए।

10.10 प्रयोज्यता के अनुसार सभी दस्तावेज (जाति प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता आदि) और अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी दस्तावेज के अनुसार जो जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए तथा यदि लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/रोजगार के किसी अगले चरण में संतोषजनक/सही नहीं पाया जाता है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

10.11 भर्ती अथवा बाद के किसी भी चरण में यदि अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी में कदाचार में दोषी पाया जाता है, जो निम्नलिखित है :

क) किसी व्यक्ति द्वारा इम्पसोनेटिंग या प्रोक्योरिंग इन्पसोनेटिंग

ख) चयन प्रक्रिया के दौरान उसकी उम्मीदवारी के संबंध में गलत साधन को बहाल (रिस्टोर) करना

ग) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव (दबाव) का इस्तेमाल

घ) गलत प्रमाण–पत्र/दस्तावेज पेश करना या किसी स्थिति (चरण) में किसी जानकारी (सूचना) को दबाना

ङ.) परीक्षा में शामिल होते समय या उसके बाद अपने कोटि (कैटेगरी) एससी/अ.जा./एसटी/अ.ज.जा./ओबीसी/अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक/शारीरिक विकलांगता के बारे में गलत सूचना (जानकारी) देने पर अन्य कार्रवाई करने या कानूनी सहारा जो उचित लगे लेने के अलावा उसकी उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी तथा उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

10.12 बिना सूचना दिए अथवा अन्य कारण से यदि आवश्यक हुआ तो, भर्ती प्रक्रिया में रिक्तियों की संख्या और रद्द/रूपांतरण/बदलाव का अधिकार सीएमपीडीआई के पास होगा।

10.13 विज्ञापन में किसी प्रकार का रूपांतर/संशोधन/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट आदि केवल सीएमपीडीआई के वेबसाइट **www.cmpdi.co.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। किसी भी समाचार पत्र/किसी अन्य मीडिया में इससे संबंधित सूचना नहीं दी जाएगी।

10.14 सभी अभ्यर्थियों को सर्वर/नेटवर्क कंजेशन के असफल होने की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा नहीं करने तथा क्लोजिंग तिथि तक प्रतीक्षा नहीं करने तथा क्लोजिंग तिथि से बहुत पहले आवेदन करने की सलाह दी जाती है। इस संबंध में देरी से आवेदन देने और कोई पत्राचार को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10.15 अंग्रेजी के अलावा अन्य रूपांतरण में यदि द्विअर्थी/विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी रूप मान्य माना जाएगा।

10.16 लिखित परीक्षा के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के परिणाम और <u>पर्सनल इंटरव्यू</u> में सफल अभ्यर्थियों के नाम सीएमपीडीआई के वेबसाइट **www.cmpdi.co.in** में प्रकाशित किया जाएगा। अतः सभी अभ्यर्थियों से हमारे वेबसाइट बार–बार देखने का अनुरोध किया जाता है।

10.17 सरकारी, अर्द्ध–सरकारी अथवा पब्लिक अंडरटेकिंग जिसमें **कोल इंडिया अथवा इसके अनुषंगी कंपनियों** /आटोनोमस बॉडीज में कार्यरत कर्मचारियों को इन कंपनियों से **अनापत्ति प्रमाण–पत्र** लेकर दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा के समय जमा करना होगा।

10.18 दस्तावेज के जांच के लिए बुलाए जाने वाले एससी/एसटी अभ्यर्थी को ट्रेन की द्वितीय श्रेणी (नॉन–एसी) आने–जाने के किराए का भुगतान, का उनके दिए गए पते और राँची के लिए **सबसे कम दूरी वाले** रूट की टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा।

10.19 इस विज्ञापन में उपलब्ध कराए गए अन्य को छोड़कर लिखित परीक्षा, प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा/सत्यापन में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

10.20 अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ के लिए ऑन लाइन आवेदन पत्र में अपलोड किए गए फोटो की समान प्रतियाँ पर्याप्त मात्रा में रख लेने का अनुरोध किया जाता है।

10.21 चयनित अभ्यर्थियों को सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थानों (आरआई)/मुख्यालय में पदस्थापित किया जा सकता है और उनकी सेवा अवधि में कोल इंडिया लिमिटेड के अन्य अनुषंगी कंपनियों में स्थानांतरण, जहाँ आवश्यक हो किया जा सकता है।

10.22 योग्यता, आवेदन पत्र की स्वीकृति अथवा अस्वीकृत, चयन के तरीके, परीक्षा के संपादन/आयोजन और इंटरव्यू अथवा भर्ती से संबंधित कोई अन्य मामले से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं होगा। उपर्युक्त मामले पर सीएमपीडीआई के प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

10.23 अभ्यर्थी अपनी भर्ती से संबंधित पूछताछ के लिए केवल कार्यदिवस (सोमवार–शुक्रवार) में कार्य की अवधि के दौरान ईमेल आईडी **recruitment.cmpdi@coalindia.in** पर या संपर्क हेल्पलाइन **0651–279–2222** पर संपर्क कर सकते हैं।

10.24 किसी भी प्रकार का विवाद राँची के न्यायाधिकरण क्षेत्र में आएगा।

अनुग्नक –।

अभ्यर्थियों के लिए चेकलिस्ट : संलग्नित दस्तावेज जिन्हें सीएमपीडीआई को भेजा जाना चाहिए।

1. 'ऑनलाइन आवेदन फॉर्म' का प्रिंट ☐
2. मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित वैध छाया प्रति (जन्म तिथि के समर्थन में) ☐
3. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में उल्लिखित सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों (मैट्रिकुलेशन से आगे बढ़ते क्रम में) स्व–अभिप्रमाणित प्रतियाँ। ☐
4. उप सर्वेक्षक(खान) के लिए डीजीएमएस द्वारा प्रदत सर्वे सर्टिफिकेट आफ कंपीटेंसी की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ☐
5. विहित प्रपत्र में भूतपूर्व सैनिक प्रमाण–पत्र द्वारा विधिवत् गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्गत अपंगता प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो) की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि। ☐
6. एसवी कॉलेक्ट रेफरेंस नंबर वाला एसबीआई प्राप्ति स्वीकृति रसीद/रेमिटेंस फार्म का प्रिंट ☐
7. चार (04) पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ जिसके पृष्ठ भाग पर नाम एवं आवेदन संख्या लिखा हुआ हो (उसी तरह का फोटोग्राफ होना चाहिए जो आवेदन –प्रपत्र पर अपलोडेड है)। ☐
8. सिर्फ पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए यदि अपेक्षित हो) लिखित परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा हेतु अपेक्षित सहायार्थ आवेदन ☐
9. 27 से.मी. X 12 से.मी. आकार का अच्छी गुणवत्ता वाला स्व पता लिखित बिना टिकट लगा लिफाफा। ☐
10. संबंधित योग्यता के बाद वाला अनुभव प्रमाण–पत्र, यदि कोई हो, की स्वअभिप्रमाणित प्रतिलिपि। ☐

1	2	3	4
(आवेदन पत्र में दिये गए फोटो के समान फोटो चिपकाएँ)	(आवेदन पत्र में दिये गए फोटो के समान फोटो चिपकाएँ)	(आवेदन पत्र में दिये गए फोटो के समान फोटो चिपकाएँ)	(आवेदन पत्र में दिये गए फोटो के समान फोटो चिपकाएँ)

भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर

ADMISSIONS 2020

नियमित **(1) अनुसंधान कार्यक्रम** पीएचडी/एम टेक (अनुसंधान); **(2) पाठ्यक्रम कार्यक्रम** (एम टेक/एम डिज़ाइन/एम प्रबंधन); **(3) एकीकृत पीएचडी कार्यक्रम;** और **(4) पीएचडी बाह्य पंजीकरण कार्यक्रम (ईआरपी)** में भी भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश संचालनों का सार निम्नलिखित पैराग्राफ में दिया गया है। योग्यता, विशेषज्ञता, अनुसंधान के क्षेत्र, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरणों के लिए आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे आईआईएससी वेबसाइट में उपलब्ध अलग लिंक को देखें। (उदाहरण के लिए http://www.iisc.ac.in → भर्ती → कार्यक्रम → पीजी अनुसंधान कार्यक्रम → एम टेक (अनुसंधान)/पीएचडी → योग्यता)।

उम्मीदवार, जो अपनी योग्यता परीक्षाओं के अंतिम सेमस्टर/वर्ष सहित शैक्षणिक योग्यता रखते हैं, लेकिन दि. 31 जुलाई 2020 तक डिग्री प्रदान करने की सभी आवश्यकताओं (जैसे परीक्षाएँ, परियोजना शोध प्रबंध, मौखिक परीक्षा आदि) को पूरा करने की उम्मीद है, आवेदन करने के लिए पात्र हैं और वे 31 अक्तूबर, 2020 तक आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. अनुसंधान कार्यक्रम पीएचडी/एम टेक (अनुसंधान)

1.1 विभाग/क्षेत्र :

विज्ञान संकाय में पीएचडी: खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी, जैव रसायन, पारिस्थितिकी विज्ञान, उच्च ऊर्जा भौतिकी, अकार्बनिक और भौतिक रसायन विज्ञान, पदार्थ अनुसंधान, गणित, सूक्ष्मजीवविज्ञान और कोशिका जीवविज्ञान, आणविक जैव भौतिकी, आणविक प्रजनन, विकास और आनुवंशिकी, तंत्रिका विज्ञान, कार्बनिक रसायन विज्ञान, भौतिकी और ठोस अवस्था और रसायन विज्ञान।

एम टेक (अनुसंधान) तथा इंजीनियरिंग संकाय में पीएचडी: वांतरिक्ष इंजीनियरिंग, वायुमंडलीय और महासागरीय विज्ञान, रसायन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और स्वचालन, भू-विज्ञान, विद्युत संचार इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन, प्रबंधन अध्ययन (पीएचडी मात्र), पदार्थ इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग (पीएचडी मात्र), उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण, निर्वहणीय प्रौद्योगिकियाँ, और कम्प्यूटेशनल और डेटा विज्ञान।

अंत:विषय क्षेत्रों में पीएचडी: बायो सिस्टम विज्ञान और इंजीनियरिंग (बायो सिस्टम विज्ञान और इंजीनियरिंग केंद्र द्वारा प्रस्तावित), ऊर्जा (ऊर्जा अनुसंधान के लिए अंत:विषयक केंद्र द्वारा प्रस्तुत), गणितीय विज्ञान (राष्ट्रीय गणित पहल द्वारा प्रस्तावित), नैनो-विज्ञान और इंजीनियरिंग (नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग द्वारा प्रस्तावित), जल अनुसंधान (जल अनुसंधान के लिए अंत:विषयक केंद्र द्वारा प्रस्तावित) साइबर भौतिक सिस्टम (रॉबर्ट बॉश भौतिक सिस्टम केंद्र द्वारा प्रस्तावित), जलवायु परिवर्तन (जलवायु परिवर्तन के लिए दिवेचा केंद्र द्वारा प्रस्तावित), मस्तिष्क और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (मस्तिष्क, कॉम्प्यूटेशन और डेटा विज्ञान ग्रुप द्वारा प्रस्तावित)।

1.2 पात्रता: निम्नलिखित डिग्री में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या उसके समकक्ष योग्यता रखने वाले उम्मीदवार यथा लागू अलग विभागों/क्षेत्रों में आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

क्रम सं.	योग्यता की डिग्री	राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में अर्ह होना (प्रवेश का तरीका)
1	इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/4 वर्षीय विज्ञान स्नातक में स्नातक डिग्री।	वैध गेट स्कोर*/नेट जेआरएफ** अनिवार्य है
2	विज्ञान में मास्टर डिग्री/अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, प्रबंधन, वाणिज्य, संचालन अनुसंधान, कंप्यूटर विज्ञान/अनुप्रयोग में मास्टर डिग्री	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है
3	इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/वास्तुकला/कृषि/फार्मेसी/ पशु चिकित्सा विज्ञान में मास्टर डिग्री	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ/जीपीएटी होना वांछनीय है।
4	एमएस/एमबीए (बीई/बी टेक/एम एससी के बाद) – (प्रबंधन अध्ययन/पारिस्थितिकी विज्ञान विभाग के लिए लागू)	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ होना वांछनीय है।
5	किसी भी केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों से इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री या इसके समकक्ष, तथा 10 में से 8.5 का न्यूनतम सीजीपीए या इसके समकक्ष (केवल पीएचडी के लिए)	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ होना वांछनीय है।
6	एमबीबीएस/एमडी	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ होना वांछनीय है।
7	बी फार्मा	वैध जीपीएटी स्कोर/जेआरएफ
8	यूपीएससी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त व्यावसायिक सोसाइटीं द्वारा इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री के समान की परीक्षाओं के माध्यम से प्राप्त योग्यता के साथ भौतिकी/रसायन विज्ञान/गणित/ सांख्यिकी/कंप्यूटर विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातक डिग्री धारक।	वैध गेट स्कोर/नेट जेआरएफ अनिवार्य है

*गेट का स्कोर 1 अगस्त, 2010 तक मान्य होना चाहिए। 2018/2019/2020 के वर्षों के लिए वैध गेट स्कोर प्राप्त करने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

**नेट जेआरएफ में शामिल हैं – जेआरएफ के लिए सीएसआईआर-यूजीसी नेट; जेआरएफ के लिए यूजीसी-नेट; डीबीटी जेआरएफ; आईसीएमआर जेआरएफ; जेईएसटी; एनबीएचएम स्क्रीनिंग टेस्ट 2020; इन्सपायर फैलो।

1.3 पात्रता: शॉर्ट-लिस्टिंग या तो राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर अथवा ऊपर दी गई तालिका के अनुसार योग्यता डिग्री परीक्षा में अकादमिक प्रदर्शन पर आधारित है। अंतिम चयन एक साक्षात्कार में प्रदर्शन पर आधारित है (कुछ विभागों में, साक्षात्कार/अंतिम साक्षात्कार से पहले एक योग्यता परीक्षा/प्रारंभिक साक्षात्कार होगा)।

2 पाठ्यक्रम कार्यक्रम एम टेक / एम डिज़ाइन/एम प्रबंधन

2.1 एम टेक कार्यक्रम

2.1.1 विभाग/कार्यक्रम	2.1.3 चयन प्रक्रिया
वांतरिक्ष इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन और अनुप्रयुक्त भौतिकी, पदार्थ इंजीनियरिंग	केवल गेट स्कोर के आधार पर
रसायनिक इंजीनियरिंग, जलवायु विज्ञान, कॉम्प्यूटेशनल और डेटा विज्ञान, भू-विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, सूक्ष्मइलेक्ट्रॉनिक और वीएलएसआई डिज़ाइन	गेट स्कोर और योग्यता परीक्षा/साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर
कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संचार और नेटवर्क, नैनो विज्ञान और इंजीनियरिंग, सिग्नल प्रोसेसिंग, स्मार्ट विनिर्माण	गेट स्कोर और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर

2.1.2 पात्रता: वैध गेट 2018/2019/2020 स्कोर के साथ इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी के एक उपयुक्त क्षेत्र में मान्य स्नातक की डिग्री में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या उसके समकक्ष रखने वाले उम्मीदवार अथवा यथालागू विभाग/कार्यक्रम के लिए भौतिक विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर अनुप्रयोग में मास्टर डिग्री या मान्य **गेट 2017/2018/2019 स्कोर** के साथ कंप्यूटर अनुप्रयोग में मास्टर डिग्री रखनेवाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

2.1.3 एम टेक प्रोग्राम साक्षात्कार कार्यक्रम को आईआईएससी वेबसाइट www.iisc.ac.in/admissions के तहत महत्वपूर्ण तिथियों के अधीन दिए गए हैं।

2.1.4 आम प्रस्ताव स्वीकृति पोर्टल (सीओएपी) उम्मीदवार को शैक्षणिक संस्थानों (आईआईएससी और आईआईटी) में गेट के माध्यम से एम.टेक कार्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु सबसे पसंदीदा विकल्प बनाने के लिए एक सामान्य मंच प्रदान करता है।

उपरोक्त सभी विषयों के लिए तथा एम.डिज़ाइन (गेट स्ट्रीम से) के लिए भी आईआईएससी के एम.टेक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रस्ताव सीओएपी पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए उम्मीदवारों को सीओएपी पर पंजीकरण करना होगा तथा आवेदक के इंटरफेस पर सीओएपी पंजीकरण संख्या को अपडेट करना होगा।

2.1.5 प्रायोजित श्रेणी के तहत पाठ्यक्रम कार्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले रक्षा, बीएआरसी, डीआरडीओ, इस्रो, एनएएल, एनटीआरओ, केएसआरटीसी, बीएमटीसी, बीडीए, पीडब्ल्यूडी और सीपीआरआई से **प्रायोजित उम्मीदवारों** को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा और 30 मार्च 2020 या उसके पहले मुद्रित आवेदन को दो प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा।

2.2 उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण केंद्र द्वारा प्रस्तावित उत्पाद डिजाइन और इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ डिजाइन (एम डिजाइन)

2.2.1 पात्रता: इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/डिजाइन/वास्तुकला में स्नातक की डिग्री में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी ले साथ **मान्य गेट 2018/2019/2020 या सीईईडी 2020** रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

2.2.2 चयन प्रक्रिया: शॉर्ट-लिस्टिंग एक मान्य गेट/सीईईडी स्कोर पर और उसके बाद आईआईएससी की वेबसाइट पर महत्वपूर्ण तिथियों के तहत दी गई अनुसूची के अनुसार सम्पन्न डिज़ाइन अभिक्षमता परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगी। चयन गेट/सीईईडी, डिज़ाइन अभिक्षमता परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। गेट स्कोर पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए प्रवेश प्रस्ताव और परिणाम जारी करने की घोषणा सीओएपी के माध्यम से होगा, और सीईईडी पर आधारित लोगों के लिए, सीधे संस्थान द्वारा होगा। अत: गेट उम्मीदवारों को भाग 2.1.4 के अधीन दिए अनुसार सीओएपी पर दर्ज करने की आवश्यकता है।

2.3 प्रबंधन में मास्टर (एम. प्रबंधन)

2.3.1 पात्रता: इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातक या समकक्ष की डिग्री में न्यूनतम प्रथम श्रेणी के साथ **मान्य गेट 2018/2019/2020 या सीएटी 2019 या जीमैट स्कोर** रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

श्री पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत निर्धन परिवार की महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का कार्य किया जा रहा है। इन महिलाओं को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रोज़गार गतिविधियों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम की महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में गठित कर उनकी रुचि के अनुसार, रोज़गारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण तथा बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मार्केट मुहैया कराने का कार्य भी मिशन के तहत किया जा रहा है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में जनवरी 2020 के अंत तक ग्रामीण अंचल में 2 लाख 84 हजार स्व-सहायता समूहों का गठन कर 32 लाख 21 हजार महिलाओं को सदस्य बनाया गया है।

इन समूहों में 9.50 लाख परिवार कृषि आधारित गतिविधियों में, 2 लाख 39 हजार परिवार पशुपालन एवं डेयरी विकास गतिविधियों में, शेष 3 लाख 51 हजार परिवार गैर कृषि आधारित गतिविधियों से तथा अन्य परिवारों को साबुन, अगरबत्ती, मसाले, सैनेटरी नैपकिन, स्वच्छता सामग्री और गैर वानिकी उत्पादों का मूल्य संवर्धन का काम स्व-सहायता समूह सदस्य के रूप में इन परिवारों द्वारा किया जा रहा है।

पार्षदों की निर्वाचन व्यय सीमा निर्धारित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषदों तथा नगर परिषदों में पार्षदों के निर्वाचन के लिये व्यय सीमा निर्धारित की गयी है। दस लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक निगमों में पार्षदों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 3 लाख 75 हजार रुपये और 10 लाख से अधिक जनसंख्या पर 8 लाख 75 हजार रुपये निर्धारित की गयी है।

इसी तरह नगरपालिका परिषदों में एक लाख से अधिक जनसंख्या पर 2 लाख 50 हजार रुपये, 50 हजार से एक लाख तक जनसंख्या पर एक लाख 50 हजार रुपये और 50 हजार से कम जनसंख्या की नगरपालिका परिषदों के पार्षदों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गयी है। नगर परिषदों के लिये यह व्यय सीमा 75 हजार रुपये तय की गयी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बीओटी सड़कों के निर्माण और उनके रख-रखाव की निगरानी हो

भोपाल बायपास रोड टोल प्लाजा को निलंबित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, बीओटी के तहत बनने वाली सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता और उनके रख-रखाव पर निगरानी रखी जाये तथा गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की 39वीं संचालक मंडल की बैठक में दिए। बैठक में बीओटी के तहत प्रस्तावित 957.19 किलोमीटर लम्बी लगभग 3 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 12 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई।

श्री कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए यह जरूरी है कि बेहतर सड़कें हों। इससे जहां एक ओर आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं वहीं पर्यटन की संभावनाएं भी विकसित होती हैं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि सड़कों के निर्माण में प्रोटोकॉल का पालन हो और उनका मेंटेनेंस भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुबारकपुर से मिसरोद 45 किलोमीटर भोपाल बायपास रोड पर स्थित टोल नाके का रख-रखाव ठीक ढंग से न होने पर उसे निलंबित करने के निर्देश दिए। यह टोल नाका अब मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित किया जाएगा।

बैठक में सीएसआर के अंतर्गत भोपाल, देवास, छिंदवाड़ा और ओरछा में आम लोगों के लिए। करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से लायब्रेरी खोलने एवं फास्ट ट्रैक सिस्टम को स्टेट टोल प्लाजाओं पर लागू करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल-देवास रोड मार्ग का चयन किया गया। बैठक में बीओटी के तहत हरदा से खण्डवा, देवास-उज्जैन-बड़नगर-बदनावर, रीवा-बेहरी, बेहरी से शहडोल, रायसेन-गैरतगंज, राहतगढ़, रतलाम-झाबुआ, गोसला-महिदपुर-गोगापुर, चाँदला-सरवई, गौरीहार, मातोन्ड, मलेहरा-लोंडी-चांदला-अजयगढ़, होशंगाबाद-पिपरिया, होशंगाबाद-टिमरनी और सिवनी-बालाघाट मार्ग के निर्माण की मंजूरी दी गई। बैठक में मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहंती, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास श्री संजय दुबे एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री सुदाम पी. खाड़े उपस्थित थे।

अतिरिक्त आय के लिये पशुपालन अपनाएं किसान

भोपाल, पशुपालन, मत्स्य विकास एवं मछुआ कल्याण मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने किसानों से कहा है कि पशुपालन अपनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पशुधन बीमा योजना लागू होने से पशुपालन व्यवसाय में पशुधन हानि की भरपाई संभव हो गई है। श्री यादव ने बताया कि यह योजना प्रदेश के सभी जिलों में लागू की गई है।

श्री यादव ने बताया कि पशुधन बीमा योजना में दुधारु पशु के साथ सभी श्रेणी के पशुधन का भी बीमा कराया जा सकता है। एक हितग्राही अधिकतम 5 पशुओं का बीमा करा सकता है। उन्होंने कहा कि भेड़, बकरी, शूकर आदि में 10 पशुओं की संख्या को एक पशु इकाई माना जाएगा। इससे यह आशय है कि भेड़, बकरी एवं शूकर पालक एक बार में 50 पशुओं का बीमा करा सकेंगे। बीमा प्रीमियम पर एपीएल श्रेणी को 50 प्रतिशत तथा बीपीएल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पशुपालकों को 70 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। शेष राशि हितग्राही द्वारा वहन की जायेगी।

श्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि बीमा प्रीमियम की अधिकतम दर एक वर्ष के लिये 3 प्रतिशत तथा तीन वर्ष के लिये 7.50 प्रतिशत देय होगी। प्रदेश में वर्तमान में 2.45 प्रतिशत तथा 5.95 प्रतिशत दर लागू है। पशुपालक अपने पशुओं का बीमा एक वर्ष से लेकर तीन वर्ष तक के लिये करा सकेंगे।

श्री यादव ने बताया कि बीमित पशुओं के पालकों को पशु की मृत्यु की सूचना 24 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को देना होगी। पशुपालन विभाग के चिकित्सक शव का परीक्षण करेंगे और रिपोर्ट में मृत्यु के कारणों का उल्लेख करेंगे।

सभी अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 10 मार्च (होली), 14 मार्च (रंगपंचमी/द्वितीय शनिवार), 25 मार्च (गुड़ी पड़वा/चैती चांद), 08, 15, 22 एवं 29 मार्च (रविवार) को बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केंद्र उक्त छुट्टियों के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। विद्युत वितरण कम्पनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में राउंड द क्लॉक चेक से बिल भुगतान कर सकेंगे।

नागरिक भोपाल शहर में अरेरा कॉलोनी, एम.पी. नगर, टी.टी. नगर, वल्लभ नगर, गोविंदपुरा, शक्तिनगर, विद्यानगर, रॉयल मार्केट, राज होम्स, शाहपुरा, रचना नगर, बस स्टैण्ड, कोटरा, बैरागढ़, चांदबड़, करोंद, शिवाजी नगर, सुल्तानिया, छोला एवं जहाँगीराबाद पर लगी ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

आबकारी नीति के क्रियान्वयन के लिये मंत्रिपरिषद् समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने वर्ष 2020-21 के लिये आबकारी नीति के क्रियान्वयन और अनुषांगिक विषयों पर निर्णय लेने तथा परिस्थितिवश निर्मित स्थिति पर राजस्व हित में तात्कालिक निर्णय लेने के लिये तीन सदस्यीय मंत्रिपरिषद् समिति का गठन किया है।

समिति के सदस्य वाणिज्यिक कर मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री तरुण भनोट, नर्मदा घाटी विकास और पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल हैं।

दूरदर्शन के साथ समन्वय बढ़ाकर प्रभावी बनाएंगे योजनाओं का प्रचार-प्रसार

भोपाल, संचालक जनसम्पर्क श्री ओ.पी. श्रीवास्तव ने दूरदर्शन केंद्र में प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आयोजित स्ट्रिंगर्स की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये कहा है कि जनसम्पर्क विभाग विभिन्न माध्यमों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक सफलतापूर्वक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा है कि दूरदर्शन के साथ समन्वय बढ़ाकर इस कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाचारों के लिये दूरदर्शन आज भी सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम माना जाता है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन के स्ट्रिंगर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से समाचार संकलित कर जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में अहम् भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यशाला को पत्र-सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक श्री प्रशांत पाठरावे तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति श्री दीपक तिवारी ने भी संबोधित किया। दूरदर्शन के प्रादेशिक समाचार एकांश की प्रमुख सुश्री पूजा पी. वर्धन ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मंत्रिपरिषद् के निर्णय

पंद्रह ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजनायें मंजूर

स्टेट एलाइड हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट के लिये 113 पद सृजित करने का लिया गया निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली 15 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजनाओं को स्वीकृति दी गयी। इन जलप्रदाय योजनाओं की कुल अनुमानित लागत 7854 करोड़ 68 लाख रुपये है। इन योजनाओं के कार्य पूर्ण होने पर 13 जिलों के 4022 गांव में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्रिपरिषद् द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद् ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इन्दौर की परियोजना के लिये 237 करोड़ रुपये और 970 नये पदों का सृजन कर दो चरणों में भर्ती करने के लिये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।
- बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में 'स्टेट एलाइड हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट जबलपुर' की स्थापना के लिये 54 पद तथा इन्दौर चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित 'स्टेट एलाइड हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट इन्दौर' के संचालन के लिये 59 पदों का सृजन स्व-वित्त पोषित संस्थाओं के अंतर्गत करने की मंजूरी दी गई।
- मंत्रिपरिषद् ने प्रदेश में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण (स्टेट मेंटल हेल्थ अथॉरिटी एस.एम.एच.ए.) का गठन करने का निर्णय लिया।
- मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम के तहत प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्यों के चयन एवं नियुक्ति के लिये लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को अधिकृत किया गया।
- प्राधिकरण में 9 शासकीय और 11 अशासकीय सदस्य होंगे। इसी के साथ, प्रदेश में विशेषज्ञों की कमी को देखते हुये हर संभाग में एक मानसिक स्वास्थ्य रिव्यू बोर्ड का भी गठन करने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद् ने मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से स्वीकृत 500 करोड़ रुपये की नगद साख सुविधा प्राप्त करने के लिये शासकीय प्रत्याभूति प्रदान करने का निर्णय लिया।
- कंपनी द्वारा राज्य शासन को 0.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से गारंटी फीस का भुगतान करना होगा।
- विधानसभा अध्यक्ष की स्वेच्छानुदान राशि को मंत्रिपरिषद् ने एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ तथा विधानसभा उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की स्वेच्छानुदान राशि को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी।
- प्रदेश में दिव्यांगों के सामाजिक पुनर्वास तथा निःशक्तता के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं/संस्थाओं को प्रोत्साहित करने एवं मान्यता देने के उद्देश्य से दिव्यांगता की चारों श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रत्येक श्रेणी में दो-दो लाख रुपये संस्थागत पुरस्कार तथा व्यक्तियों को प्रत्येक श्रेणी में एक-एक लाख रुपये व्यक्तिगत पुरस्कार प्रतिवर्ष देने का निर्णय भी बैठक में लिया गया।
- मंत्रिपरिषद् ने सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा नशाबंदी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर दो-दो लाख रुपये के दो पुरस्कार तथा जिला स्तर पर 50-50 हजार रुपये के तीन पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय लिया है।
- यह राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय पुरस्कार प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर दिये जायेंगे।
- विभाग में समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, तृतीय श्रेणी कार्यपालिक पद पर बेगा, सहारिया एवं भारिया जनजाति के 38 उम्मीदवारों को बिना चयन प्रक्रिया के सीधी भर्ती/पदोन्नति के पदों पर नियुक्ति करने के लिये एक बार छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद् ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा के लिये संचालित छात्रवृत्ति योजना में शोध उपाधि (पी.एच.डी.) की अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर शोध अवधि अथवा चार वर्ष, जो भी कम हो, करने का निर्णय लिया।
- इसी प्रकार, वर्तमान सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 60 करने की मंजूरी दी गयी। चयन में महिला अभ्यार्थियों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उनके लिये 10 स्थान सुरक्षित रखे गये।
- किसी वर्ष पर्याप्त महिला अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में उनके स्थान पर पुरुष अभ्यर्थी का चयन किया जा सकेगा।
- मंत्रिपरिषद् की बैठक में आकस्मिक भत्ता एक हजार यूएस डॉलर के स्थान पर 1500 यूएस डॉलर करने का निर्णय लिया गया। पात्रता की शर्त में उपाधि के अन्तर्गत स्नातक उपाधि जोड़ने का निर्णय लिया गया। इससे हायर सेकेण्ड्री के बाद भी छात्र विदेश अध्ययन के लिये जा सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद् ने नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों के हायब्रिडाईजेशन और विभिन्न प्रकार के ऊर्जा भण्डारण को बढ़ावा देने के लिये 'मध्यप्रदेश हायब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति' लागू करने का निर्णय लिया।
- बैठक में श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम पोंडकी जिला अनूपपुर को दाण्डिक राशि लेकर दो एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद् ने नगर भूमि सीमा अधिनियम 1976 के अन्तर्गत शासन में वेष्ठित भूमि में अवैध कॉलोनियों की व्यवस्था के संबंध में निर्णय लिया।
- विभागीय परिपत्र 3 फरवरी 2000 में निर्धारित समयावधि के बाद के प्रव्याजी एवं भू-भाटक में विलम्ब के प्रथम वर्ष के लिये 12 प्रतिशत और उसके बाद शेष अवधि के लिये 15 प्रतिशत नियमानुसार साधारण व्याज सहित संगणित सम्पूर्ण राशि जमा कराने के बाद विभागीय परिपत्र 4 मई 2002 द्वारा निर्धारित प्रारूप में पट्टा प्रदाय करने का निर्णय लिया।
- सभी प्रकरणों का निराकरण करने के लिये 12 माह का समय निर्धारित किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आष्ठान योजना में

डिण्डौरी जिले के 23 ग्रामों में बनेंगे सामुदायिक भवन

भोपाल, राज्य शासन द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग की आष्ठान योजना में इस वर्ष डिण्डौरी जिले के 23 ग्रामों में 10-10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही डिण्डौरी जिले के 50 और छिन्दवाड़ा जिले के 121 देव स्थानों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की लागत से आदिवासियों के देव स्थानों के जीर्णोद्धार के कार्य कराए जाएंगे। कार्यों में चबूतरा निर्माण और फेन्सिंग कार्य प्रमुख हैं। आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री ओमकार सिंह मरकाम की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह जानकारी दी गई।

आष्ठान योजना के अंतर्गत पहले वर्ष में मण्डला जिले के चौगान स्थल, छिंदवाड़ा के हरियागढ़ और झाबुआ के बारादेव में 50-50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई। इन स्थलों का नक्शा तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इन कार्यों के लिये कुल 6 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।

बड़वानी जिले के भंवरगढ़, डिण्डौरी जिले के करवेम्टा, रामपुर और डिण्डौरी में देव स्थलों में बुनियादी सुविधाओं के लिये केंद्र सरकार की मदद से राशि खर्च की जा रही है।

डिण्डौरी जिले के जिन 23 ग्रामों में 10-10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन बनेंगे, उनमें ग्राम नारायणडीह, बरैधा, जोगीखिरिया, नेवसा, बीजापुरी, मुकुटपुर, मोहती, समनापुर, अण्डई, पौडी, चांडा, गिरवरपुर, मझियाखार, केवलारी, खुरखुरी दादर, मुसन्डा, झनकी, मूसामुण्डी, पिंण्डसरयी, मसूरघुघरी, चौगान, चुरिया और कलवाखौरी शामिल हैं।

कॉलरवाली बाघिन के नाम 29 बाघों की माँ होने का विश्व रिकॉर्ड

भोपाल, मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का तमगा दिलाने में अति विशिष्ट योगदान देने वाली पेंच टाइगर रिज़र्व की बाघिन 'कॉलरवाली' के नाम विश्व में सर्वाधिक संख्या में प्रसव और शावकों के जन्म का कीर्तिमान है। सितम्बर-2005 में जन्मी कॉलरवाली अब तक 29 शावकों को जन्म दे चुकी है। यह एक अनूठा विश्व रिकॉर्ड है। यह एक साथ 5 शावकों को भी जन्म दे चुकी है। बाघों की घटती आबादी को बढ़ाने के लिये किये जा रहे प्रयासों के बीच यह मध्यप्रदेश के लिये ही नहीं, बल्कि विश्व के लिये भी यह एक बड़ा योगदान है। कॉलरवाली बाघिन की अपनी माँ और भाई-बहनों के साथ बीबीसी द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'Tiger : Spy in the Jungle' भी विश्व में काफी लोकप्रिय है। बीबीसी ने कॉलरवाली की माँ टी-7 और उसके चार शावकों पर यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी। फिल्म में कॉलरवाली और अन्य शावक उछल-कूद, मस्ती, शिकार करते और बड़े होते हुए दिखाये गये हैं।

पेंच टाइगर रिज़र्व की टी-7 बाघिन ने 4 शावकों को जन्म दिया था, जिनमें 2 मादा और 2 शावक नर थे। रिज़र्व में पहली बार एक मादा शावक को 11 मार्च, 2008 को बेहोश कर भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के विशेषज्ञों द्वारा रेडियो कॉलर पहनाया गया। इसके बाद से यह बाघिन कॉलरवाली के नाम से प्रसिद्ध हो गई। इसका विचरण पर्यटन क्षेत्र में होने के कारण यह पर्यटकों को सबसे ज्यादा दिखाई पड़ती है। दूसरी मादा शावक बड़ी होने पर नाला क्षेत्र के पास अधिक पाये जाने के कारण उसका नाम नालावाली बाघिन पड़ गया। यह बाघिन भी पर्यटकों को गाहे-बगाहे दिख जाती है।

कॉलरवाली अब तक 8 बार शावकों को जन्म दे चुकी है। पहली बार उसने मात्र ढाई वर्ष की उम्र में 3 शावकों (एक नर, दो मादा) को जन्म दिया था। किशोर माँ की अनुभवहीनता, भीषण गर्मी और कमजोर होने के कारण इन शावकों की 2 माह के अंदर मृत्यु हो गई।

दूसरी बार कॉलरवाली ने 4 शावकों को जन्म दिया, जिनमें एक मादा और 3 नर शामिल थे। हाथी महावतों ने इन शावकों को पहली बार माँ के साथ 10 अक्टूबर, 2008 को देखा। इनमें से एक शावक को भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के विशेषज्ञों ने 25 मार्च, 2010 को रिजर्व में चल रहे प्रोजेक्ट 'ईकोलॉजी ऑफ टाइगर इन पेंच टाइगर रिज़र्व' के अंतर्गत बाघों का अध्ययन करने के लिये बेहोश कर कॉलर पहनाया।

क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिज़र्व श्री विक्रम सिंह परिहार बताते हैं कि कॉलरवाली ने तीसरी बार 5 शावकों को जन्म दिया, जो रिजर्व के इतिहास में पहली बार हुआ। बाघिन अपने 5 शावकों के साथ पहली बार 5 अक्टूबर, 2010 को देखी गई। इन शावकों में 4 मादा और एक नर शावक थे। चारों मादा शावक अपनी माँ के साथ रहते थे, जबकि नर शावक हमेशा ही सबसे दूरी बनाकर चलता था, मानो सबकी सुरक्षा कर रहा हो।

पन्ना टाइगर रिज़र्व की बाघ पुनःस्थापना में भी कॉलरवाली का आधारभूत योगदान है। बाघ शून्य होने के बाद पन्ना टाइगर रिज़र्व में बाघों की पुनःस्थापना का काम जारी था। इसी के तहत पेंच टाइगर रिज़र्व से एक किशोरवय बाघिन को वहां भेजा जाना था। इसके पहले भी पेंच से एक बाघ को जनवरी-2010 में पन्ना भेजा जा चुका था। कॉलरवाली के 5 शावकों में 4 मादा शावक थे। उनमें से एक शावक को पन्ना भेजने का निर्णय लिया गया। अक्सर कर्माझिरी के पास देखी जाने वाली मादा बाघ शावक को 21 जनवरी, 2013 को बेहोश कर रेडियो कॉलर पहनाया गया और सड़क मार्ग से विशेष रेस्क्यू वाहन द्वारा पन्ना टाइगर रिज़र्व भेज दिया गया। सुरक्षित रूप से पहुंची यह बाघिन पन्ना में 3 बच्चों को जन्म देकर परवरिश कर रही है।

कॉलरवाली बाघिन ने 15 मई, 2012 को 3 शावकों को जन्म दिया। इनमें 2 मादा और एक नर शावक थे परंतु मादा शावक की 20 अप्रैल, 2013 को बीजामट्टा तालाब के पास अज्ञात बीमारी से मृत्यु हो गई। पांचवीं बार कॉलरवाली बाघिन ने 16 अक्टूबर, 2013 को 3 नर शावकों को जन्म दिया। माँ द्वारा भली-भांति पाले गये ये बाघ आज रिज़र्व की शोभा बढ़ा रहे हैं और पर्यटकों को अक्सर दिखते रहते हैं।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

केंद्र सरकार ने की

मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में नवाचारों की सराहना

भोपाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने मध्यप्रदेश के अशोक नगर और कटनी जिले में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान में किये गये नवाचारों की सराहना की है।

अशोक नगर जिले में स्कूली छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी संकोच को समाप्त करने के लिये नवाचार स्वरूप 'शुचिता' (पवित्रता) अभियान और कटनी जिले में 'स्वागतम नंदिनी' अभियान चलाया गया। दोनों जिलों में इन नवाचारों से लोगों की सोच में बेटियों के बारे में बदलाव देखने को मिले हैं।

मध्यप्रदेश के अशोक नगर और कटनी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित नवाचारों को सफलता की कहानी के स्वरूप में देशभर से चयनित 25 कहानियों के संग्रह में शामिल किया गया है।

शुचिता (पवित्रता) अभियान

अशोक नगर जिले में कलेक्टर डॉ. मंजु शर्मा ने स्कूली छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी संकोच को समाप्त करने के लिए शुचिता (पवित्रता) अभियान चलाया है। इस अभियान में छात्राओं को 5-एस (स्वास्थ्य, स्व-रक्षा, स्वच्छता, स्वाभिमान और स्वावलंबन) के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है।

अभियान का मूल उद्देश्य स्कूली छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सजग बनाना और माहवारी प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देना और अच्छी गुणवत्ता वाले सेनेटरी नेपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है।

अभियान में जिले के कन्या विद्यालयों और शिक्षा विभाग, आदिम-जाति कल्याण और पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 8 हजार बालिकाओं को शामिल किया गया है। इस अभियान में छात्राओं को स्व-सहायता समूह के माध्यम से मात्र एक रुपये की दर पर सेनेटरी नेपकिन के पैकेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बालिका विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वागतम नंदिनी अभियान

कटनी जिले में कलेक्टर श्री शशि भूषण सिंह ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान में अभिनव पहल करते हुए 'स्वागतम नंदिनी' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसमें बच्चियों के जन्म पर माता-पिता और बच्ची को सम्मानित किया जा रहा है। अब जिला प्रशासन और समुदाय के बड़े बुजुर्गों द्वारा किसी भी परिवार में बच्ची के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। साथ ही नवजात बच्ची के माता-पिता को बेबी किट और लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रमाण-पत्र भी दिया जाता है।

मध्यप्रदेश शासन

अपील

कमल नाथ, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रिय प्रदेशवासियो,

आपको विदित है कि चीन एवं अन्य देश जैसे इटली, दक्षिण कोरिया, ईरान आदि से एक नए प्रकार के वायरस, **नोवल कोरोना वायरस (COVID-19)** के संक्रमण के प्रकरण सामने आ रहे हैं। यह संक्रमण एक संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ्य व्यक्ति में खाँसने या छींकने से फैलता है। इस रोग के प्रमुख लक्षण– तेज बुखार, खाँसी, कमजोरी, गले में खराश एवं साँस लेने में तकलीफ है।

वर्तमान में भारत में भी प्रभावित देशों से आये कुछ व्यक्तियों में यह बीमारी पायी गयी है। मध्यप्रदेश शासन इस बीमारी की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए पूर्णत: तैयार है। इसके लिए संभावित मरीजों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा लक्षण प्रकट होने पर शासकीय अस्पतालों में आईसोलेशन वार्ड में भर्ती कर जांच के लिए सेम्पल भेजने की व्यवस्था की गई है।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु आपसे अपील है कि संभावित संक्रमित रोगी के संपर्क में न आएं। अभिवादन, नमस्ते अथवा आदाब द्वारा करें तथा हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें। खाँसते व छींकते समय मुँह व नाक को ढकें, हाथों को बार–बार साबुन एवं स्वच्छ पानी से धोएं तथा भीड़–भाड़ से बचें। अनावश्यक यात्रा से परहेज करें। इसके लक्षण दिखाई देने पर नज़दीकी शासकीय चिकित्सालय में सम्पर्क करें।

नोवल कोरोना वायरस से अनावश्यक भय की आवश्यकता नहीं है। सावधानी एवं सतर्कता से बचाव आसान है। प्रदेश सरकार कोरोना वायरस संक्रमण की निगरानी, रोकथाम, बचाव एवं नियंत्रण हेतु पूर्ण सजग एवं क्रियाशील है। सभी जन से अपील है कि बचाव के तरीकों को अपनाकर स्वयं को एवं अन्य सभी को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

भवदीय

(कमल नाथ)

आमजन से अपील है कि नोवल कोरोना वायरस की जानकारी के लिए **कंट्रोल रूम का टोल फ्री दूरभाष नम्बर 104** है। यह प्रात: 8:00 से सायं 8:00 बजे तक क्रियाशील है। आप टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर शंका का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

तुलसीराम सिलावट
मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
मध्यप्रदेश शासन

D-11389/R-4375?/2020

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2020

चर्चा में

सुएला ब्रेवरमैन

ब्रिटेन की अटॉर्नी जनरल बनीं

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भारतवंशी सांसद

सुएला ब्रेवरमैन को इंग्लैंड और वेल्स का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है। उन्हें रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में हुये एक समारोह के दौरान शपथ दिलाई गई। सुएला ब्रिटिश न्यायिक इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली दूसरी महिला और कंजरवेटिव पार्टी की किसी सरकार में नियुक्त की गई पहली महिला अटॉर्नी जनरल हैं।

रेल रेस्त्रां

आसनसोल रेलवे स्टेशन पर खुला

भारतीय रेलवे ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल रेलवे

स्टेशन पर देश का पहला रेल रेस्त्रां शुरू किया है। रेलवे ने इसका नाम 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' रखा है। रेलवे के मुताबिक रेस्त्रां 25 साल पुराने दो मेमू कोच को मिलाकर तैयार किया गया है। यह रेलयात्री और आम जनता दोनों के लिये खुला रहेगा। इसमें एक बार में 80 से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे।

बॉब बेटन

सबसे उम्रदराज पुरुष बने

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा घोषित दुनिया के

सबसे उम्रदराज पुरुष चितेत्सु वातानाबे का 112 वर्ष की उम्र में निधन के बाद अब ब्रिटेन के बॉब बेटन दुनिया के सबसे उम्रदराज जीवित पुरुष बन गये हैं। बॉब 111 वर्ष के हैं। बॉब का जन्म 29 मार्च 1908 को हुआ था। बॉब को संगीत और घूमने-फिरने का शौक है और इस उम्र में भी चुस्त-दुरुस्त हैं। 29 मार्च को वह 112 साल के हो जायेंगे।

गोपिका कोट्टनथारायिल

शाहरुख खान पीएच.डी. स्कॉलरशिप के लिये चुनी गईं

मेलबर्न की लॉ ट्रोब यूनिवर्सिटी द्वारा शाहरुख खान के

नाम पर स्थापित पीएच.डी. छात्रवृत्ति के लिये केरल की गोपिका कोट्टनथारायिल को चुना गया है। गोपिका को 800 भारतीय महिलाओं में से चुना गया है। 2019 में इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने शाहरुख मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) गये थे। उसी दौरान यूनिवर्सिटी ने इस छात्रवृत्ति की घोषणा की थी।

'इन-विट्रो' तकनीक

चीता के दो शावकों का जन्म हुआ

दुनिया में 30 साल बाद पहली बार 'इन-विट्रो' तकनीक से चीता के दो शावकों का जन्म हुआ है। इसकी जैविक माँ छह वर्षीय किविवी नामक मादा चीता है। किविवी के अंडाणु और नर चीता के

शुक्राणु को कोलंबर जू लैबोरेटरी में 19 नवंबर को निषेचित करवाया गया था। भ्रूण 21 नवंबर को इज्जी नामक मादा धात्री में प्रत्यारोपित किये गये। डॉक्टर रैंडी जंग के अथक परिश्रम से तीन माह बाद नर और मादा शावक का जन्म हुआ।

एफेट्टो रोबोट

जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया बच्चे की शक्ल का रोबोट

जापान के वैज्ञानिकों ने एंड्राइड आधारित एक ऐसा

रोबोट बनाया है, जो दर्द महसूस कर सकता है। ओसाका यूनिवर्सिटी की टीम के प्रमुख प्रोफेसर असादा ने इसे एफेट्टो नाम दिया है। इसका मतलब अफेक्शन यानी प्यार है। टीम ने रोबोट का चेहरा बनाया है। यह कोमल स्पर्श और कठोर स्पर्श की पहचान कर सकता है और चेहरे पर इसके भाव देखे जा सकते हैं। एफेट्टो को बनाते समय उसे सिंथेटिक स्किन लगायी गयी है, जिसके जरिये वह दर्द महसूस कर सकेगा।

अंटार्कटिका

सूक्ष्म शैवाल से बना लाल धब्बा

जलवायु परिवर्तन का सामना कर रहे अंटार्कटिका की

बर्फ में खून जैसे धब्बे वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुयी है। यूक्रेन के शिक्षा एवं विज्ञान मंत्रालय के अनुसार लाल रंग की वजह सूक्ष्म हिम शैवाल है। इसकी कोशिकाओं में अल्ट्रावॉयलेट किरणों से रक्षा करने के लिये कैरोटीन की परत होती है। यह शैवाल तभी पनपता है। जब तापमान बढ़ता है।

तनुश्री पिथरोडी

चक्रासन रेस 1 मिनट 14 सेकेंड में पूरी की

कर्नाटक के उदयावर की दस वर्षीय तनुश्री पिथरोडी ने

100 मीटर की 'चक्रासन रेस' 1 मिनट 14 सेकेंड में पूरी कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफलता हासिल की है। चक्रासन रेस का रिकॉर्ड इससे पहले हिमाचल के रामपुर भुशर की 11 वर्षीय समीक्षा डोंगरा के नाम था। समीक्षा ने यह रिकॉर्ड 14 जून 2018 को 6 मिनट और 2 सेकेंड में बनाया था।

तैराक सुन यांग

डोपिंग मामले में बैन लगा

चीन के तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता सुन यांग को

डोपिंग मामले में नमूना नहीं देने का दोषी पाये जाने के बाद खेल पंचाट (सीएएस) ने 8 साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया। स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट ने अंतर्राष्ट्रीय तैराकी महासंघ (एफआईएनए) की अपील के खिलाफ विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के फैसले को बरकरार रखा। सुन चीन के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें पहले भी 2014 में डोपिंग मामले में प्रतिबंधित किया गया था।

मेजर जनरल माधुरी कानिटकर

लेफ्टिनेंट जनरल बनने वाली देश की तीसरी महिला बनीं

मेजर जनरल माधुरी कानिटकर को लेफ्टिनेंट जनरल की रैंक के लिये मंजूरी दे दी गई है। वे भारत की तीसरी महिला लेफ्टिनेंट जनरल होंगी।

उनके पति राजीव भी लेफ्टिनेंट जनरल रहे हैं। देश के इतिहास में पहली बार होगा कि पति और पत्नि दोनों भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रहे हैं। मेजर जनरल माधुरी कानिटकर ने पुणे एएफएमसी के डीन के रूप में दो साल से अधिक कार्य किया है।

कैथरीन अपुली

तोते को लगाये प्रोस्थेटिक पंख

ऑस्ट्रेलिया में महिला पशुचिकित्सक कैथरीन अपुली ने

एक तोते के कटे पंख फिर से जोड़ने में सफलता पाई है। उन्होंने बताया कि तोते के पंखों को किसी ने काट दिया था जिसके कारण वह उड़ नहीं पा रहा था और उड़ने की कोशिश में गिरकर घायल हो जा रहा था। तब कैथरीन ने तोते को प्रोस्थेटिक पंख लगाये। नये प्रोस्थेटिक पंख के कारण तोता आसमान में उड़ान भरने लगा।

जेन एटकिन

सौ पाउंड वजन कम कर मिस ग्रेट ब्रिटेन बनीं

ब्रिटेन की 26 वर्षीय जेन एटकिन दो वर्षों में 100 पाउंड

वजन कम कर मिस ग्रेट ब्रिटेन 2020 बन गई हैं। जेन को मोटापे के कारण स्कूल में ताने झेलने पड़े और उनके मंगेतर ने भी उन्हें मोटापे की वजह से छोड़ दिया था। सब तरफ से निराश जेन ने जिम और डाइट कंट्रोल कर अपना वजन 109 किलो से 56 किलो कर लिया। इंस्टाग्राम पर बेहद लोकप्रिय जेन के 11 हजार से अधिक फॉलोअर हैं। वे सिंगर भी हैं और अब मोटे लोगों की इंस्पीरेशन भी हैं।

हॉर्स रेस

सऊदी अरब में हुई संपन्न

सऊदी अरब में 29 फरवरी को दुनिया की सबसे अमीर

घुड़दौड़ प्रतियोगिता (हॉर्स रेस) संपन्न हुई। इसकी प्राइज मनी दो करोड़ डॉलर (करीब 143 करोड़) रुपये रखी गई थी। विजेता के लिये 72 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार था। सऊदी कप के नाम से हुई इस प्रतियोगिता को देखने 10 हजार से अधिक लोग इक्ट्ठा हुये थे। इस रेस में अंतर्राष्ट्रीय महिला जॉकी निकोला क्यूरी भी रेसर के रूप में शामिल हुई थीं।

बॉब आइगर

डिज्नी के सीईओ का पद छोड़ने की घोषणा की

पिछले 15 साल से अमेरिका मास मीडिया एंड

इंटरटेनमेंट कंपनी डिज्नी के सीईओ रहे बॉब आइगर ने अपना पद छोड़ने की घोषणा कर दी है। वे 2005 से इस पद पर थे। अपनी तगड़ी पकड़ के कारण वे हॉलीवुड के दमदार शख्स के रूप में पहचाने जाते हैं। उनका अनुबंध 2021 में खत्म हो रहा है, तब तक वे डिज्नी के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन बने रहेंगे।

बर्नी सैंडर्स

डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव नेवादा में जीता

अमेरिका के प्रमुख राज्य नेवादा में डेमोक्रेटिक पार्टी

की अहम प्राइमरी में सीनेटर बर्नी सैंडर्स को जीत मिली है। इस जीत से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के लिये सैंडर्स के प्रचार को काफी बल मिलेगा, क्योंकि अगले कुछ महीनों में उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के नामांकन की दौड़ तेज होने वाली है। 78 वर्षीय सीनेटर सैंडर्स ने प्राइमरी चुनाव में 54 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं। वे राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

रोजर स्टोन

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के सहयोगी को 40 माह की सजा

अमेरिका की एक अदालत ने संसदीय जांच में बाधा

पहुंचाने, गवाहों को प्रभावित करने और झूठ बोलने के मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और राजनीतिक सलाहकार रोजर स्टोन को दोषी ठहराते हुये 40 माह की सजा सुनाई है। जिला जज एमी जैक्शन बर्मन ने कहा कि स्टोन ने सोशल मीडिया पर भी धमकी वाले मैसेज भेज कर न्यायपालिका के मान को हानि पहुंचाई थी।

स्मृति शेष

मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का निधन

मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का 91 वर्ष की

उम्र में काहिरा में निधन हो गया है। करीब 30 साल तक सत्ता में रहे मुबारक को 2011 में सेना ने राष्ट्रपति के पद से हटा दिया था। होस्नी मुबारक 1981 में राष्ट्रपति बने थे। मिस्र में प्रदर्शनकारियों की हत्या के मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

सबसे उम्रदराज पुरुष चितेत्सु का निधन

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा घोषित दुनिया के सबसे

उम्रदराज पुरुष चितेत्सु वातानाबे का 112 वर्ष की उम्र में टोक्यो में निधन हो गया। 12 फरवरी को ही उनका नाम गिनीज बुक में शामिल किया गया था। उस समय उन्होंने मुस्कुराहट को अपनी लंबी उम्र का राज बताया था।

प्रसिद्ध लेखक और इतिहासकार शेट्टार का निधन

सुप्रसिद्ध लेखक एवं इतिहासकार एस. शेट्टार का 85

वर्ष की उम्र में बेंगलुरु में निधन हो गया। वह केंद्रीय साहित्य अकादमी, कर्नाटक राज्योत्सव, मस्ती रत्न अवॉर्ड से नवाजे जा चुके हैं। उन्हें बहु-विषयक कार्यों, भाषाशास्त्र और मानव शास्त्र के ज्ञाता के रूप में जाना जाता था। वह 1978 में कला संरक्षण और संग्रहालय के इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान और 1996 में भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् के प्रमुख रहे हैं।

भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अशोक चटर्जी का निधन

भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अशोक चटर्जी का

78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। भारतीय टीम के लिये 30 मैच खेलने वाले अशोक ने जापान के खिलाफ 1965 में मर्डेका कप में पदार्पण किया था। 1966 में बैंकॉक में खेले गये एशियाई खेलों में भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सफलता किसी एक दिन के प्रयास से नहीं, रोज की कोशिशों से मिलती है – जॉन सी. मैक्सवेल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail :- eepwd1chhind@mp.nic.in, Phone :- 07162-246978

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 18/व.ले.लि./2019-20/ छिन्दवाड़ा, दिनांक : 18.02.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेवसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा जमा करने का कार्यालय
1.	80196	छिन्दवाड़ा	सड़क कार्य	तमिया से पाटान राजथरी मार्ग लं. 2.40 कि.मी. एवं मोहरिया से जूनाढाना मार्ग लं. 3.40 कि.मी. का निर्माण कार्य। कुल लंबाई 5.80 कि.मी.। (द्वितीय आमंत्रण)।	434.93	15000/-	435000/-	10 माह वर्षाऋतु सहित	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
2.	80197	छिन्दवाड़ा	सड़क कार्य	रजोला रैयत से रजोलामाल मार्ग लं. 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।	181.79	12500/-	181800/-	06 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
3.	80198	छिन्दवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 01 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी. रिनिवल का कार्य। कुल लंबाई 6.10 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण)। 1) जामई बस्ती मार्ग कि.मी. 1/2 से 8 = 0.80 कि.मी. 2) जामई अलीवाडा केवलारी मार्ग कि.मी. 1, 2, 3 = 3.00 कि.मी. 3) जामई चिखलमउ मार्ग कि.मी. 2 = 1.00 कि.मी. 4) जामई तहसील पहुंच मार्ग कि.मी. 1 = 1.00 कि.मी. 5) जामई रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग कि.मी. 1/2-4 (100) = 0.30 कि.मी.	42.37	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
4.	80199	छिन्दवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 02 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी. रिनिवल का शेष कार्य। कुल लंबाई 5.10 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)। 1) करेर पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी. 2) वारेघाट देवगढ़ मार्ग लं. 1.00 कि.मी. 3) काराघाट कामठी वारेघाट मार्ग लं. 1.60 कि.मी. 4) लावाधोघरी रेस्ट हाउस मार्ग लं. 100 मीटर 5) उमरनाला रेस्ट हाउस मार्ग लं. 200 मीटर	37.20	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
5.	80200	छिन्दवाड़ा	भवन कार्य	सामुदायिक भवन का शेष निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। लोनिया करवल, बजरंग नगर, छिन्दवाड़ा। (द्वितीय आमंत्रण)।	9.98	2000/-	20000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
6.	80201	छिन्दवाड़ा	भवन कार्य	सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। लोहागी ब्लॉक विछुआ। (प्रथम आमंत्रण)।	17.10	2000/-	34500/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
7.	80453	छिन्दवाड़ा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 छिन्दवाड़ा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।	10.00	2000/-	20000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
8.	80454	छिन्दवाड़ा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 छिन्दवाड़ा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।	10.00	2000/-	20000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
9.	80455	छिन्दवाड़ा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सौंसर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।	10.00	2000/-	20000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
10.	80456	छिन्दवाड़ा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग अमरवाडा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।	5.00	2000/-	10000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा
				कुल योग	758.37 लाख				

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाइन क्रय करने का **अंतिम दिनांक 16.03.2020 समय 5.30 बजे तक है।** ऑनलाइन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जावेगा। भौतिक दस्तावेज जैसे - अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद, शपथ-पत्र, आयकर पेन नंबर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रति एवं अन्य **दिनांक 18.03.2020 समय 5.30 बजे तक** संबंधित कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-23691/43737/2020 लो.नि.वि. (भ/स), संभाग छिन्दवाड़ा, म.प्र.

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, पांडवनगर शहडोल (म.प्र.)

E-mail :- plushahdol@gmail.com, PHONE No. : 07652-245924

एनआईटी नं.-06/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रित/एपीडी/पी.आई.यू./2288 रीवा, दि. : 27.02.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला शहडोल में शिक्षा विभाग, आर.एम.एस.ए. 14 योजना अंतर्गत हाईस्कूल भवन वरतर का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर क्र:	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित
2020_PWPIU_82366_1	शहडोल	76.54	76540/-	10000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. जिला शहडोल में शिक्षा विभाग, आर.एम.एस.ए. 14 योजना अंतर्गत हाईस्कूल भवन केशवाही का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।

2020_PWPIU_82367_1	शहडोल	76.54	76540/-	10000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. जिला शहडोल में स्कूल शिक्षा विभाग, आर.एम.एस.ए. 415 योजना अंतर्गत हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन चौरी, ब्लॉक ब्यौहारी का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।

2020_PWPIU_82368_1	शहडोल	86.70	86700/-	10000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. जिला शहडोल में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में लाइब्रेरी एवं 4 लैव, 3 क्लास रूम के रेनोवेशन का कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।

2020_PWPIU_82369_1	शहडोल	118.26	118260/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित विड डाक्यूमेंट वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल **ऑनलाइन दिनांक 01.03.2020 समय 09.00 AM से दिनांक 15.03.2020 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-23683/43734/2019 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., शहडोल

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

PHONE No. 07162-243214, E-mail :- pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं.-05 (A)/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/पी.आई.यू./व.ले.लि. छिन्दवाड़ा, दि.: 03.03.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला छिन्दवाड़ा में कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की अधोसंरचना निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर क्र:	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी	90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2020_PWPIU_82159_1	छिन्दवाड़ा	19899.55	5000000/-	50000/-	18 माह वर्षाऋतु सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि., पी.आई.यू. जबलपुर	एमओयू निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
		योग 19899.55					

1. निविदा से संबंधित विड डाक्यूमेंट वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल **ऑनलाइन दिनांक 03.03.2020 समय 09.00 से दिनांक 23.03.2020 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-23687/43736/2019 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. छिन्दवाड़ा

अपने सपने के प्रति सच हो जाने का रवैया रखें और सफल हो जाएँ – बराक ओबामा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 21/निविदा/2019-20 राजगढ़, दिनांक : 29.02.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स. क्र.	टेण्डर नं.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_82046_1	राजगढ़	रिनीवल	वी.टी. रिनीवल कार्य ग्याना कडलावद मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी.	तृतीय	39.03	50000/-	कार्यालय मुख्य अभियंता (रा.परि.) लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन,भोपाल
				योग	-	39.03		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 17.03.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 23.03.2020 सायं 5.30 बजे तक** स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे किसी भी परिस्थिति में मैन्यूअल लिफाफे स्वीकार नहीं किये जावेंगे। डाक में देरी से प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-23695/43738/2020 लोक निर्माण विभाग भ/प, संभाग राजगढ़

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग क्र. 1 सागर

फोन नं. : 07582-222296, ई-मेल आईडी. : eepwdsagar@nic.in

निविदा आमंत्रण

एनआईटी नं.-09/2019/केंद्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक : 27.02.2020
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं :-

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. बम्होरीलाल चारोदा मार्ग का शेष निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी.

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।
2020_PWDRB_81903_1	सागर	160.66	160660	12500	08 माह	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. तुरकोई से ललोई मार्ग का शेष निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी.

2020_PWDRD_81906_1	सागर	179.11	179110	12500	08 माह	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. दुगाहाकला असोली मार्ग का शेष निर्माण कार्य लं. 4.60 कि.मी.

2020_PWDRB_81908_1	सागर	355.37	355370	15000	10 माह	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.nic.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 28.02.2020 समय 09:00 से दिनांक 18.03.2020 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी विड के लिफाफे उपरोक्त उल्लेखित कार्यालय में भारतीय डाक तार विभाग के स्पीड द्वारा ही दिनांक 20.03.2020 को सायंकाल 5:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-23649/43725/2020 लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र. 1 सागर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग रीवा

क्रमांक/6630/कार्य/निविदा/2019-20 रीवा, दिनांक : 14.02.2020
निविदा क्र. D-28/2019-20 रीवा, दिनांक : 14.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण :-

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की अनु. राशि	अमानती राशि	भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने का कार्यालय
1.	2020_PWDRB_81683_1	जिला चिकित्सालय अनूपपुर, सीधी, उमरिया में 33 के.वी. लाइन एच.टी. विद्युत कनेक्शन का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	छः माह सुपरवीजन आर्डर उपरान्त	'स' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार	24503978.00	245040.00	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र रीवा दिनांक 25.03.2020 तक समय शाम 5:00 बजे तक।

निविदा फार्म Online भुगतान कर 24.03.2020 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। भौतिक दस्तावेज जमा करने की **अंतिम तिथि 25.03.2020 को शाम 5:30 तक** होगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।
नोट :- प्रत्येक टेण्डर अलग-अलग लिफाफे में अलग-अलग स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें अन्यथा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
जी-23660/43729/2020 संभाग रीवा (म.प्र.)

जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र, रीवा
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रीवा द्वारा संचालित

भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय की डीडीआरएस योजनांतर्गत जिला प्रबंध समिति, डीडीआरसी, रीवा द्वारा संचालित जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र, रीवा के लिए निम्नलिखित अस्थाई एवं मानदेय पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पद	संख्या	वांछित योग्यता	मानदेय/प्रतिमाह
1.	सीनियर प्रोस्थेटिस्ट/आर्थोटिस्ट	1	Degree in Prosthetic & Orthotic, preferably from National Institute, with 5 years experience, अन्य-भारतीय पुनर्वास परिषद का पंजीयन (आर.सी.आई. रजिस्ट्रेशन) अनिवार्य है।	8200+11800 = 20000
2.	फील्ड एवं पब्लिसिटी असिस्टेन्ट	1	स्नातक	14500/-
3.	वोकेशनल काउन्सलर कम कम्प्यूटर असिस्टेन्ट	1	स्नातक-पी.जी.डी.सी.ए.	14500/-

पोषण के आधार पर पारिस्थितिकी तंत्र के सभी जैविक घटकों को उत्पादक, उपभोक्ता तथा अपघटक, तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उत्पादक, स्वपोषी घटक यानि autotrophic components हैं। ये वातावरण में उपलब्ध अकार्बनिक पदार्थों का उपयोग कर अपने लिए आवश्यक कार्बनिक पदार्थों या भोजन का निर्माण स्वयं करते हैं। जैसे हरे पौधे तथा जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में पाये जाने वाले पेड़ पौधे, फोटो सिन्थिसिस यानि प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा अपने भोजन का निर्माण करते हैं।

वे जीव जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन उत्पादकों द्वारा उत्पादित या संचित भोजन का उपयोग करते हैं, वे उपभोक्ता कहलाते हैं। ये जैविक घटकों की एक श्रेणी है, जिसे हम परपोषी घटक या heterotrophic components भी कहते हैं। परपोषी अपघटकों द्वारा उत्पादकों या स्वपोषियों द्वारा निर्मित भोजन का उपयोग किए जाने के कारण उन्हें उपभोक्ता (consumers) कहा जाता है। भोजन ग्रहण करने की प्रक्रिया के आधार पर उपभोक्ता जीवों को तीन भाग में बांटा जा सकता है :

(i) मृतजीवी (saprophyte) : ऐसे जीव जो मृत जीव-जन्तु या पौधों से प्राप्त जैविक योगिका (organic components) को भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं।

(ii) परजीवी (parasite) : ऐसे जीव जो अपने आहार तथा जीवन निर्वाह के लिए दूसरे जीवों पर निर्भर करते हैं।

(iii) प्राणी समभोजी (holozoic): ऐसे जीव जो अपने मुख द्वारा आहार ग्रहण करते हैं। मानव समेत सभी बड़े जन्तु इसी वर्ग में सम्मिलित हैं।

इसी तरह आहार के आधार पर उपभोक्ता को चार भागों में बांटा जा सकता है :

(a) शाकाहारी - ये हरे पौधों को खाते हैं अर्थात अपना भोजन सीधे उत्पादक से लेते हैं। खाद्य श्रृंखला में इन्हें प्राथमिक उपभोक्ता कहते हैं। हिरण, खरगोश, गाय इत्यादि शाकाहारी जीव इसी श्रेणी में आते हैं।

(b) मांसाहारी - यह शाकाहारी जीव यानि प्राथमिक उपभोक्ताओं को खाते हैं। इसीलिए इन्हें द्वितीयक उपभोक्ता कहते हैं। बिल्ली, बाज़, सिंह, सियार, शेर इत्यादि इसी श्रेणी में आते हैं।

(c) सर्वाहारी - सर्वाहारी तृतीयक उपभोक्ता होते हैं, जो अपना भोजन हरे पौधों, शाकाहारी तथा मांसाहारी सभी को खाकर प्राप्त करते हैं। इसमें मानव सहित पक्षी, मछलियाँ व कुत्ते, बिल्ली शामिल हैं।

(d) अपघटक - पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों की चौथी श्रेणी अपघटक (decomposers) है। वे जीव जो उत्पादकों तथा अपघटक उपभोक्ताओं के मृत शरीर या अंशों से भोजन प्राप्त करते हैं, अपघटक कहलाते हैं। इसमें मुख्यतः सूक्ष्म जीवों (microorganisms) तथा कवकों (fungus) का समावेश होता है। ये जीव अपघटन के दौरान अपना आहार ग्रहण करते हुए जैविक तत्वों की पुनर्स्थापना करते हैं। ये जटिल जैविक पदार्थों को एक-दूसरे से पृथक करके सामान्य बनाकर, प्राथमिक उपभोक्ता को प्रयोग हेतु पुनः उपलब्ध कराते हैं।

अजैविक घटक

किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र के अजैविक घटकों में वे सभी भौतिक तथा रासायनिक कारण आते हैं, जो जैविक घटकों को प्रभावित करते हैं। उनके उदाहरण हैं वायु, जल, मिट्टी, चट्टान आदि। ये सभी जैविक घटकों पर व्यापक प्रभाव डालते हैं। किसी भी अजैविक घटकों की प्रचुरता या कमी उस तंत्र को प्रभावित करती है। उदाहरण स्वरूप किसी खेत की मिट्टी में फॉस्फोरस, नाइट्रोजन या पोटाश की कमी हो तो उस पर उगाये जाने वाले पौधों की बढ़त एवं उपज प्रभावित होती है। इस प्रकार फॉस्फोरस, नाइट्रोजन या पोटाश जिसकी भी कमी मिट्टी में होती है, वह उस फसल की वृद्धि या उपज का निर्धारक या कारक बन जाता है।

अजैविक घटकों को तीन भागों में बांटा जा सकता है :

(i) अकार्बनिक पदार्थ- जैसे ऑक्सीजन, कार्बन डाय ऑक्साइड, कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन, खनिज, लवण इत्यादि।

(ii) कार्बनिक पदार्थ- जैसे प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट इत्यादि।

(iii) जल-वायु तत्व- जैसे जल, सूर्य का प्रकाश, तापमान, वर्षा, जलवाष्प, आद्रता, ऊंचाई, मिट्टी का प्रकार, आग इत्यादि।

पारिस्थितिकी तंत्र के प्रकार

पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद जीवों को विभिन्न प्रकार के अजैविक घटक प्रभावित करते हैं। अजैविक घटकों के जीवों पर अलग प्रभाव के कारण विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिकी तंत्र पाये जाते हैं। ये तंत्र विभिन्न पर्यावरणीय घटकों जैसे तापमान, वर्षा, मिट्टी का प्रकार, पोषक तत्वों की उपलब्धता, वनस्पति एवं स्थानीय भौगोलिक स्थिति आदि कारकों के बीच परस्पर क्रिया कर ऐसे क्षेत्रों का निर्माण करते हैं, जिसमें विशेष प्रकार की वनस्पतियों एवं जीवों का वास होता है। इनका प्रयोग स्थलीय पारितंत्रों के वर्गीकरण के लिए किया जाता है। इन बड़े स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र को जीवोम कहा जाता है। प्रत्येक जीवोम, इसमें पायी जाने वाली वनस्पतियों, जंतुओं, सूक्ष्म जीव समुदायों द्वारा पहचाना जाता है। जीवों का वर्गीकरण सामान्यतः इनमें बहुतायत से पाये जाने वाली वनस्पतियों के आधार पर किया जाता है। जैसे घास का मैदान, वर्षा वन इत्यादि। पृथ्वी के सभी पारिस्थितिकी तंत्र मिलकर जैव मण्डल का निर्माण करते हैं। जैव मण्डल में वायु मण्डल, स्थल मण्डल एवं जल मण्डल का समावेश है।

पृथ्वी पर क्रियाशील पारिस्थितिकी तंत्रों को मुख्यतः दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है :

1. प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र (Natural Ecosystem)
2. कृत्रिम या मानव जन्य पारिस्थितिकी तंत्र (Artificial Ecosystem)

1. प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र

ये ऐसे स्वचलित तंत्र होते हैं, जिसमें मानव का हस्तक्षेप नहीं के बराबर होता है। इससे इनका मूल प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। आवास के आधार पर इन्हें दो रूपों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(a) स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र (Terrestrial Ecosystem)- इनमें वानिकी घास क्षेत्र तथा मरुस्थल आदि आते हैं।

(b) जलीय पारिस्थितिकी तंत्र - ये दो प्रकार के होते हैं। पहला शुद्ध जलीय तथा दूसरा सागरीय। शुद्ध जलीय तंत्र भी दो प्रकार के होते हैं। पहला प्रवाही जलीय तंत्र, जैसे नदी, नाले, झरने इत्यादि एवं दूसरा स्थिर जलीय तंत्र जैसे झीलें, पोखर, दलदल आदि।

इसी प्रकार सागरीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में विस्तृत, गहरे महासागर एवं कम गहरे महासागर प्रमुख हैं।

2. कृत्रिम या मानव जन्य पारिस्थितिकी तंत्र

ये मानव निर्मित तंत्र होते हैं, जिन्हें मनुष्य अपनी बौद्धिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक समझ के अनुसार, प्राकृतिक तंत्र की सहायता से विकसित करता है। इसमें कृषि पारिस्थितिकी चारागाह तथा नगरीय पारिस्थितिकी तंत्र इत्यादि आते हैं। इनका उपयोग मानव अपनी आवश्यकता के अनुसार अधिक से अधिक उत्पादन करने के लिए प्राकृतिक पर्यावरण में सुनियोजित फेरबदल करके करता है।

प्रकृति के प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्र

प्रकृति एक विशाल पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसे जैव मण्डल कहते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के क्षेत्रीय एवं सूक्ष्म तंत्र संचालित होते हैं। इस दृष्टिकोण के आधार पर प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्र है:

(i) वन पारिस्थितिकी तंत्र (Forest Ecosystem)
(ii) घास का मैदान (Grassland Ecosystem)
(iii) मरुभूमि पारिस्थितिकी तंत्र (Desert Ecosystem)
(iv) सागरीय पारिस्थितिकी तंत्र (Marine or Oceanic Ecosystem)
(v) तालाब पारिस्थितिकी तंत्र (Pond Ecosystem)
(vi) कृषि पारिस्थितिकी तंत्र (Cropland Ecosystem)
(vii) पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र (Mountain Ecosystem)

भारत के प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्र

भारत विश्व का सातवां बड़ा देश है, जहां कई प्रकार के पारितंत्र पाये जाते हैं। जैसे पर्वतीय, जलीय, वन तथा समुद्र तट के तंत्र प्रमुख है।

हिमालय क्षेत्र में वनस्पतियां तथा जीव-जन्तु बहुत कम पाये जाते हैं। आवास और प्रजाति विविधता की दृष्टि से विश्व की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला हिमालय, भारत का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसे पूर्वी कश्मीर से असम तक, हिमालय का आधार स्थल, लद्दाख और कुमायूं को समाहित करता हुआ कश्मीर की ऊंची चोटियों वाला पश्चिमी हिमालय और पूर्वी हिमालय जैसे तीन जैव विविधता वाले क्षेत्रों में बांटा जा सकता है।

अधिकांश मरु प्रदेश में मीलों तक वनस्पतियों का चिन्ह तक नहीं मिलता। लेकिन उत्तर पश्चिम के कुछ मरुस्थलों में कहीं-कहीं वृक्ष घास के मैदान भी पाये जाते हैं। मरु भूमि में पानी की कमी एवं तापमान में लगातार हो रहे बदलाव के कारण यहां पेड़-पौधों तथा जीव-जन्तु दोनों को ही प्रतिदिन बदलते तापमान के साथ जल संतुलन को बनाए रखने की समस्या का सामना करना पड़ता है। मरु प्रदेश में पाये जाने वाले जन्तु तथा पेड़-पौधे आवश्यकता अनुसार स्वयं को अनुकूलित कर लेते हैं। इसी प्रकार कच्छ के रण में पाये जाने वाले जंगली गधों में जल की कमी को सहन करने की विशेष क्षमता रहती है।

भारत के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के विपरीत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हरे-भरे वन पाये जाते हैं। ये क्षेत्र ऊंचे घने पेड़ों से आच्छादित हैं। इनके अलावा इन प्रदेशों में वनस्पतियों की बहुत सारी जातियाँ जिनमें बांस आदि पौधे प्रमुख हैं। वनस्पति विविधता से भरे इस क्षेत्र में हाथी, हिरण, बंदर, सुनहरे लंगूर तथा अन्य जीव पाये जाते हैं। भारत का पश्चिमी घाट सदाबहार वनों तथा घासों से ढंका विस्तृत क्षेत्र है। यह क्षेत्र हाथी, शेर तथा दूसरे बड़े जानवरों का भी आश्रय स्थल है। गंगा का मैदानी भाग अपने पोषक तत्वों से परिपूर्ण मिट्टी के कारण उत्तम कृषि क्षेत्र है।

भारत में द्वीप तथा जलीय भूमि क्षेत्र भी है। इनमें दो प्रमुख द्वीप समूह हैं। अरब सागर में लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी में अंडमान निकोबार। इन द्वीप समूहों में दक्षिण पश्चिम तथा उत्तर पूर्वी दोनों मानसून पाये जाते हैं। उष्ण कटिबन्ध जलवायु के कारण यहाँ उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों की अधिकता है। लद्दाख के ठंडे बंजर क्षेत्रों में कहीं-कहीं नम भूमि वाले क्षेत्र अथवा जलीय भूमि वाले क्षेत्र भी पाये जाते हैं।

इस प्रकार भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की जलवायु तथा विभिन्न प्रकार की भूमि पायी जाने के कारण यह देश जैव विविधता से धनी है। जिसे हम सब को मिलकर बचाए रखने की आवश्यकता है।

- **अनिल कुमार शर्मा**
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष ईएसपीएन स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द इयर अवॉर्ड किसे मिला है?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) सानिया मिर्जा
(स) पी.वी. सिंधु
(द) साक्षी मलिक

2. संदेश झिंगन भारतीय फुटबॉल टीम में किस पोजीशन में खेलते हैं?
(अ) गोलकीपर
(ब) मिडफील्डर
(स) स्ट्राइकर
(द) डिफेंडर

3. वर्ष 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश ने जीता था?
(अ) पाकिस्तान
(ब) भारत
(स) वेस्टइंडीज
(द) इंग्लैंड

4. टेनिस खिलाड़ी किम क्लिस्टर का संबंध किस देश से है?
(अ) बेल्जियम
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) नीदरलैंड्स
(द) स्पेन

5. एससीसी की क्रिकेट समिति में इनमें से किस पूर्व क्रिकेटर को शामिल किया गया है?
(अ) रिकी पोंटिंग
(ब) एलिस्टेयर कुक
(स) शॉन पोलक
(द) स्टीफन फ्लेमिंग

6. इस वर्ष एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप कहां आयोजित की गई?
(अ) किर्गिस्तान
(ब) चीन
(स) कजाकिस्तान
(द) भारत

7. हालही में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज एश्टन एगर ने किस देश के खिलाफ ट्वेंटी-20 में हैट्रिक ली है?
(अ) इंग्लैंड
(ब) श्रीलंका
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) वेस्टइंडीज

8. अंडर-19 क्रिकेट में 200 मैच जीतने वाला देश है?
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड
(द) पाकिस्तान

9. वर्ष 2019 में इंडियन सुपर लीग का खिताब किसने जीता है?
(अ) चेन्नइयन एफसी
(ब) गोवा एफसी
(स) एटलेटिको डि कोलकाता
(द) बैंगलुरु एफसी

10. टेस्ट क्रिकेट में लगातार पांच शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) एवरटन वीक्स
(ब) जैक फिंग्लेटन
(स) राहुल द्रविड़
(द) मोहम्मद यूसुफ

11. इनमें से कौन भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच हैं?
(अ) मार्को मेट्राजी
(ब) इगोर स्टीमैक
(स) ग्राहम रीड
(द) इनमें से कोई नहीं

12. अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप-2020 में मैन ऑफ द सीरीज बने हैं?
(अ) अकबर अली
(ब) यशस्वी जायसवाल
(स) जेसन संघा
(द) रवि विश्नोई

13. इनमें से कौन भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता नहीं रहे हैं?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) दिलीप वेंगसरकर
(स) कृष्णामाचारी श्रीकांत
(द) एम.एस.के. प्रसाद

14. वर्ष 2018 में इंग्लिश प्रीमियर का खिलाव किस टीम ने जीता था?
(अ) मेनचैस्टर यूनाइटेड
(ब) चेल्सी
(स) मेनचेस्टर सिटी
(द) आर्सेनल

15. इनमें से किसे यूएई का क्रिकेट निदेशक बनाया गया है?
(अ) कपिल देव
(ब) रोबिन सिंह
(स) विनोद कांबली
(द) जवागल श्रीनाथ

16. वर्ष 2021 में जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी कौन करेगा?
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जर्मनी
(द) बेल्जियम

(शेष अगले पृष्ठ पर)

मारिया शारापोवा

टेनिस को किया गुडबाय

रूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा प्रोफेशनल टेनिस में बेहद चर्चित खिलाड़ी रही हैं। छोटी-सी उम्र से ही टेनिस का रैकेट थामने वाली शारापोवा ने अपने कॅरियर के दौरान कई खिताब जीते हैं। शारापोवा की गिनती उन टेनिस खिलाड़ियों में होती है, जिन्होंने कम समय में ही सफलता के नये आयाम स्थापित किए हैं। शारापोवा ने खेल प्रेमियों को चौंकाते हुए 32 वर्ष की आयु में ही टेनिस से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। शारापोवा ने एक मैग्जीन में लिखे अपने लेख में संन्यास का ऐलान करते हुए खुद को ही संबोधित करते हुए लिखा कि टेनिस जो हमेशा से जिंदगी थी, उसके बिना कैसे रह पाऊंगी, जबकि अब तक मुझे टेनिस के लिए ही जाना जाता था। छोटी उम्र से ही मैं टेनिस कोर्ट पर रही। टेनिस ने मुझे बेपनाह खुशियां दी हैं। एक ऐसा खेल जिसमें मुझे पूरा परिवार मिला है। टेनिस अब मैं तुम्हें गुडबाय कहती हूं।

बेहद शानदार रहा प्रोफेशनल कॅरियर

मारिया शारापोवा का प्रोफेशनल टेनिस कॅरियर बेहद शानदार रहा है। शारापोवा ने अपने टेनिस कॅरियर के दौरान कुल 36 एकल खिताब जीते हैं, इनमें 5 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट भी शामिल हैं। शारापोवा ने वर्ष 2004 में विम्बलडन, वर्ष 2006 में यूएस ओपन, वर्ष 2008 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और वर्ष 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किये हैं। शारापोवा कॅरियर स्लैम पूरा करने वाली विश्व की चुनिंदा महिला टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। शारापोवा ने वर्ष 2004 में डब्ल्यूटीए वर्ल्ड टूर फाइनल्स और वर्ष 2008 में फेड कप भी जीता है। विश्व के सबसे बड़े खेल आयोजन ओलिंपिक में भी उन्होंने पदक जीता है। शारापोवा ने वर्ष 2012 के लंदन ओलिंपिक में महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता है। शारापोवा ने अपने टेनिस कॅरियर में कुल 816 एकल मुकाबले खेले हैं, इनमें से 645 मैचों में उन्होंने जीत दर्ज की है। शारापोवा ने 40 युगल मुकाबले भी खेले हैं।

नवरातिलोवा ने पहचानी शारापोवा की प्रतिभा

रूस के नयागन में जन्मी मारिया शारापोवा का बचपन से ही टेनिस से लगाव रहा है। शारापोवा ने 4 वर्ष की उम्र में ही पहली बार टेनिस रैकेट थामा था। शारापोवा ने टेनिस का पहला प्रशिक्षण कोच यूरी युल्किन से लिया। वर्ष 1993 में 6 वर्ष की आयु में शारापोवा के पिता यूरी शारापोवा ने उन्हें मॉस्को में दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा के टेनिस प्रशिक्षण केन्द्र में भेजा। शारापोवा की अद्भुत हैंड आई कॉर्डिनेशन और टेनिस के प्रति उत्साह को देखते हुए नवरातिलोवा ने उन्हें अमेरिका के फ्लोरिडा की प्रतिष्ठित आईएमजी (IMG) एकेडमी जाने की सलाह दी। शारापोवा के पिता वर्ष 1994 में शारापोवा को लेकर फ्लोरिडा गए। शुरुआत में शारापोवा ने रिक मैकी से एक वर्ष तक प्रशिक्षण लिया। इसके बाद वर्ष 1995 में शारापोवा को 9 वर्ष की आयु में आईएमजी एकेडमी में प्रवेश मिला। उस समय आईएमजी एकेडमी में आंद्रे आगासी, मोनिका सेलेस और एना कोर्निकोवा जैसे दिग्गज खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके थे।

जूनियर वर्ग में बनाया अपना दबदबा

आईएमजी एकेडमी ने शारापोवा की प्रतिभा को एक नई दिशा प्रदान की। उचित मार्गदर्शन मिलने के कारण शारापोवा ने जूनियर वर्ग से ही अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जूनियर वर्ग में शारापोवा को पहली सफलता वर्ष 2000 में मिली। शारापोवा ने एडी हेर इंटरनेशनल जूनियर टेनिस चैम्पियनशिप अंडर-16 टूर्नामेंट का खिताब महज 13 वर्ष की उम्र में जीता। शारापोवा ने जूनियर वर्ग में 3 एकल खिताब जीते हैं तथा 5 टूर्नामेंट में वे उपविजेता रही हैं। इनमें दो जूनियर ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट भी शामिल हैं।

महिला रैंकिंग में बनीं नंबर वन खिलाड़ी

वर्ष 2001 में महज 14 वर्ष की उम्र



में प्रोफेशनल टेनिस में कदम रखने वाली मारिया शारापोवा को सीनियर वर्ग में पहली बड़ी सफलता वर्ष 2004 में मिली। शारापोवा ने वर्ष 2004 में 17 वर्ष की उम्र में विम्बलडन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीतकर खेल जगत को हैरत में डाल दिया। इस जीत ने उन्हें रातोंरात टेनिस स्टार बना दिया। इसके साथ ही वे ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली दूसरी रूसी महिला खिलाड़ी भी बनीं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन करने के कारण शारापोवा वर्ष 2005 में डब्ल्यूटीए महिला रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गईं। शारापोवा डब्ल्यूटीए महिला रैंकिंग में नंबर वन पोजिशन हासिल करने वाली पहली रशियन खिलाड़ी हैं। शारापोवा कम उम्र में नंबर वन रैंकिंग हासिल करने वाली चुनिंदा टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। शारापोवा ने अपने टेनिस कॅरियर में कुल पांच बार नंबर वन रैंकिंग हासिल की है।

चोट के कारण प्रभावित हुआ कॅरियर

प्रोफेशनल टेनिस कॅरियर में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाली शारापोवा का कॅरियर चोट के कारण लगातार प्रभावित रहा है। वर्ष 2007 में शारापोवा को कंधे की चोट का सामना करना पड़ा। इस साल शारापोवा ज्यादातर समय मैदान से बाहर रहीं और महिला रैंकिंग में टॉप-5 से भी बाहर हो गईं। शारापोवा ने वर्ष 2008 में टेनिस कोर्ट में वापसी की और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन बनीं। इसके बाद एक बार फिर वे चोट से घिर गईं। इसके बाद से ही वे लगातार चोट से संघर्ष करती रहीं। शारापोवा ने वर्ष 2012 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर अपना कॅरियर स्लैम पूरा किया। इस साल उन्होंने लंदन ओलिंपिक में रजत पदक भी जीता।

डोपिंग के कारण लगा प्रतिबंध

मारिया शारापोवा को वर्ष 2016 में अपने टेनिस कॅरियर के सबसे खराब दौर का सामना करना पड़ा। इस साल शारापोवा पर डोपिंग का आरोप लगा। शारापोवा को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ मेलडोनियम के सेवन का दोषी पाया गया। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने शारापोवा को डोप टेस्ट में असफल रहने के बाद दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया। शारापोवा ने आईटीएफ को बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से डॉक्टर के परामर्श से दवाएं ली थीं। उन्हें इन दवाओं में मेलडोनियम पदार्थ की जानकारी नही थीं। इसके बाद आईटीएफ ने उनके प्रतिबंध की अवधि दो वर्ष से घटाकर डेढ़ वर्ष कर दी। इस प्रतिबंध के बाद शारापोवा ने टेनिस में वापसी तो की लेकिन वे पहले जैसा प्रदर्शन दोहराने में सफल नहीं हो पाईं। इस वर्ष आयोजित हुआ ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट उनके कॅरियर का आखिरी टूर्नामेंट रहा।

मारिया शारापोवा की पहचान ग्लैमरेस टेनिस खिलाड़ी के रूप में होती है। शारापोवा महज 17 वर्ष की उम्र में ही ग्लोबल स्टार बन गई थीं। शारापोवा ने अपने खेल से दुनियाभर में प्रशंसक बनाए हैं। शारापोवा ने जुझारू और संघर्षपूर्ण खेल से टेनिस जगत में जो मुकाम हासिल किया है, उसे हासिल करना हर एक खिलाड़ी के लिए आसान नहीं है।

शारापोवा के कॅरियर की उपलब्धियां

- मारिया शारापोवा को वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का सद्भावना दूत बनाया गया।
- वर्ष 2011 में शारापोवा को अब तक विश्व की शीर्ष 30 सर्वश्रेष्ठ महिला टेनिस खिलाड़ियों में शामिल किया गया।
- शारापोवा को वर्ष 2004 में डब्ल्यूटीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।
- टेनिस में कॅरियर स्लैम पूरा करने वाली वे विश्व की 10 महिलाओं में से एक हैं।
- मौजूदा दौर में सेरेना विलियम्स और मारिया शारापोवा ने ही कॅरियर स्लैम पूरा किया है।
- शारापोवा ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं।
- शारापोवा ने वर्ष 2003 से 2015 तक हर साल कम से कम एक एकल खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल की है।
- यह उपलब्धि स्टेफी ग्राफ, मार्टिना नवरातिलोवा और क्रिस एवर्ट भी हासिल कर चुकी हैं।
- शारापोवा वर्ष 2005 और 2008 में सबसे अधिक बार सर्च की जाने वाली स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी रही हैं।

- मोहन सिंह पाल
(लेखक खेल एवं सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

17. वर्ष 2021 में जूनियर महिला हॉकी विश्वकप का आयोजन कौन करेगा?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) ब्राजील
(स) भारत
(द) दक्षिण अफ्रीका

18. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हालही में किस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगाया है?
(अ) कामरान अकमल
(ब) शरजील खान
(स) उमर अकमल
(द) सरफराज अदमद

19. वर्ष 2019 में अजलान शाह कप किस देश ने जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) दक्षिण कोरिया
(स) ब्रिटेन
(द) भारत

20. दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के नये कप्तान हैं?
(अ) क्विंटन डि कॉक
(ब) डेविड मिलर
(स) एबी डिविलियर्स
(द) क्रिस मॉरिस

21. इनमें से किस देश ने अभी तक महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप नहीं जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) वेस्टइंडीज (द) भारत

22. इनमें से कनाडा का राष्ट्रीय खेल है?
(अ) फुटबॉल (ब) आईस हॉकी
(स) बेसबॉल (द) स्केटिंग

23. शहजार रिजवी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) निशानेबाजी (ब) कबड्डी
(स) शतरंज (द) हॉकी

24. टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वले बल्लेबाज हैं?
(अ) विवियन रिचर्ड्स
(ब) मिस्बाह उल हक
(स) ब्रैडन मैक्कलम
(द) एडम गिलक्रिस्ट

25. वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 विश्वकप किस देश ने जीता है?
(अ) स्पेन (ब) ब्राजील
(स) इंग्लैंड (द) जापान

उत्तरमाला

1. स, 2. द, 3. अ, 4. अ, 5. ब, 6. द, 7. स, 8. अ, 9. द, 10. अ, 11. ब, 12. ब, 13. अ, 14. स, 15. ब, 16. अ, 17. द, 18. स, 19. ब, 20. अ, 21. द, 22. ब, 23. अ, 24. स, 25. स।

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

कृषि मेला तथा प्रदर्शनी

कृषि आय बढ़ाने उन्नत तकनीक अपनाएं किसान - स्कूल शिक्षा मंत्री

कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान सम्मानित

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन जिले के कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा में आयोजित कृषि मेला तथा कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण तथा कृषि की पैदावार बढ़ाने के लिये निरंतर काम कर रही है। कृषि की पैदावार बढ़ेगी तो किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे समृद्ध बनेंगे। प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण तथा कृषि की पैदावार बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है। कृषि की पैदावार बढ़ेगी तो किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से समृद्धि होंगे। कृषि क्षेत्र में तेजी से आ रहे बदलाव को ध्यान रखते हुए किसान कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसलों की खेती करें और इसके लिए किसानों को उन्नत खाद, बीज तथा नई कृषि तकनीक अपनाना चाहिए।

डॉ. चौधरी ने कहा कि खेती की उत्पादता में वृद्धि के लिए प्रदेश में सिंचाई की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ सतत् बिजली आपूर्ति की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश में 'जय किसान फसल ऋण माफी योजना' के तहत लाखों किसानों का दो लाख रुपये तक का फसल ऋण माफ किया गया है। फसल ऋण माफ होने से किसान अब बिना किसी चिंता के खेती कर पा रहे हैं। प्रदेश में किसानों के बिजली बिल का भार कम करने के लिए किसानों की 10 हॉर्सपावर तक की मोटर का बिजली बिल आधा किया गया है। प्रदेश में किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन भी अपनाना चाहिए। इससे उन्हें अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं, शिकायतों के समाधान और शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए 'आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को ओर अधिक बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाकर उन्हें तेजी से क्रियान्वित किया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना के तहत युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोज़गार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में 70 प्रतिशत रोज़गार प्रदेश के युवाओं को देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

इस अवसर पर डॉ. चौधरी ने मेला स्थल पर लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शित फसलों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मेले में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों तथा खाद, बीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

श्री विवेक जौहरी पुलिस महानिदेशक नियुक्त

भोपाल, राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री विवेक जौहरी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने पर प्रदेश का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। श्री जौहरी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने तक विशेष पुलिस महानिदेशक सायबर सेल श्री राजेन्द्र कुमार अपने वर्तमान कार्य के साथ पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सम्पादित करेंगे।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण समसामयिक जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम - फरवरी

यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, पीईबी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में समसामयिक घटनाक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए "रोज़गार और निर्माण" में वार्षिक और मासिक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम प्रस्तुत किया जाता है। "रोज़गार और निर्माण" के इस अंक में फरवरी-2020 के घटनाक्रम का प्रकाशन किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

- कोरोना वायरस के चलते चीन के वुहान से 324 भारतीयों को एअर इंडिया के विशेष जंबो बी-747 विमान से नई दिल्ली लाया गया।
- कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों के इलाज के लिए चीन के वुहान में 10 दिन के भीतर बनकर तैयार हुए 1000 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया गया।
- कोरोना वायरस के चलते भारत ने चीनी नागरिकों और विदेशियों के लिए ई-वीज़ा की सेवा पर तत्काल प्रभाव से अस्थाई रोक लगाई।
- पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के मद्देनज़र भारतीयों की फ्री एंटी खत्म करते हुए भूटान की संसद के निचले सदन ने क्षेत्रीय पर्यटकों पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट फीस लगाने का कानून पास किया है। इसके तहत् जुलाई से भारत, बांग्लादेश, मालदीव के लोगों को प्रतिदिन के हिसाब से फीस देनी होगी।
- 'सीनेट' ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को महाभियोग के सभी आरोपों से बरी कर दिया है और वह पद पर बने रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप पर डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बिडन की जांच कराने के लिए यूक्रेनियाई राष्ट्रपति को फोन करने का आरोप था।
- दक्षिण कोरियाई कार कंपनी हुंडई ने अपने उलसान संयंत्र का परिचालन अस्थाई तौर पर रोक दिया।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा की पहली प्रोडक्शन फिल्म 'अमेरिकन फैक्ट्री' ने ऑस्कर-2020 में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक कोरोना वायरस का आधिकारिक नाम 'COVID-19' कर दिया गया है। 'COVID-19' में "CO" का अर्थ कोरोना, "VI" का अर्थ वायरस, "D" का अर्थ डिज़ीज़ और '19' का अर्थ वर्ष 2019 में मिले वायरस से है।
- इन्फोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति के दामाद ऋषि सुनक को यूके में वित्त मंत्री बनाया गया है। 2015 में पहली बार ब्रिटेन की संसद के लिए चुने गए सुनक ट्रेज़री मिनिस्टर भी रह चुके हैं।
- कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच 33 साल में पहली बार दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल इवेंट 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' रद कर दिया गया है। इवेंट 24-27 फरवरी तक बार्सिलोना (स्पेन) में होना था।
- अमेरिका ने श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शवेंद्र सिल्वा के अमेरिका आने पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका ने कहा कि 2009 के गृह युद्ध समेत कई मानवाधिकार उल्लंघनों में उनके शामिल होने के सबूत हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की फंड मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने कहा है कि कोरोना वायरस से इस साल वैश्विक वृद्धि प्रभावित हो सकती है।
- अफगानिस्तान में सितंबर-2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव का 5 महीने बाद आधिकारिक परिणाम आ गया। जिसके विजेता अशरफ गनी घोषित किए गए। गनी को 50.64% वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्लाह अब्दुल्लाह को 39.52% वोट मिले। गौरतलब है कि अशरफ गनी दूसरी बार अफगानिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए हैं।
- ओएजी एविएशन वर्ल्डवाइड के अनुसार कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते 20 जनवरी से 17 फरवरी के दौरान वैश्विक एयरलाइंस ने चीन से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 17 लाख सीटें कम कीं। इससे चीन का अंतर्राष्ट्रीय विमानन बाज़ार तीसरे सबसे बड़े विमानन बाज़ार से लुढ़ककर 25वें स्थान पर आ गया।
- अमेरिकी संसद में झूठ बोलने, न्याय में बाधा डालने और गवाहों को प्रभावित करने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार रोजर स्टोन को 3 साल, 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।
- दुनिया में सबसे उम्रदराज नेता 94 वर्षीय मलेशियाई प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने इस्तीफा दे दिया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस के आकलन को 'अधिक' से बढ़ाकर 'बहुत अधिक' कर दिया है।
- G-20 देशों के वित्त मंत्री तथा केन्द्रीय बैंक के गवर्नर्स की बैठक का आयोजन 22-23 फरवरी को रियाद में किया गया। इस बैठक में दुनिया भर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया, इसमें कोरोना वायरस के नकारात्मक प्रभाव के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास को बनाए रखने पर चर्चा की गयी।
- भारत की गीता सेन ने प्रतिष्ठित डैन डेविड पुरस्कार जीता। गीता सेन पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की निर्देशक हैं। गीता सेन को 'वर्तमान - लैंगिक समानता' श्रेणी में ब्राज़ील की देबोरा दिनीज़ के साथ यह पुरस्कार संयुक्त रूप से दिया गया है।
- अमेरिका ने भारत को एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली बेचने को मंजूरी दे दी है। इससे भारत को अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के साथ ही वर्तमान वायु रक्षा ढांचे को विस्तारित करने में मदद मिलेगी।
- सऊदी अरब ने नोवल कोरोना वायरस के फैलाव की आशंका के बीच छह देशों की खाड़ी सहयोग परिषद् के नागरिकों के मक्का और मदीना के प्रवेश पर रोक लगा दी है। ये छह देश हैं - संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, ओमान और कतर। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय खाड़ी सहयोग परिषद् के उन नागरिकों पर लागू नहीं होगा, जो पिछले 14 दिन से लगातार सऊदी अरब में हैं और जिनमें कोरोना वायरस के संक्रमण के लक्षण नहीं मिले।
- अमेरिका द्वारा लॉस वेगास में होने वाली दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के नेताओं की बैठक कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने के मद्देनजर स्थगित कर दी गई। गौरतलब है कि यह बैठक मार्च में होनी थी।

राष्ट्रीय घटनाक्रम

- केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 01 फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केन्द्रीय बजट पेश किया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र के वधावन में एक नए प्रमुख बंदरगाह की स्थापना के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी। वधावन बंदरगाह 'भू-स्वामित्व मॉडल' में विकसित किया जाएगा।
- राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने कुष्ठ रोग के खिलाफ किए गए प्रयासों के लिए डॉ. एनएस धर्मशक्तु को व्यक्तिगत श्रेणी तथा कुष्ठ रोग मिशन ट्रस्ट को संस्थागत श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया।
- रक्षा प्रदर्शनी डिफेंस एक्सपो-2020 के साथ ही लखनऊ में 06 फरवरी को भारत और अफ्रीका के रक्षा मंत्रियों का पहला सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में दोनों पक्षों की ओर से संयुक्त रूप से लखनऊ घोषणा-पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर 2008 में नई दिल्ली में आयोजित भारत-अफ्रीकी फोरम सम्मेलन, 2011 में अदिस अबाबा में आयोजित दूसरे शिखर सम्मेलन तथा 2015 में आयोजित तीसरे शिखर सम्मेलन में भारत और अफ्रीका के बीच बहुआयामी रणनीति सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए अपनाए गए घोषणा-पत्रों का संज्ञान लिया गया।
- रक्षा प्रदर्शनी 2020 के साथ-साथ लखनऊ में पांचवां भारत-रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत की ओर से रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार तथा रूस की ओर से उद्योग एवं व्यापार उपमंत्री श्री ओलेग रियाजांत्सेव ने सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- यूनेस्को की महानिदेशक सुश्री ऑड्री एजोले ने लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए भारत की सराहना की है। भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आई एजोले ने कहा कि भारत ने महात्मा गांधी की विरासत के जरिए यूनेस्को के उद्देश्यों और उसके विज़न को प्रभावित किया है।
- श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे 8 से 11 फरवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- कोल इंडिया की प्रमुख सहायक कंपनी एनसीएल ने कंपनी की परिचालन दक्षता में सुधार लाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के साथ-साथ नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'साईस एंड एप्लाइड रिसर्च एलायंस एंड सपोर्ट' (एसएआरएएस) नामक केंद्र की स्थापना की।
- विभिन्न पहलों के माध्यम से शहरों में हुई प्रगति का आकलन करने और शहरों को अपने कार्य प्रदर्शन की योजना बनाने, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए साक्ष्यों के उपयोग में सशक्त बनाने के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने ईज़ ऑफ लिविंग (जीवन सुगमता) सूचकांक और नगरपालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक लॉन्च किये हैं। इन दोनों सूचकांकों को 100 स्मार्ट शहरों और 10 लाख से अधिक आबादी वाले 14 अन्य शहरों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- ट्राइब्स इंडिया की मुख्य डिजाइनर श्रीमती ऋतु बेरी की सहायता से जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत् ट्राइफेड द्वारा सूरजकुंड मेले में 'नैचुरली नॉर्थ-ईस्टः द नगा नैरेटिव' नामक फैशन शो का आयोजन किया गया।
- मुंबई के नौसैनिक स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा काम्या कार्तिकेयन दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी एकोनकागुआ को फतह करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बनीं।
- रियर एडमिरल पुरुवीर दास ने दमन और दीव नौसेना क्षेत्र मुख्यालय गुजरात में आयोजित औपचारिक परेड में रियर एडमिरल संजय रॉय से चौथे फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्यभार संभाला।
- रियर एडमिरल सूरज बेरी ने विशाखापत्तनम् में रियर एडमिरल संजय वात्सायन को पूर्वी फ़्लीट की कमान सौंपी।

- भारत सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एनआईएफएम), फरीदाबाद का नाम बदलकर अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) रखने का निर्णय लिया।
- रियर एडमिरल राजेश पेंढारकर ने फ्लैग ऑफिसर सी-ट्रेनिंग के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और जनवरी 1987 में भारतीय नौसेना में नियुक्त हुए थे।
- ओडिशा के पुरी स्थित रामचंडी बीच पर बाढ़ से बचाव पर दूसरे बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास के क्षेत्रीय प्रशिक्षण अभ्यास का आयोजन किया गया। बिम्सटेक के पांच सदस्य देशों भारत, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और म्यांमार के प्रतिनिधियों एवं बचाव टीमों ने इस अभ्यास में भाग लिया।
- वियतनाम की उपराष्ट्रपति डांग थी एनगोक थिन्ह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद से मुलाकात की।
- राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने महाराष्ट्र के लोनावाला में नौसैनिक पोत 'आईएनएस शिवाजी' को ध्वज प्रदान किया।
- भारत और ब्रिटेन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास अजेय वॉरियर के 5वें संस्करण का आयोजन ब्रिटेन के सैलिसबरी प्लेन्स ट्रेनिंग एरिया के वेस्ट डाउन कैंप में किया गया। इस अभ्यास का लक्ष्य शहरी एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में उग्रवाद और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए सैन्य टुकड़ियों को प्रशिक्षण देना था।
- पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सोसा भारत की राजकीय यात्रा पर आये।
- भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच मेघालय के उमरोई में संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति-IX का आयोजन किया गया। संयुक्त अभ्यास की श्रृंखला सम्प्रीति भारत और बांग्लादेश के बीच विश्वास और मित्रता का प्रतीक है।
- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने वर्ष 2019-20 के लिए डिजिटल परिवर्तन की सरकारी प्रक्रिया में उत्कृष्टता के लिए भारत निर्वाचन आयोग को 'सिल्वर' पुरस्कार प्रदान किया।
- भारत में आयोजित संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव सम्मेलन में पहली बार 'एनिमल कल्चर' को संरक्षण से जोड़ा गया।
- भारतीय नौसेना के जलीय (हाइड्रोग्राफिक) सर्वेक्षण पोत आईएनएस जमुना को श्रीलंका के पश्चिमी तट पर संयुक्त जलीय सर्वेक्षण के लिए तैनात किया गया।
- रियर एडमिरल एंटनी जॉर्ज ने दक्षिणी नौसेना कमान में चीफ स्टाफ ऑफिसर (प्रशिक्षण) के रूप में कार्यभार संभाला।
- रियर एडमिरल संजय जसजीत सिंह ने प्रतिष्ठित नेवल वॉर कॉलेज, गोवा के कमांडेंट के रूप में पदभार संभाला।
- सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ के मॉलिक्यूलर पैरासिटोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी प्रभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नीति कुमार को एसईआरबी महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 40 वर्ष से कम आयु की महिला वैज्ञानिक को दिया जाता है। डॉ. नीति कुमार को इनोवेटिव यंग बायोटेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड (डीबीटी-आईवाईबीए 2015), भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा आईएनएसए मेडल फॉर यंग साइंटिस्ट (2010) आदि जैसे कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया को गति देने तथा इनके समाधान तलाशने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर सतत् विकास लक्ष्य सम्मेलन गुवाहाटी में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की पहली वर्षगांठ मनाई गई। 25 फरवरी 2019 को इसे सशस्त्र सेनाओं को समर्पित किया गया था।
- म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन माइंट राजकीय यात्रा पर भारत आये।

प्रादेशिक घटनाक्रम

- राज्य शासन द्वारा महिला-बाल विकास विभाग के अन्तर्गत वन स्टॉप सेन्टर्स के लिए आउटसोर्स से 561 नये पद स्वीकृत किये गये।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि 1444 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण कर 177 करोड़ रुपये से सुपर कॉरीडोर विकसित किया जायेगा।
- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी एवं अर्द्धशहरी बकायादार उपभोक्ताओं (नॉन पेईंग कन्ज्यूमर) को चिन्हित कर उनके परिसर में प्री-पेड मीटर लगाया जाएगा।
- सात दिवसीय राज्य स्तरीय गुरुनानक देवजी प्रांतीय ओलिंपिक खेल का रंगारंग शुभारंभ एक फरवरी को टी.टी. नगर स्टेडियम में हुआ।
- मध्यप्रदेश शासन द्वारा शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में स्थापित राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से कथक नृत्यांगना गुरु उमा शर्मा एवं वरिष्ठ नृत्य गुरु जतिन गोस्वामी को विभूषित किया जाएगा। जतिन गोस्वामी को वर्ष 2017 और उमा शर्मा को वर्ष 2018 के लिए यह सम्मान दिया जाएगा।
- नोवल कोरोना वायरस से बचाव के लिये प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया।
- मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उल्लेखनीय कार्य के लिये तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान में कराये गये बर्ड सर्वे में 174 प्रजातियों का पता लगा, इनमें 12 दुर्लभ प्रजाति के पक्षी मिले।
- सुरक्षित-हाईटेक पर्यटन के लिये प्रदेश के नाविकों का गोवा में हुआ प्रशिक्षण।
- गृह एवं जेल मंत्री श्री बाला बच्चन ने जेलों में संचालित उद्योग, कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन के लिये 5 करोड़ का स्थाई फंड बनाने के निर्देश दिये।
- राज्य शासन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में 50 सामुदायिक भवनों के लिये 34 करोड़ रुपये स्वीकृत।
- किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत की गईं फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान। संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने मुम्बई में प्रदान किया सम्मान।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद् की बैठक में 'मध्यप्रदेश हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति' लागू करने का निर्णय लिया गया।
- हस्तशिल्प निगम और खादी बोर्ड से ऑनलाइन खरीदी कर सकेंगे सरकारी विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री हर्ष यादव ने किया नये पोर्टल का लोकार्पण।
- राज्य शासन ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राजेश श्रीवास्तव को प्रदेश का नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-प्राणी) नियुक्त किया।
- प्रदेश में पहली बार हुई रोपणी श्रेणीकरण एवं मान्यता प्रक्रिया में वन विभाग ने भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर, रतलाम और रीवा की 9 नर्सरियों को उत्कृष्ट श्रेणी में रखते हुए 5 स्टार रैंकिंग दी।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) में 30 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाए गए इकोलॉजी ऑक्सीजन पार्क का लोकार्पण 07 फरवरी को किया।
- सिद्धहस्थ शिल्पियों को मिलेंगे राज्य-स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार, 30 अप्रैल तक आमंत्रित की गई हैं प्रविष्टियां।
- राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने एनआईसी द्वारा निर्मित स्पैरो एप का शुभारंभ करते हुए बताया कि प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार के गोपनीय प्रतिवेदन अब ऑनलाईन भरे जायेंगे।
- ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा इतिहास में अभी तक का सबसे अधिक ताप विद्युत उत्पादन (5020 मेगावॉट) किया गया।
- पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर को वर्ष 2017 एवं संगीत निर्देशक कुलदीप सिंह को वर्ष 2018 के 'राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान' से विभूषित किया गया।
- भारत भवन का 38वां वर्षगांठ समारोह 13 से 23 फरवरी तक मनाया गया।
- गांधी स्मृति 2020 कार्यक्रम में शामिल हुए वाणिज्यिक कर मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि ओरछा में गांधी जी के अस्थि विसर्जन स्थल कंचना घाट पर भव्य स्मारक बनेगा।
- संस्कृति, आयुष और चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने 20 फरवरी को सात दिवसीय खजुराहो महोत्सव का शुभारंभ किया।
- उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी ने कहा कि कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश का प्रशिक्षण अगले शिक्षा सत्र से दो चरणों में किया जाएगा। प्रत्येक चरण में 25-25 हजार विद्यार्थी प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण।
- विश्व में पहली बार मध्यप्रदेश में हुई पैंगोलिन की रेडियो टैगिंग।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि फल-सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने इंदौर-भोपाल में बनेगा पेरिशेबल कमोडिटी हब।
- आकांक्षा योजना का आवेदन विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध, इच्छुक छात्र-छात्राएं 20 मार्च, 2020 तक भर सकते हैं अपने आवेदन।
- प्रदेश के 378 नगरीय निकायों की लगभग 11 लाख पारंपरिक लाइट की जगह लगायी जायेंगी एल.ई.डी. लाइट्स।
- मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने अपने पुराने सभी उत्पादन रिकॉर्डों को पीछे छोड़ते हुए 18 फरवरी को 1099.7 लाख यूनिट दैनिक ताप विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया।
- नये विश्वविद्यालय के लिये गांधी स्तंभ स्थापित करना होगा अनिवार्य।
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हर्ष यादव ने मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल/वेबसाइट (www.cmsolarpump.mp.gov.in) का शुभारंभ किया।
- ग्रामीण अंचल में गर्मी के मौसम में पेयजल की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष हैण्ड-पम्प संधारण अभियान शुरू किया गया।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मंत्रालय में यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड का लोकार्पण किया। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड एक साथ लोकार्पित किया है।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने पर्यटन विभाग के होटलों में कोदो-कुटकी से बने व्यंजनों को मेन्यू में शामिल करने तथा उनके बिक्री केन्द्र भी अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा निर्वाचन 2020 की सूचना 25 फरवरी को जारी की गयी।
- राज्य शासन ने आदिवासी शालाओं के 52 हजार 466 शिक्षकों को समयबद्ध तरीके से नवीन शिक्षक संवर्ग में नियमित किया।
- राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने प्रो. एस.पी. तिवारी पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय (कामधेनु विश्वविद्यालय) छत्तीसगढ़ को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का कुलपति नियुक्त किया।
- छिंदवाड़ा जिले में बच्चों और युवाओं द्वारा चित्रकला, भजन गायन और सामूहिक विवाह के क्षेत्र में तीन विश्व कीर्तिमान निर्मित हुए।
- भीमबैठिका के नजदीक बनेगा इंटरप्रिटेशन केन्द्र, रॉक आर्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (रॉक्सी) के तीन दिवसीय अधिवेशन में 29 फरवरी को इस पर हुई चर्चा।

खेल घटनाक्रम

टेनिस

- नोवाक जोकोविच ने डॉमिनिक थिएम को हराकर 8वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया।
- मारिया शारापोवा ने 32 वर्ष की उम्र में टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की, शारापोवा ने वर्ष 1991 में टेनिस खेलना शुरू किया था।
- बेंगलुरु ओपन के रूप में घरेलू सरजमीं पर लिएंडर पेस ने खेला अपना अंतिम एटीपी टूर्नामेंट।
- नोवाक जोकोविच ने जीता दुबई ओपन का खिताब, फाइनल में यूनान के स्तेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

फुटबॉल

- भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अशोक चटर्जी का निधन, वह 78 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की सीनियर टीम के लिये 30 मैच खेले थे।
- अंडर-17 महिला विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 02 से 21 नवम्बर तक भारत के पांच शहरों अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोलकाता और नवी मुंबई में होगा।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो 1000 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने।

क्रिकेट

- पांचवें टी-20 में न्यूज़ीलैंड को हराकर भारत पांच मैच की टी-20 सीरीज़ में 5-0 से वाइटवॉश करने वाला पहला देश बना।
- न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 सीरीज़ में 224 रन बनाकर के.एल. राहुल एक टी-20 सीरीज़ में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने।
- न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 में जसप्रीत बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक मेडन डालने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।
- बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजिबुर रहमान की जन्मशती के उपलक्ष्य में होने वाली टी-20 सीरीज़ के लिए एशिया XI टीम में विराट कोहली, शिखर धवन, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव किये गये शामिल।
- तीन मैच की सीरीज़ के आखिरी वनडे में भारत को हराकर न्यूज़ीलैंड ने सीरीज़ में 3-0 से वाइटवॉश किया।
- नेपाल के कुशल मल्ला पुरुषों के इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने, उन्होंने यह विश्व रिकॉर्ड अमेरिका के खिलाफ 15 साल और 340 दिन की उम्र में दर्ज किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड नेपाल के रोहित पौडेल (16 साल और 146 दिन) के नाम था।
- बीसीसीआई ने आईपीएल 2020 का शेड्यूल जारी किया। ओपनिंग मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 29 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। 57 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 24 मई को होगा।
- प्रज्ञान ओझा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाली पहली महिला बनीं।

अंडर-19 विश्वकप

- अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में बांग्लादेश ने भारत को हराकर अपना पहला आईसीसी टूर्नामेंट जीता।
- भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज़ और इंग्लैंड के बाद अंडर-19 विश्वकप जीतने वाली बांग्लादेश 7वीं टीम बनी।
- अंडर-19 विश्वकप टूर्नामेंट इतिहास में यह पहला मौका रहा, जब सर्वाधिक रन बनाने वाला और सर्वाधिक विकेट लेने वाला खिलाड़ी भारत का रहा। यशस्वी जयसवाल ने सर्वाधिक 400 रन बनाए और लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई ने सर्वाधिक 17 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड्स 2020

- एरॉन फिंच ने वनडे प्लेयर ऑफ द इयर अवॉर्ड और एलिसा हेली ने महिला वनडे प्लेयर ऑफ द इयर का अवॉर्ड जीता।
- मार्नस लबुशेन ने पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर अवॉर्ड का खिताब जीता।
- डेविड वॉर्नर और एलिसा हेली ने अपनी-अपनी श्रेणी में टी-20 प्लेयर ऑफ द इयर का पुरस्कार जीता।
- डेविड वॉर्नर ने स्टीव स्मिथ को एक वोट से हराकर एलन बॉर्डर मेडल अपने नाम कर लिया है, यह पुरस्कार सीज़न के सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेटर को दिया जाता है।

लॉरियस खेल पुरस्कार-2020

- लुईस हैमिल्टन और लियोनल मेसी को लॉरियस खेल पुरस्कारों में संयुक्त रूप से साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।
- 2019 में रग्बी विश्व का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने दूसरी बार लॉरियस साल की सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब जीता।
- अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने तीसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।
- स्नोबोर्डिंग खिलाड़ी क्लो किम ने विश्व एक्शन खेल पुरस्कार हासिल किया।
- सचिन तेंदुलकर को 2011 क्रिकेट विश्वकप के विजयी क्षण के लिए मिला लॉरियस अवॉर्ड।

ईएसपीएन अवॉर्ड्स

- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड : बलबीर सिंह सीनियर (हॉकी)
- स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर (महिला): पीवी सिंधु (बैडमिंटन)
- स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर (पुरुष) : सौरभ चौधरी (शूटिंग)
- कमबैक ऑफ द ईयर : कोनेरू हम्पी (शतरंज)
- एमर्जिंग स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर: दीपक पूनिया (कुश्ती)
- कोच ऑफ द ईयर : पुलेला गोपीचंद
- टीम ऑफ द ईयर : मनु भाकर और सौरभ चौधरी (शूटिंग)
- दिव्यांग एथलीट ऑफ द ईयर : मानसी जोशी (बैडमिंटन)
- द करेज अवॉर्ड : दुती चंद

अन्य खेल घटनाक्रम

- कोरोना वायरस संक्रमण के चलते भारतीय तीरंदाज़ी संघ ने बैंकॉक में आयोजित होने वाले 'एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट' में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।
- 11-18 अप्रैल को मलेशिया में होने वाला अज़लन शाह हॉकी टूर्नामेंट कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अब 24 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच होगा।
- कोरोना वायरस के चलते भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने साइप्रस में होने वाले निशानेबाज़ी विश्वकप में शामिल नहीं होने का फैसला किया।
- कोरोना वायरस के कारण भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने मनीला में शुरू होने वाली एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप से अपना नाम वापस लिया।
- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने भारतीय हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह को 2019 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी घोषित किया। यह अवॉर्ड जीतने वाले मनप्रीत पहले भारतीय हैं।
- भारतीय पुरुष टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने 2019 का साल का उभरता हुआ पुरुष हॉकी खिलाड़ी चुना, वहीं भारतीय महिला टीम की स्ट्राइकर लालरेम्सियामी भी राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर चुनी गईं।
- पीवी सिंधु को आंध्रप्रदेश सरकार की एंटी-करप्शन हेल्पलाइन की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया।
- भारत के यश फाडते ने जीती फ्रेंच जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप।
- वर्ल्ड रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अमेरिका के सेंट लुई में हुए कैन्स कप पर कब्जा जमाया।

सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई

पद का नाम - लेक्चरर (प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी/मैकेनिकल इंजीनियरिंग/मेन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग), टेक्नीकल असिस्टेंट (टेस्टिंग/प्रोसेसिंग/टूलिंग/कैड-कैम/स्किल ट्रेनिंग), लायब्रेरियन।
पदों की संख्या - पद कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर हैं। विशेषज्ञों की पैनल तैयार करना है। (विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर है)
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
www.cipet.gov.in/

नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर, दिल्ली

पद का नाम - साइंटिस्ट 'बी'/साइंटिस्ट टेक्निकल असिस्टेंट 'ए'
पदों की संख्या - 495
योग्यता - स्नातक इंजीनियरिंग - बीई,बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक विभाग और कम्प्यूटर पाठ्यक्रम-बी स्तर, एएमआईई या जीआईईटीई के एसोसिएट सदस्य, मास्टर्स डिग्री इन इंजीनियरिंग
अंतिम तिथि - 26 मार्च 2020
www.Calicut.nielit.in/nic.in

डीजल लोको आधुनिकीकरण, कारखाना, पटियाला

पद का नाम - इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक (डीजल), मशीनिस्ट, फिटर, वेल्डर (जी एंड ई)।
पदों की संख्या - 70, 40, 32, 23, 17
योग्यता - इलेक्ट्रिशियन - संबंधित ट्रेड से आईटीआई, विज्ञान एवं गणित विषय के साथ 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण। मैकेनिक - संबंधित ट्रेड से आईटीआई, 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण। मशीनिस्ट के लिए आईटीआई + विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं। फिटर के लिए आईटीआई फिटर + 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेल्डर के लिए आईटीआई + 8वीं कक्षा उत्तीर्ण।
अंतिम तिथि - 26 मार्च 2020
http://www.dmw. indian railways.gov.in

पशुपालन विभाग, उत्तराखंड

पद का नाम - पशुधन प्रसार अधिकारी, रेशम विभाग के अंतर्गत अधिदर्शक/प्रदर्शक, निरीक्षक (रेशम)
पदों की संख्या - 120, 26, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.SSSC.UK.gov.in

सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा

पद का नाम - भण्डार क्रय अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुस्तकालयाध्यक्ष, ग्रेड-1
पदों की संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.ssphpgti.ac.in/

हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड, नई दिल्ली

पद नाम - केमिकल मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन डिसिप्लिन के फ्रेशर्स प्रोफेशनल्स।
पदों की संख्या - 90
योग्यता - मान्यता प्राप्त किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से संबंधित डिसिप्लिन में फुल टाईम बीई/बीटेक/बीएससी (इंजीनियरिंग) किया हो।
अंतिम तिथि - 15 मार्च 2020
http://hurl.net.in/uploads/advertisment

सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद

पद का नाम - फोटोग्राफिक अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 24 अप्रैल 2020
http://www.svpnpa.gov.in/vacancies

हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंडीगढ़

पद का नाम - उप महाप्रबंधक (डीजीएम) (वित्त) पद अनुबंध आधार पर भरा जाएगा।
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि, उम्मीदवार इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का एसोसिएट सदस्य होना चाहिए अथवा उसने एमबीए (फायनेंस) योग्यता प्राप्त की हो, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को वरीयता दी जाएगी। अनुभव वेबसाइट पर देखें।
अंतिम तिथि - 16 मार्च 2020
www.hridc.co.in/

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़, हरियाणा

पद का नाम - समूह प्रबंधक-प्रशासन नियंत्रक (एचआर), समूह प्रबंधक-वित्त और लेखा, ऑफिस प्रबंधन अधिकारी
पदों की संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - **समूह प्रबंधक**-एचआर से एमबीए/पीजीडीएम के साथ ग्रेजुएट, 15 वर्ष का समकक्ष कार्यानुभव-औद्योगिक संबंध, जनशक्ति नियोजन, प्रशिक्षण और विकास, स्थापना, कानूनी और कल्याण मामलों, वेतन संशोधन, वेतन निपटान।
वित्त-सीए/आईसीडब्ल्यूए के साथ वाणिज्य स्नातक, लेखा/लेखा परीक्षा/कराधान/निधि प्रबंधन/लागत और बजट निर्धारण 15 वर्ष योग्यता के बाद का अनुभव, कम्प्यूटरीकृत वातावरण में कार्य ज्ञान।
ऑफिस प्रबंधन-किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर, मुख्य कार्यकारी/निदेशक के कार्यालय में 5 वर्ष के अनुभव के साथ एमएस ऑफिस/सरकारी संगठनों के संपर्क के कार्य में प्रवीणता।
अंतिम तिथि - 15 मार्च 2020
http://www.ncbindia.com

सोलिड स्टेट फिजिक्स लैबोरेट्री, तिमारपुर, दिल्ली

पद का नाम - कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ)-फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/मटीरियल साइंस/माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स (अध्येता वृत्ति डी-आरडीओ द्वारा प्रदान की जाएगी), फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/मटीरियल साइंस/माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स (स्वयं अध्येता वृत्ति)
पदों की संख्या - 13, 05
योग्यता - प्रथम श्रेणी के साथ फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स में एमएससी डिग्री, साथ में नेट (लेक्चरशिप) अर्हता, स्वयं अध्येता वृत्ति-उक्त डिग्री के साथ नेट (अध्येता वृत्ति) अर्हता है।
अंतिम तिथि - 15 मार्च 2020
www.drdo.gov.in

मित्र निकेतन कृषि विज्ञान केंद्र, तिरुअनंतपुरम

पद का नाम - कुशल सपोर्टिंग स्टाफ
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण/आईटीआई उत्तीर्ण
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2020
www.mitrakvk.org

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - पाठ्यक्रम 2020 के लिए दो वर्षीय रेजीडेंशियल मास्टर ऑफ पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम।
योग्यता - किसी भी विषय में बेहतर अंकों के साथ स्नातक या स्नातकोत्तर परीक्षा पास की हो।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2020
https://mpp.nls.ac.in/apply-now/

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम, हरियाणा

पाठ्यक्रम का नाम - फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, एग्जीक्यूटिव फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (ईएफपीएम)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार, कैट/जीमैट/जीआरई/यूजीसी-जेआरएफ का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.mdi.ac.in/

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कालीकट

पाठ्यक्रम का नाम - एडवांस्ड डिप्लोमा इन बिगडेटा एनालिटिक्स, एडवांस्ड डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
http://nielit.gov.in/calicut/content

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, विशाखापत्तनम्

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) इन डिजिटल गवर्नेन्स एंड मैनेजमेंट - 2020-22
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 03 जुलाई 2020
https://www.iimv.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर

पाठ्यक्रम का नाम - पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट 2020-25-एएमबीए, एएसीएसबी, ईक्यूयूआईएस
योग्यता - बारहवीं कक्षा 60 प्रतिशत अंकों के साथ या समकक्ष
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2020
www.iimidr.ac.in/

धीरूभाई अंबानी इंस्टी. ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, गुजरात

पाठ्यक्रम का नाम - एम.टेक (आईसीटी), एम.टेक (ईसी), एमएससी (आईटी), एमएससी (डेटा साइंस), एम डेस (सीडी), पीएचडी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है
www.daiict.ac.in

एएसबीएम यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर, ओडिशा

पाठ्यक्रम का नाम - बीबीए (ऑनर्स), बीबीए (ई-कॉमर्स), बीकॉम (ऑनर्स), बीए (कम्युनिकेशन एंड डिजिटल मीडिया), एम.कॉम (फाइनेंशियल मॉडलिंग एंड एनालिटिक्स एकाउंटिंग, फायनेंस, मार्केटिंग) एमए (कम्युनिकेशन एंड डिजिटल मीडिया), पीएचडी इन मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मई 2020
www.asbm.ac.in/

एनआईएमसीईटी-2020

संस्था का नाम - एनआईटी, रायपुर
किसके लिए - मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्रवेश लेने के लिए (10वीं इंस्टीट्यूट के लिए) कॉमन एंट्रेस एक्जाम आयोजित किया जा रहा है।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
http://www.nimcet.in/

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस, हैदराबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम (जनरल), पीजीडीएम-बैंकिंग, इंश्योरेंस एंड फायनेंशियल सर्विसेस, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्जीक्यूटिव-पीजीडीएम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है
www.ipeindia.org/

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता - 2020

संस्था का नाम - मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन यूजीसी, नई दिल्ली
किसके लिए - निबंध की थीम कर्तव्य. यूजीसी.एसी.इन पर दी गई है। उच्च शिक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। अंग्रेजी और हिन्दी में निबंध लिख सकते हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 17 मार्च 2020
www.kartavya.ugc.ac.in/

लोगो डिजाइन प्रतियोगिता विज्ञान प्रसार नेटवर्क

संस्था का नाम - विज्ञान प्रसार नेटवर्क, नई दिल्ली (विपनेट)
किसके लिए - सभी भारतीय नागरिक, विज्ञान प्रसारक, छात्र को उनके द्वारा डिजाइन किया गया लोगो जेपीईजी, पीएनजी या फिर पीडीएफ फॉर्मेट में भेजना होगा। डिजाइन किया गया लोगो मायजीओवी पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
योग्यता - सभी नागरिक आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
www.mygov.in/

शी बिगन इंटरनेशनल स्कॉलरशिप फॉर वुमन - 2020-21

संस्था का नाम - शी बिगन फाउंडेशन, यूएस
किसके लिए - यूएस में ग्रेजुएशन, अंडरग्रेजुएशन और पोस्ट डॉक्टोरल कर रही छात्राएं आवेदन के लिए पात्र हैं।
योग्यता - फुल टाईम शोध/रिसर्च या पढ़ाई करने के लिए इच्छुक छात्राएं संबंधित विषय से, उच्च शिक्षित हों।
अंतिम तिथि - 20 अप्रैल 2020
www.shebegan.com/isw

स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर स्कॉलरशिप

संस्था का नाम - स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड, नई दिल्ली
किसके लिए - ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ रहे स्टूडेंट इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्कॉलरशिप का उद्देश्य मेधावी स्टूडेंट्स की आर्थिक सहायता करना है।
योग्यता - न्यूनतम 35 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा पास करने वाले स्टूडेंट्स इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन के पात्र हैं। पारिवारिक सालाना आय 4 लाख से अधिक न हो।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.sterlingandwillson.com

अन्तर्राष्ट्रीय वन्य-प्राणी दिवस

जल, थल, नभ में शीर्ष पर है मध्यप्रदेश

भोपाल, वन मंत्री श्री उमंग सिंघार ने अन्तर्राष्ट्रीय वन्य-प्राणी दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। श्री सिंघार ने कहा कि यह गौरव की बात है कि प्रदेश के बाघ, तेन्दुआ, गिद्ध, घड़ियाल, बारासिंघा आदि अनेक प्राणियों की संख्या देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में सर्वाधिक 526 बाघ, 1800 से अधिक तेन्दुआ, साढ़े 8 हजार गिद्ध और 1800 से अधिक घड़ियाल हैं। वन मंत्री ने कहा कि यह कामयाबी एक दिन का प्रयास नहीं बल्कि विभाग द्वारा किये जाने वाले सतत् परिश्रम का परिणाम है।

श्री सिंघार ने कहा कि अखिल भारतीय बाघ आकलन में मध्यप्रदेश 526 बाघों के साथ देश में पहले स्थान पर है। यही नहीं, तीन टाइगर रिज़र्व पेंच, कान्हा और सतपुड़ा देश में प्रबंधकीय दक्षता में प्रथम तीन स्थान पर हैं। प्रदेश का टाइगर स्ट्राइक फोर्स भी लगातार राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वन्य-प्राणी अपराधियों पर शिकंजा कस रहा है। तेन्दुओं की संख्या में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। बारासिंघा की संख्या भी 66 से बढ़कर 800 के करीब पहुँच गई है।

सम्पूर्ण विश्व में 99 प्रतिशत गिद्धों की समाप्ति से यह प्रजाति अति संकट में आ गई है। गिद्ध प्रकृति के सफाई कामगार हैं, जो सड़ा-गला मांस आदि मिनटों में चट कर पृथ्वी को महामारी से बचाते हैं। वन विभाग के प्रयासों से आज प्रदेश में 33 जिलों में लगभग साढ़े 8 हजार गिद्ध हैं। भोपाल के केरवा में गिद्ध प्रजनन केंद्र बनाया जाकर इस विलुप्त होते प्राणी की संख्या बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में लगभग 500 प्रजाति के पक्षी पाये जाते हैं। इन पक्षियों की सुरक्षा के मद्देनजर भी वन विभाग पूरा ऐहतियात बरतता है।

विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके घड़ियालों की पुनर्वापसी में भी प्रदेश के वन विभाग ने सराहनीय प्रयास किये हैं। चम्बल सेंचुरी में आज 1800 से अधिक घड़ियाल हैं, जो देश में अन्य स्थानों की गणना से काफी आगे हैं। सोन नदी और केन नदी में घड़ियालों का वैज्ञानिक तरीके से पोषण कर हर साल तकरीबन 200 घड़ियाल चम्बल नदी में छोड़े जा रहे हैं।

श्री उमंग सिंघार ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र 10 हजार 998 वर्ग किलोमीटर से अधिक है। यहाँ 10 राष्ट्रीय उद्यान और 25 वन्य-प्राणी अभ्यारण्य है। कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना, पेंच, सतपुड़ा और संजय राष्ट्रीय उद्यान तथा इनके निकटवर्ती 6 अभ्यारण्यों को समाहित कर 6 टाइगर रिज़र्व बनाये गये हैं। घुघवा फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान में 6 करोड़ वर्ष तक पुराने जीवाश्म संरक्षित किये गये हैं। धार जिले में डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान है। मुकुंदपुर में सफेद टाइगर सफारी है। मगर, डालफिन, गौर, काला हिरण आदि भी प्रदेश की पहचान हैं।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

सामयिकी

श्रीलंका की संसद भंग

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने निर्धारित समय से लगभग छह माह पहले श्रीलंका की संसद को भंग कर दिया है। उन्होंने 25 अप्रैल 2020 को मध्यावधि चुनाव कराने की घोषणा की है। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी विशेष गैजेट के अनुसार श्री राजपक्षे ने मध्यरात्रि से संसद भंग कर दी और 14 मई 2020 को संसद का पहला सत्र शुरू होगा। जानकारी के अनुसार चुनाव के लिए उम्मीदवार 12 से 19 मार्च के बीच नामांकन दाखिल कर सकेंगे। माना जा रहा है कि चुनाव में 1.6 करोड़ लोगों के मतदान करने की संभावना है।

कोरोना वायरस संक्रमण

सऊदी अरब ने हज से पहले मक्का और मदीना की यात्रा पर लगाई पाबंदी

सऊदी अरब ने हज यात्रा से कुछ माह पहले ही मक्का, मदीना और अन्य स्थानों पर विदेशियों खासकर कोरोना प्रभावित

- **सऊदी अरब ने मक्का, मदीना सहित अन्य जगहों पर विदेशियों के आने पर पाबंदी लगा दी है।**
- **अन्य तीर्थस्थलों की यात्राओं पर भी इसका असर पड़ेगा।**

देशों के सैलानियों के आने पर सख्त पाबंदी का ऐलान किया है। सऊदी अरब के अनुसार इस फैसले के पीछे उद्देश्य है कि विदेशी नागरिक पवित्र शहर मक्का और मदीना में प्रवेश न कर सकें, ताकि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण किया जा सके, साथ ही मस्जिदों में ऐहतियात बरतने की बात कही है। हालांकि सऊदी अरब में अभी तक कोई भी संक्रमण का मामला दर्ज नहीं हुआ है। लेकिन अधिकारियों ने वायरस से प्रभावित देशों को टूरिस्ट वीजा देने पर रोक लगा दी है। सऊदी के विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनका देश इस वायरस के प्रसार पर रोक के उपाय के तहत सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करेगा। साथ ही उन्होंने अपने देश के नागरिकों से भी अपील की है कि वे कोरोना प्रभावित देशों की यात्रा से पहले ऐहतियात बरतें।

अमेरिका में होने वाली आसियान देशों की बैठक रद्द

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि दुनिया भर में फैल रहे

- **अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 सदस्यीय आसियान देशों के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया था।**

कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर एशियाई देशों की बैठक को रद्द किया जा रहा है।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने लॉस वेगास की बैठक को स्थगित करने का मुश्किल फैसला करने से पहले अपने आसियान साझेदारों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम विभाग के सुझाव के बाद ही यह निर्णय लिया गया।

मलेशिया में मुहिद्दीन यासीन बने प्रधानमंत्री

राष्ट्रवादी बेरसातू पार्टी के नेता यासीन महातिर मुहम्मद के स्थान पर प्रधानमंत्री बने हैं।

मलेशिया में राजनीतिक अस्थिरता का दौर 24 फरवरी को शुरू हुआ था, जब यासीन की बेरसातू पार्टी ने सत्तारुढ़ गठबंधन से अलग होने का ऐलान किया था।

मलेशिया में 73 वर्षीय मुहम्मद यासीन ने समारोहपूर्वक प्रधानमंत्री का पद संभाल लिया। यासीन को यूनाइटेड मलयाज नेशनल ऑर्गनाइजेशन का समर्थन प्राप्त है।

उत्तर कोरिया ने दो मिसाइलें दागीं

उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में छोटी दूरी की दो मिसाइलें (प्रोजेक्टाइल) दागी हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ

(जेसीएस) ने कहा कि उत्तर कोरिया की ओर से इस वर्ष यह पहला प्रक्षेपण है। जानकारी के अनुसार मिसाइल को पूर्वी तट के उत्तर कोरियाई शहर वॉनसन के पास के इलाकों में इसे छोड़ा गया। इन दोनों प्रोजेक्टाइलों ने करीब 240 किलोमीटर उड़ान भरी जो 35 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंची थीं।

बहुमत हासिल करने से चूके इजरायल के प्रधानमंत्री

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस वर्ष देश में तीसरी बार हुए संसदीय चुनाव में भी बहुमत हासिल करने से चूक गए हैं। लेकिन वह रिकॉर्ड पाँचवीं बार प्रधानमंत्री बनने की रेस में सबसे आगे हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 120 सदस्यीय संसद में 58 सीटें मिली हैं। 99 फीसदी मतों की गिनती के साथ ही स्पष्ट हो गया कि इजरायल में एक ही वर्ष में तीसरी बार हुए संसदीय चुनाव में देश में जारी राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने में मदद नहीं मिली। नेतन्याहू ने चुनाव नतीजे आने के बाद यह स्वीकार किया कि फिलहाल नई सरकार बनाने के लिए उनके पास संसद में पर्याप्त बहुमत नहीं है।

ब्राजील में भारी बारिश से मची तबाही

दक्षिण पूर्वी ब्राजील में रिकॉर्ड स्तर की भारी बारिश होने से जनवरी से अब तक मरने वालों की संख्या 50 के पार पहुंच गयी है। इस वजह से हजारों लोग बेघर भी हो गए। आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के अनुसार मृतकों के अलावा कई लोग लापता हैं। पिछले दिनों ब्राजील के बेलो होरिजोते में एक दिन में तकरीबन 171 मिलीलीटर (6.7 इंच) से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। माना जा रहा है कि 110 सालों में यह सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड है। स्थानीय गवर्नर जी जेमा ने 47 शहरों में आपातकाल की घोषणा कर दी थी। उन्होंने बाढ़ और भू-स्खलन में जान गंवाने वालों के लिए तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया था।

इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी 'माउंट मेरापी' में हुआ विस्फोट

इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक 'माउंट मेरापी' में विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण राख का गुबार छह किलोमीटर की ऊंचाई तक उठा, जिससे विमान सेवाएं बाधित हो गयीं। इंडोनेशिया रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फॉर जियोलॉजिकल डिजास्टर एजेंसी के प्रमुख हनीक हुमैदा ने बताया कि माउंट मेरापी का विस्फोट क्रेटर से दो किलोमीटर दूर हुआ।

धरती से 39 करोड़ प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ सबसे बड़ा विस्फोट

खगोलविदों ने हाल ही में ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोट का पता लगाया है। यह 'बिग बैंग' के बाद अब तक सबसे बड़ा विस्फोट है।

इनके जरिए पता चला कि विस्फोट ओफियुकस आकाशगंगा समूह में हुआ, जो धरती से 39 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर है। खगोलविदों के अनुसार विस्फोट से आकाशगंगा गुच्छ एमएस 0735 + 74 में हुए विस्फोट की तुलना में 5 गुना ज्यादा ऊर्जा निकली। ऑस्ट्रेलिया की कटिन यूनिवर्सिटी की मेलानी जॉनस्टन होलिट ने कहा कि अभी तक अन्य आकाशगंगाओं की तुलना में यह विस्फोट सबसे ज्यादा तेज और लंबे समय तक का था।



- **पुणे में भारत के विशाल मीटरवेव रेडियो टेलिस्कोप, नासा के चंद्रा एक्स-रे ऑब्जरवेटरी और यूरोपियन स्पेस एजेंसी के रेडियो टेलिस्कोप से विस्फोट का पता चला।**

चीन और दक्षिण एशिया में बढ़ रहा सूक्ष्म प्रदूषण

विश्व में सूक्ष्म वायु प्रदूषण का सामना करने वाले देशों में चीन और दक्षिण एशिया के भी कई शहर शामिल हैं। इनसे संबंधित सूची और प्रदूषण की दर का मापन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया है।

2019 में जारी रिपोर्ट के अनुसार आबादी के लिहाज से बांग्लादेश 2.5 पी.एम. प्रदूषण में सबसे ज्यादा प्रभावित है। उसके बाद पाकिस्तान, मंगोलिया, अफगानिस्तान और भारत का नंबर आता है। चीन 11वें स्थान पर है। वायुजनित प्रदूषण में 2.5 माइक्रोन या उससे भी कम व्यास वाले प्रदूषक तत्व (मोटे तौर पर मानव बाल की मोटाई का 30वां भाग) सबसे खतरनाक माने जाते हैं। इस सूची में वुहान, चेंगदू और बीजिंग का भी नाम है। यह रिपोर्ट दुनिया भर के 5,000 शहरों से मिले डेटा के अनुसार है। आईक्यूएयर के सीईओ फ्रैंक हम्मेस ने कहा कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खतरा है।

- **आईक्यूएयर ग्रुप और ग्रीन पीस ने जारी की है विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट।**
- **करीब 80 फीसदी शहर चीन और भारत के हैं।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

खेलचर्चा

नाडा ने सुमित सांगवान का प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पूर्व एशियन रजत पदक विजेता मुक्केबाज सुमित सांगवान को बड़ी राहत देते हुये उन पर लगा एक वर्ष का प्रतिबंध हटा दिया है। सुमित ने नाडा द्वारा हुई सुनवाई में साबित किया कि उन्होंने अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। नाडा ने सुमित पर दिसंबर 2019 को एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया था। इस प्रतिबंध के कारण सुमित ओलिंपिक ट्रायल में हिस्सा नहीं ले पाये थे।

अजलान शाह कप अप्रैल की जगह सितंबर में होगा आयोजित

क्वालालंपुर, कोरोना वायरस के कारण मलेशिया में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट अजलान शाह कप स्थगित हो गया है। अब यह टूर्नामेंट अप्रैल की जगह सितंबर में खेला जायेगा। टूर्नामेंट की आयोजन समिति के चेयरमैन हाजी अब्द रहीम बिन मोहम्मद ने कहा कि खिलाड़ियों और मैच ऑफिशियल्स की सेहत को ध्यान में रखते हुये यह टूर्नामेंट टालने का फैसला किया गया है। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

इथोपिया के बिरहानू ने जीती टोक्यो मैराथन

टोक्यो, इथोपिया के लंबी दूरी के धावक बिरहानू लेगेसी ने टोक्यो मैराथन रेस अपने नाम की है। बिरहानू ने लगातार दूसरी बार यह रेस जीती है। बिरहानू ने 2 घंटे 4 मिनट और 15 सेकंड का समय निकालकर यह रेस पूरी की। टोक्यो मैराथन में महिला वर्ग का खिताब इजराइल की लोनाह चेमताई ने जीता। चेमताई ने 2 घंटे 17 मिनट 45 सेकेंड में यह रेस पूरी की। उल्लेखनीय है कि जापान में कोरोना वायरस के कारण कई प्रतिभागियों ने इस रेस में हिस्सा लेने से मना कर दिया था।

बीसीसीआई ने प्रवीण तांबे को किया निलंबित

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी प्रवीण तांबे को निलंबित कर दिया है। इसके कारण प्रवीण आईपीएल-2020 में नहीं खेल पायेंगे। प्रवीण ने वर्ष 2018 में संन्यास लेकर शारजाह में टी-10 लीग में खेला था। इसके बाद उन्होंने संन्यास से वापसी की। इसके बावजूद उन्होंने विदेशी लीग में बिना बीसीसीआई की अनुमति के खेलना जारी रखा। बीसीसीआई के नियमानुसार कोई भी खिलाड़ी बिना संन्यास लिये विदेशी लीग में नहीं खेल सकता है। प्रवीण ने वर्ष 2013 से लेकर 2016 तक 33 आईपीएल मैच खेले हैं, इनमें उन्होंने हैट्रिक सहित 28 विकेट लिये हैं।

मारिया शारापोवा ने टेनिस से लिया संन्यास

मॉस्को, रूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा ने टेनिस से संन्यास लेने का ऐलान किया है। शारापोवा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर कहा कि 28 साल से जिस खेल ने मुझे एक नया परिवार दिया, शोहरत दी, अब उसे अलविदा कह रही हूं। शारापोवा ने पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, इनमें दो फ्रैंच ओपन, एक-एक विम्बलडन, ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन शामिल है।

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप

भारत ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना

सिडनी, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के खितावी मुकाबले में जगह बना ली है। फाइनल मुकाबले में भारत का सामना चार बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से होना था, लेकिन भारी बारिश के चलते मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। भारत को लीग चरण में बेहतर प्रदर्शन के कारण फाइनल में जगह मिली। भारत ने लीग चरण में अपने चारों मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये, जबकि इंग्लैंड ने लीग चरण में चार में से तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल किये थे।

रिज़र्व-डे का होना चाहिए प्रावधान

इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट ने मैच रद्द होने के बाद कहा कि यह वास्तव में निराशाजनक है। विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट के नॉक आउट मुकाबलों में रिज़र्व-डे का प्रावधान होना चाहिये। हम इस तरह से विश्वकप का अंत नहीं करना चाहते थे। नाइट ने कहा कि लीग मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार हमें महंगी पड़ गई। इस विश्वकप में लीग चरण का प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

आईसीसी ने रिज़र्व-डे के लिये किया मना

महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के प्रमुख मैचों के दौरान बारिश की आशंका को देखते हुये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) से सेमीफाइनल के लिये रिज़र्व-डे रखने का आग्रह किया था, लेकिन आईसीसी ने इसे नामंजूर कर दिया था। हालांकि फाइनल के लिये रिज़र्व-डे रखा गया है।

- **भारत पहली बार आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा है।**
- **ऑस्ट्रेलिया ने छठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।**
- **ऑस्ट्रेलिया अब तक 4 बार विजेता तथा 1 बार उपविजेता बना है।**

दक्षिण अफ्रीका फिर बनी चोकर्स

विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम एक बार फिर चोकर्स साबित हुई। पुरुष टीम की तरह महिला टीम भी बड़े मुकाबले में ढेर हो गई। मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 134 रन बनाये। इसके बाद बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ और दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिये 13 ओवर में 98 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीकी टीम को धीमी शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा। पूरी टीम 13 ओवरों में 5 विकेट खोकर 92 रन ही बना सकी।

आईसीसी ने ओमान के यूसुफ पर लगाया प्रतिबंध

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने ओमान के क्रिकेटर यूसुफ अब्दुल रहीम अल वलुशी पर मैच फिक्सिंग करने की कोशिश के कारण सात वर्षों का प्रतिबंध लगाया है। आईसीसी ने कहा कि यूसुफ ने आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन करने के चार आरोपों को स्वीकार किया है।

तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा टोक्यो ओलिंपिक

टोक्यो, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) के प्रेसिडेंट थॉमस बाक ने कहा है कि टोक्यो ओलिंपिक खेल अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही कराये जायेंगे। बाक ने कहा कि कोरोना वायरस का असर ओलिंपिक खेलों पर नहीं पड़ेगा। बाक का बयान बेहद अहम जाना जा रहा है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही बाक के सहयोगी डिक पाउंड ने कोरोना वायरस के चलते टोक्यो ओलिंपिक रद्द होने या टलने की आशंका जाहिर की थी।

बीसीसीआई ने वूमेन ट्वेंटी-20 चैलेंज टूर्नामेंट की तारीखें घोषित कीं

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वूमेन ट्वेंटी-20 चैलेंज टूर्नामेंट की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने के लिये यह टूर्नामेंट आयोजित कराया जा रहा है। यह टूर्नामेंट का तीसरा चरण है, जिसमें चार टीमें खेलेंगी। इस टूर्नामेंट के फाइनल सहित 7 मैच जयपुर में खेले जायेंगे।

नडाल ने तीसरी बार जीता मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट

एकापुल्को, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने मैक्सिको में आयोजित मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में नडाल ने अमेरिका के युवा खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया।

एक घंटे 14 मिनट तक चले इस मुकाबले में नडाल पूरी तरह टेलर पर हावी रहे। टेलर इस मैच में महज 10 एस ही लगा पाये। पहले सेट में टेलर ने जुझारु खेल दिखाया, मगर दूसरे सेट में नडाल ने उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

नडाल ने अपने टेनिस कॅरियर में तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले नडाल वर्ष 2005 और 2013 में भी यह खिताब जीत चुके हैं। वहीं टेलर फ्रिट्ज पहली बार किसी एटीपी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेल रहे थे।

जोकोविच ने जीता दुबई ओपन

विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दुबई ओपन का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में जोकोविच ने ग्रीक के स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 6-4 से हराया। जोकोविच ने पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। यह जोकोविच के टेनिस कॅरियर का 79वां खिताब है।

मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब

लंदन, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश फुटबॉल लीग (ईएफएल) कप का खिताब अपने नाम किया है। लंदन के वेंबले स्टेडियम में खेले गये खितावी मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को 2-1 से हराया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के पहले हाफ में आक्रामक रणनीति के साथ उत्तरी मैनचेस्टर सिटी ने शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। इस रणनीति का फायदा मैनचेस्टर सिटी को जल्द ही मिला। मैनचेस्टर सिटी के लिये पहला गोल सर्जियो एगुएरो ने 20वें मिनट में किया। इसके 10 मिनट बाद रोड्रिगो ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी की बढ़त को दोगुना कर दिया। 2-0 से पिछड़ने के बाद एस्टन विला के खिलाड़ियों ने काउंटर अटैक तेज कर दिये।

एस्टन विला ने मवाना समट्टा ने 41वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाते हुये शानदार मैदानी गोल किया। पहले हाफ तक मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे थी। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये, लेकिन कोई भी टीम सफल नहीं हो पाई।

- **मैनचेस्टर सिटी ने लगातार 3 बार तथा कुल सातवीं बार जीता है ईएफएल कप खिताब।**
- **मैनचेस्टर सिटी से पहले लिवरपूल ने लगातार 3 बार जीता है यह खिताब।**
- **लिवरपूल ने सर्वाधिक 8 बार जीता है यह टूर्नामेंट।**

सुनील जोशी बने नये मुख्य चयनकर्ता

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी को राष्ट्रीय टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। सुनील के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज हरविंदर सिंह को भी पांच सदस्यीय चयन समिति में जगह मिली है। सुनील वर्तमान मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की जगह लेंगे, वहीं गगन खोड़ा की जगह हरविंदर सिंह कमान संभालेंगे। बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति ने इन दोनों चयनकर्ताओं के नाम पर मुहर लगाई।

क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य मदनलाल ने बताया कि चयन समिति में जतिन परांजपे, देवांग गांधी और शरणदीप सिंह पहले से शामिल हैं। मदनलाल ने कहा कि इंटरव्यू में सुनील जोशी और हरविंदर सिंह ने साफ व्यू रखे। इसीलिए उनका चुनाव किया गया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के लिये खेल चुके सुनील जोशी के पास कोचिंग का बड़ा अनुभव है। सुनील प्रथम श्रेणी क्रिकेट में असम, हैदराबाद और जम्मू और कश्मीर टीम के कोच रह चुके हैं। वर्ष 2015 में ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले सुनील ओमान के गेंदबाजी कोच बनाये गये। वर्ष 2017 में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें टीम का स्पिन सलाहकार बनाया। इसके अलावा जोशी वर्ष 2019 में अमेरिकी क्रिकेट टीम के स्पिन कोच भी रह चुके हैं।

सुनील जोशी ने भारत के लिये 15 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्होंने 41 विकेट हासिल किये हैं। वहीं 69 वन-डे मैचों में सुनील ने भारत के लिये 69 विकेट लिये हैं। सुनील ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वन-डे मैच में 10 ओवर में 6 मेडन ओवर और 5 रन खर्च कर 6 विकेट लिये। किसी भी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे किफायती पांच विकेट लेने का यह रिकॉर्ड है। नव नियुक्त चयनकर्ता हरविंदर सिंह ने भारत के लिये 3 टेस्ट (4 विकेट) और 16 वन-डे (24 विकेट) खेले हैं।

- **सुनील जोशी और हरविंदर सिंह का कार्यकाल 1 वर्ष का होगा।**
- **अन्य चयनकर्ताओं का कार्यकाल भी 1 वर्ष बाद खत्म हो रहा है।**
- **बीसीसीआई एक वर्ष बाद इनके कार्यकाल की समीक्षा करेगी।**

हीथर नाइट क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाली पहली महिला बनीं

केनबरा, इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट ने महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में नया कीर्तिमान रचा है। हीथर ने थाईलैंड के खिलाफ लीग मैच में 108 रनों की पारी खेली। इसके साथ ही हीथर क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाली विश्व की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। हीथर इससे पहले वर्ष 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में तथा वर्ष 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ वन-डे में शतक बनाया है। इसके अलावा हीथर ट्वेंटी-20 क्रिकेट में शतक बनाने वाली इंग्लैंड की चौथी महिला क्रिकेटर भी बन गई हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमसे पूछिए

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ मैं एनडीए के माध्यम से देश सेवा में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- शक्ति सिंह राजपूत, नरसिंहगढ़ (राजगढ़)

● एनडीए यानी नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा के माध्यम से भारतीय

थलसेना (आर्मी विंग), नौसेना (नेवी विंग) एवं वायुसेना (एयरफोर्स विंग) में प्रवेश लिया जा सकता है। प्रतिवर्ष संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा यह परीक्षा दो बार आयोजित की जाती है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात 3 वर्ष तक प्रशिक्षण प्राप्त कर एक सैन्य अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित और साहसी जीवन की शुरुआत की जा सकती है। एनडीए का इंट्रेंस टेस्ट केवल वे ही कैंडिडेट दे सकते हैं, जिनकी आयु साढ़े 16 वर्ष से 19 वर्ष के बीच हो और जो अविवाहित हों। साथ ही ऊँचाई आर्मी एवं नेवी हेतु कम से कम 157.5 सेमी. एवं एयरफोर्स के लिए 162.5 सेमी. जरूरी है। नेशनल डिफेंस एकेडमी में दृष्टि संबंधी विभिन्न मानकों की पूर्ति भी आवश्यक है। एनडीए की चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आर्मी विंग हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस या किसी भी समूह में उत्तीर्ण होना निर्धारित की गई है। एयरफोर्स एवं नेवी के लिए आवेदक का फिजिक्स, मैथ्स एवं केमेस्ट्री विषय के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जो स्टूडेंट्स 12वीं की परीक्षा देने वाले हैं वे भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

निसंदेह एनडीए परीक्षा में सफलता कोई कठिन काम नहीं है। आप सबसे पहले यह देखें कि इस परीक्षा का सिलेबस क्या है। पिछले 10 से 15 वर्षों के पेपर्स को सॉल्व करें, जिससे आपको परीक्षा पैटर्न की अच्छी जानकारी प्राप्त हो जाएगी। एनडीए की सिलेक्शन प्रक्रिया दो स्टेज से होकर गुजरती है। पहली स्टेज है- रिटेन टेस्ट तथा दूसरी स्टेज है- इंटरव्यू। रिटेन टेस्ट 900 अंकों का होता है। रिटेन टेस्ट में पहला पेपर मैथ्स विषय का होता है। मैथ्स के 120 प्रश्न ढाई घंटे में हल करना होते हैं। इस हेतु 300 अंक निर्धारित हैं। दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का होता है। जो ढाई घंटे का होता है, जिसमें इंग्लिश के 50 प्रश्न 200 अंकों के तथा जनरल नॉलेज के 100 प्रश्न 400 अंकों के होते हैं। इस प्रकार जनरल एबिलिटी टेस्ट 600 अंकों का होता है। रिटेन टेस्ट के आधार पर इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है। साक्षात्कार 900 अंकों का होता है, जिसमें साक्षात्कार, समूह कार्य, मनोवैज्ञानिक परीक्षण से संबंधित जांच की जाती है। 900 अंकों के रिटन टेस्ट तथा 900 अंकों के इंटरव्यू को मिलाकर अंतिम मैरिट तैयार की जाती है। एनडीए परीक्षा में मैथ्स, इंग्लिश एंड जनरल नॉलेज एवं जनरल अवेयरनेस से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं अतः कैंडिडेट को इन तीनों ही विषयों पर बराबर निगाह जमाए रखनी चाहिए। जनरल नॉलेज एंड जनरल अवेयरनेस में मुख्य रूप से फिजिक्स, केमेस्ट्री, साइंस, सोशल साइंस तथा करंट अफेयर्स से संबंधित ज्यादातर प्रश्न पूछे जाते हैं। जनरल नॉलेज के प्रश्न पत्र की तैयारी के लिए कैंडिडेट को फिजिक्स, केमेस्ट्री तथा जनरल साइंस का अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिए। उनसे जुड़ी प्रमुख इक्वेशन्स एवं केमिकल फार्मूलों को याद करने की आदत डालनी चाहिए। हिस्ट्री एवं ज्योग्राफी के प्रमुख तथ्यों को याद रखना चाहिए। न्यूज पेपर्स तथा कॉम्पीटिटिव एग्जाम्स से जुड़ी मंथली मैग्जीन्स को लगातार पढ़ना चाहिए। जनरल स्टडीज की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की 10वीं, 11वीं और 12वीं की फिजिक्स, केमिस्ट्री, हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, पॉलिटिकल साइंस एवं इकोनॉमिक्स की बुक्स तथा भारत के भूगोल की पुस्तकें उपयोगी हैं। गणित के प्रश्नों के लिए आर.एस. अग्रवाल एवं एम. टायरा की पुस्तकें उपयोगी हैं। जनरल इंग्लिश एवं ग्रामर के लिए राजेंद्र प्रसाद सिन्हा तथा मार्टिन एंड नेसफील्ड की इंग्लिश ग्रामर उपयोगी बुक्स हैं।

❍ मैं व्यावसायिक रसोइया बनना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- कृष्णा चौधरी, रतलाम

● यदि आप खाना बनाने के शौकीन हैं तथा आपको अतिथि सत्कार में आनंद

आता है तो आपके लिए रसोइया (शेफ) बेहतरीन विकल्प है। देश में जिस तेजी से होटल व्यवसाय बढ़ रहा है, उससे इस क्षेत्र में रोज़गार की भरपूर संभावनाएं विकसित हो रही हैं। मनोरंजन जगत की बात की जाए तो टीवी चैनलों पर प्रसारित कुकरी शो ने इस फील्ड को काफी लोकप्रियता दी है। संजीव कपूर, तरला दलाल आज लगभग हर घर में पहचाने जाते हैं। आज रसोइया पारंपरिक छवि से उभरकर सेलेब्रिटी बन गया है, जिसके पास मान-सम्मान तो है ही, पैसा भी बेशुमार है। इस फील्ड में आने के इच्छुक युवाओं के लिए एक अच्छी खबर यह है कि भारतीय रसोइया की मांग न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी खूब है। इस क्षेत्र में पैसा और सम्मान दोनों भरपूर हैं, लेकिन यहां उसी को आना चाहिए जो प्रयोगशील हो और धुन का पक्का हो। साथ ही शारीरिक दृढ़ता, भोजन से प्यार, जानने की तीव्र इच्छा, प्रयोग करने में रुचि, अतिथि सत्कार और व्यावसायिकता की समझ अहम है। रसोइया बनने के लिए केवल खाना बनाने में रुचि ही नहीं, बल्कि कुछ न्यूनतम शैक्षिक योग्यताओं का होना भी आवश्यक है जैसे होटल मैनजमेंट और कलीनरी आर्ट में डिप्लोमा या डिग्री। व्यावसायिक शेफ बनने की यह मूलभूत आवश्यकता है। कुछ होटल मैनेजमेंट संस्थान फूड प्रोडक्शन में सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा भी देते हैं। भारत सरकार के खाद्य संस्थान भी इससे संबंधित कोर्स कराते हैं, जिन्हें करने के बाद आप न केवल रसोइया, बल्कि होटल उद्योग से जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी कॅरियर बना सकते हैं। होटल मैनेजमेंट एवं केटरिंग क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक युवाओं को बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कई संस्थानों में दाखिले से पहले लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार भी लिया जाता है। **पाठ्यक्रम कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-**

- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा।
- इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी, गुरुग्राम।
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद।

मध्यप्रदेश में होटल मैनेजमेंट अथवा केटरिंग का पाठ्यक्रम कराने वाले प्रमुख संस्थान/विश्व-विद्यालय इस प्रकार हैं-

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, भोपाल।
- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।
- जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर।
- अवधेश प्रतापसिंह विश्वविद्यालय, रीवा आदि।

❍ कृपया मुझे बताएं कि परफ्यूनिस्ट किस प्रकार बना जा सकता है?

- सुदेश खरे, विदिशा

● परफ्यूनिस्ट सर्जरी (शल्य चिकित्सा) के दौरान सर्जन की मदद करता है। अक्सर हार्ट सर्जरी या अन्य सर्जरी के दौरान ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं, जिसमें मरीज के दिल और फेफड़ों की गति रुक जाती है अथवा उनकी क्रियाशीलता कम हो जाती है। ऐसे में समस्या आती है कि शरीर में हृदय और फेफड़ों के कारण चलने वाली प्रक्रियाओं को सामान्य स्थिति में किस तरह से रखा जाए। यहीं से शुरू होती है परफ्यूनिस्ट की भूमिका। ऐसे समय में परफ्यूनिस्ट आधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीज के शरीर में लगातार रक्त संचरण बनाए रखता है, ताकि सर्जरी के दौरान या बाद में भी शरीर में शुद्ध रक्त की और श्वसन प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचने वाली ऑक्सीजन की कमी न हो। परफ्यूनिस्ट बनने के लिए बायोलॉजी समूह से बी.एससी. होना आवश्यक है। उसके बाद ही आप परफ्यूशन टेक्नोलॉजी का पीजी डिप्लोमा करने के योग्य माने जाते हैं। परफ्यूशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। परफ्यूनिस्ट के पद पर नियुक्ति के लिए विभिन्न हॉस्पिटलों की ओर से समय-समय पर वेकेंसी निकलती रहती है। परफ्यूशन टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम निम्न संस्थानों में उपलब्ध है- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर। निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद। श्रीरामचंद्र यूनिवर्सिटी, चेन्नई। इनके अलावा भी कई मेडिकल कॉलेजों में यह पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

❍ मैं पंडित के रूप में भारतीय सेना में धर्म शिक्षक कैसे बन सकता हूँ?

- घनश्याम त्रिवेदी, ग्वालियर

● यदि आप पंडित के रूप में भारतीय सेना में धर्म शिक्षक बनना चाहते हैं तो

इस हेतु आपकी शैक्षणिक योग्यता संस्कृत में मध्यमा या हिन्दी में भूषण अथवा ग्रेजुएशन में मुख्य विषय संस्कृत या हिन्दी रहा हो। आयु सीमा 27 से 34 वर्ष के मध्य निर्धारित है। प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। लिखित परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होते हैं। पहले प्रश्नपत्र में सामान्य अध्ययन के प्रश्न पूछे जाते हैं, जबकि द्वितीय प्रश्नपत्र में उम्मीदवार ने जिस धर्म शिक्षक के लिए आवेदन किया है उस धर्म से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षा में सफल होने, शारीरिक मापदंड पूरा करने तथा प्रशिक्षण के उपरांत आप सेना में धर्म शिक्षक के रूप में जूनियर कमीशन ऑफिसर बन सकते हैं।

❍ गृह विज्ञान में ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद रोज़गार के क्या अवसर हैं?

- दीपा वर्मा, उज्जैन

● गृह विज्ञान विषय के रूप में एक विस्तृत और रोज़गार संभावनाओं से

युक्त अध्ययन क्षेत्र है। गृह विज्ञान विषय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर करने के उपरांत न केवल सरकारी/प्रायवेट नौकरियाँ हासिल की जा सकती हैं, बल्कि कई प्रकार के स्वरोज़गार भी शुरू किए जा सकते हैं। गृह विज्ञान में आप कॅरियर के चार क्षेत्रों का अध्ययन कर सकती हैं, जैसे फूड एंड न्यूट्रीशन, क्लॉथिंग एंड टेक्सटाइल, ह्यूमन डेवलपमेंट तथा फैमिली रिसोर्स मैनेजमेंट के क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करके इन्हीं क्षेत्रों में नियोजित हो सकती हैं। इसके अलावा आप बायोलॉजिकल केमिस्ट्री, बायोकेमिस्ट्री, एनॉटॉमी, साइकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, हेल्थ केयर एवं हाईजीन, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी आदि क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करके जॉब प्राप्त कर सकती हैं। गृह विज्ञान की पढ़ाई के बाद गृह विज्ञान पर आधारित लघु उद्योग की शुरुआत भी की जा सकती है। राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा समय-समय पर कई तरह की रिक्तियां प्रकाशित की जाती हैं, जिसमें केवल गृह विज्ञान की छात्राएं ही आवेदन कर सकती हैं। इसी प्रकार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भी रिक्तियां प्रकाशित करता है, जिसमें आवेदन के लिए गृह विज्ञान की किसी भी ब्रांच में ग्रेजुएट या पोस्टग्रेजुएट डिग्री होनी चाहिए।

❍ कार्टोग्राफी क्या है तथा इस क्षेत्र में कॅरियर की क्या संभावनाएं हैं?

- अमित बंसल, इंदौर

● कार्टोग्राफी के तहत अनुसंधान, अध्ययन-अध्यापन से जुड़े आंकड़ों का संग्रह, भूमिगत निरीक्षण, सर्वेक्षण और जनसंख्या या तापमान जैसे आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले मानचित्र शामिल हैं। इन्हें संपादित करने की कला ही कार्टोग्राफी कहलाती है। लंबे समय तक मानचित्र का प्रयोग समुद्री जहाज, विमानों के संचालन में या इसी प्रकार के कार्यों में किया जाता था,

लेकिन वर्तमान में इनका प्रयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। आज हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार के मानचित्रों की आवश्यकता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। एक कार्टोग्राफर का मुख्य उद्देश्य जटिल से जटिल तथ्यों को मानचित्र चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर उस विषय को अधिक स्पष्ट एवं सरल बनाना है। आधुनिक युग में कार्टोग्राफी में भी नई-नई तकनीक जैसे हवाई फोटोग्राफी, सुदूर संवेदन, इलेक्ट्रो कम्प्यूटर आदि का प्रयोग होने से इसका क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है और रोज़गार की भी नई संभावनाएं बढ़ी हैं। कार्टोग्राफी का महत्व बढ़ने के कारण विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने इससे संबंधित पाठ्यक्रम शुरू कर दिए हैं। इन पाठ्यक्रमों के तहत कार्टोग्राफी में डिप्लोमा करने के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में 50 फीसदी अंकों के साथ बैचलर डिग्री आवश्यक है। अर्थशास्त्र या भूगोल अथवा सांख्यिकी में स्नातकोत्तर अभ्यर्थी को इसमें वरीयता दी जाती है। डिप्लोमा व अनुभवी व्यक्ति के लिए कार्टोग्राफी में सरकारी व गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में कॅरियर के अनेक अवसर मौजूद हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी कार्टोग्राफरों की भारी मांग है। इतना ही नहीं, स्वरोज़गार के क्षेत्र में भी यह बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां व्यक्ति अच्छे दाम के साथ नाम भी कमाता है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा समय-समय पर कार्टोग्राफर हेतु रिक्तियां निकाली जाती हैं। इसके अलावा केंद्र तथा राज्य सरकारों के अंतर्गत जनगणना विभाग, भूमि सर्वेक्षण, नगरीय नियोजन तथा पर्यटन विभागों द्वारा ऐसे तकनीकी विशेषज्ञों को आकर्षक वेतन पर नियुक्त किया जाता है। कार्टोग्राफी से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम इन संस्थानों में उपलब्ध हैं-

- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली।
- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, उत्तरप्रदेश।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक पी. नरहरि, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।